सुप्रभात
रांची, रविवार
14.01.2024
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

khabarmantra.net | पौष, शुक्ल पक्ष, तृतीया संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 182 | 06

संक्राति से सूर्य हो जाता है उत्तरायण

न्यूज डायरी

नदी में बस गिरने से 12 यात्रियों की मौत

काठमांडू। नेपाल में बीती देर रात एक यात्री बस भालुवांग के निकट राप्ती नदी के पुल से नीचे नदी में गिर गयी। इस दुर्घटना में 12 लोगों की मौत हो गयी और 23 लोग घायल हो गये। पुलिस ने बताया कि मृतकों और घायल यात्रियों में कई भारतीय नागरिक भी शामिल हैं।

मुख्यमंत्री को समारोह में शामिल होने का आमंत्रण

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को कांके रोड स्थित सीएम के आवासीय कार्यालय में विकास आयुक्त अविनाश कुमार, खेल सचिव मनोज कुमार, खेल निदेशक सुशांत गौरव एवं हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने मुलाकात की। साथ ही एफआईएच हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर-2024 के समापन समारोह में सम्मिलित होने के लिए मुख्यमंत्री को मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम आने का आमंत्रण दिया।

भीषण अगलगी में 40 लाख के सामान खाक

चाकुलिया (पश्चिमी सिंहभूम)। चाकुलिया स्थित केरूकोचा के विशेष हाट बाजार में पटाखों में आग लग जाने से करीब 40 लाख के सामान जलकर खाक हो गये। जिसमें दर्जनभर से अधिक वाहन शामिल हैं। बता दें कि चाकुलिया स्थित केरूकोचा में हर मंगलवार को बड़ा बाजार लगता है। वहीं मकर संक्राति में हर साल बृहद स्तर पर विशेष बाजार सजते हैं। इस साल भी बाजार लगा था।

गहना आभूषण

सोना (बिक्री)	:	59,400 रु./10 ग्राम
चांदी	:	77,000 रु./प्रति किलो

तीसरी आंख

सीट शेयरिंग पर दिल्ली में कांग्रेस संग बैठक में बना फार्मूला

राज्य में झामुमो अधिक सीटों पर लड़ेगा लोकसभा चुनाव

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। झारखंड में लोकसभा की 14 सीटों पर इंडी गठबंधन दलों के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय करने पर शनिवार को दिल्ली में कांग्रेस और झामुमो के नेताओं के बीच बैठक में सहमति बन गयी। झामुमो इस बार अधिक सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़ा करेगा। सीट शेयरिंग का खुलासा रांची में गठबंधन दलों के साथ बैठक कर दिया जायेगा। करीब एक घंटे चली इस बैठक का मकसद ही झारखंड की जनता को भाजपा से मुक्ति दिलाना रहा है।

बैठक में कौन-कौन थे शामिल

दिल्ली में हुई बैठक में झामुमो की ओर से पार्टी के केंद्रीय उपाध्यक्ष और मंत्री चम्पई सोरेन, केंद्रीय महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्या, विनोद पांडेय और विधायक सुदिव्य कुमार सोनू शामिल थे। वहीं प्रदेश कांग्रेस की ओर से प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर एवं कांग्रेस विधायक दल के नेता सह मंत्री आलमगीर आलम शामिल थे। इसके अतिरिक्त कांग्रेस के केंद्रीय महासचिव मुकुल वासनिक, सलमान खुर्शीद, अशोक गहलौत और मोहन प्रकाश भी इस बैठक में उपस्थित रहे।

वार्ता सकारात्मक रही : झामुमो

बैठक के बाद झामुमो नेता सुप्रियो ने कहा कि कांग्रेस के साथ वार्ता सकारात्मक रही है। कांग्रेस और झामुमो के बीच सीट शेयरिंग का फॉर्मूला तय हो गया है। उन्होंने कहा कि गत 2019 के लोकसभा चुनाव में झारखंड में झामुमो जितने लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ा था, उससे अधिक सीट पर इस बार पार्टी के उम्मीदवार होंगे। उन्होंने इसका खुलासा नहीं किया कि झामुमो को कितनी सीटें मिली है। अन्य राज्यों के लिए कांग्रेस के नेतृत्व ने कहा है कि वहां की प्रदेश कमिटी से वार्ता कर आगे की जानकारी झामुमो को दी जायेगी।

रांची में होगा खुलासा : कांग्रेस

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि सीट शेयरिंग का खुलासा रांची में गठबंधन दलों के साथ बैठक कर दिया जायेगा। झारखंड की जनता के हित में चुनाव जीतने के लिए दोनों दल लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरेंगे और जीत दर्ज करेंगे। कांग्रेस विधायक दल के नेता आलमगीर आलम ने कहा कि सीटों की घोषणा सभी सहयोगी दलों से वार्ता हो जाने के बाद होगी। उन्होंने कहा कि बैठक में मूल रूप से चर्चा हुई कि किस किस सीट पर कौन मजबूत है। उन्होंने कहा कि अगले सप्ताह फिर मीटिंग होने की संभावना है।

नीतीश मुकरे, खड़गे के हाथ 'इंडिया' की कमान

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा चुनाव से पहले इंडी गठबंधन को लेकर बड़ी खबर आ रही है। नीतीश कुमार के संयोजक बनने से इनकार करने के बाद विपक्षी दलों ने अध्यक्ष पद के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम तय किया। शनिवार को इंडी गठबंधन की हुई वर्चुअल बैठक हुई, जिसमें नीतीश कुमार ने इंडिया गठबंधन का संयोजन बनने से इनकार कर दिया।

इसके बाद सभी दलों ने कांग्रेस नेता को संयोजक बनाने का प्रस्ताव लाया। श्री खड़गे के नाम पर सहमति बन गयी। खड़गे के नाम पर सहमति बन जाने के बाद विपक्षी दलों के नेताओं ने गठबंधन के विभिन्न पहलुओं और अप्रैल-मई में होने वाले लोकसभा चुनावों की तैयारियों पर भी चर्चा की। बैठक में तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी) और समाजवादी पार्टी के नेता बैठक में शामिल नहीं हुए।

सीट शेयरिंग पर पर्दा अब भी बरकरार

बैठक में सीट शेयरिंग को लेकर भी चर्चा की गयी, पर बैठक में इस समीकरण से पर्दा नहीं उठ पाया है। राजद प्रमुख लालू यादव और उनके बेटे तेजस्वी यादव, एनसीपी चीफ शरद पवार, दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल सहित कई और नेता भी शामिल हुए।

हॉकी क्वालिफायर मुकाबला

भारत अपने पहले ही मैच में अमेरिका से हारा

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। शनिवार को रांची के मोरहाबादी स्थित मरांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा एस्ट्रोटर्फ स्टेडियम में चल रहे एफआइएच महिला हॉकी ओलंपिक क्वालीफायर 2024 के अपने पहले मैच में भारतीय महिला हॉकी टीम को संयुक्त राज्य अमेरिका से हार का सामना करना पड़ा। अमेरिका ने एक गोल से यह मैच जीत लिया। इस हार के बाद भारत के लिए अब ग्रुप मैचों के दोनों मुकाबले जीतने जरूरी हो गये हैं। क्योंकि एक पूल की चार टीमों में से दो ही टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी और फाइनल के बाद टॉप की तीन टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेंगी।

इडी ने लिखा सीएम को पत्र, नहीं आने का कारण पूछा

एक सप्ताह में मांगा जवाब

रांची (खबर मन्त्र)। सीएम हेमंत सोरेन को इडी ने एक बार फिर पत्र भेजा है। इस पत्र में इडी ने पूछा है कि आखिर वे समन पर पूछताछ के लिए क्यों नहीं आ रहे हैं। इडी ने उन्हें एक हफ्ते के अंदर जवाब देने के लिए कहा है। हालांकि इडी द्वारा हेमंत को लिखे इस पत्र की फिलहाल आधिकारिक पुष्टि नहीं हो पायी। जानकारी के अनुसार इडी की तरफ से इस पत्र को आठवां समन माना जा रहा है।

पिता ही तुम्हारा भगवान, हर हाल में देना होगा गुजारा भत्ता

हाईकोर्ट ने महाभारत का उदाहरण देकर बेटे को दिया आदेश

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने अपने एक फैसले में आदेश दिया है कि बेटे को हर हाल में अपने बुजुर्ग पिता को गुजारे के लिए रकम देनी होगी। हाईकोर्ट ने कोडरमा की परिवार अदालत के उस फैसले पर मुहर लगायी, जिसमें बेटे को आदेश दिया गया था कि उसे अपने पिता को हर महीने 3000 रुपये बतौर भरण-पोषण देने होंगे। इस फैसले के खिलाफ मनोज नाम के शख्स ने हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।

अपने फैसले में अदालत ने कहा है कि यदि आपके माता-पिता आश्वस्त हैं, तो आप भी आश्वस्त महसूस करते हैं। यदि वे दुखी हैं, तो भी आप दुखी महसूस करेंगे। माता-पिता बीज हैं, तो आप पौधा हैं। आपको अपने माता-पिता की अच्छाई और बुराई दोनों विरासत में मिलती है।

एक व्यक्ति पर जन्म लेने के कारण कुछ ऋण होते हैं, जिसमें पिता और माता का ऋण भी शामिल होता है। जिसे हमें चुकाना होता है। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस सुभास चांद की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई।

हाइकोर्ट ने दी ये दलील : जस्टिस सुभाष चांद ने अपने आदेश में महाभारत के यक्ष और युधिष्ठिर के बीच हुई बातचीत का भी जिक्र किया है। **(शेष पेज 11 पर)**

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान आज से, जश्न का माहौल

प्रसाद में मिलेंगे रामरज, मंदिर का फोटो व मोतीचूर के लड्डू

अयोध्या राम मंदिर
रामलला आ रहे हैं...

एजेंसी

अयोध्या। भगवान राम के मंदिर की रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अब सिर्फ सप्ताह भर का समय शेष है। सभी तैयारियां युद्धस्तर पर जारी हैं। रविवार से अयोध्या में अनुष्ठान शुरू होने हैं। प्राण प्रतिष्ठा प्रोग्राम के बाद श्रद्धालुओं और मेहमानों को प्रसाद के रूप में मंदिर की खुदाई में निकली रामरज, मोतीचूर के लड्डू और राम मंदिर की फोटो दी जायेगी। देशभर से कई हजार विशिष्ट अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। उनके स्वागत के लिए भी बेहतरीन इंतजाम हैं। अयोध्या से वापस जाते समय अतिथियों को श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की ओर से उक्त उपहार दिये जायेंगे।

मेहमानों को मिलेगा विशेष उपहार : 22 को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आये मेहमानों को रामरज भेंट की जायेगी। राम मंदिर नींव की खुदाई के दौरान निकली राम जन्मभूमि की मिट्टी को बक्सों में पैक कर मेहमानों को दिया जायेगा। पीएम मोदी को जूट के थैले में पैक राम मंदिर की 15 मीटर की तस्वीर दी जायेगी। **(शेष पेज 11 पर)**

44 क्विंटल लड्डू का लगेगा भोग

पहले भगवान राम लला को चांदी की थाल में भोग लगाया जायेगा। भोग लगने के बाद मेहमानों उनको ये प्रसाद दिया जायेगा। वहीं जो राम भक्त दर्शन आयेंगे उनको भी प्रसाद वितरित किया जायेगा। देवरहा बाबा की प्रेरणा थी कि 1 हजार 111 मन लड्डू का भोग लगाना है। 44 क्विंटल लड्डू का भोग रामलला को लगेगा।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी।
डाकबंगला रोड, खूँटी, पिन नं: 835210
ई-मेल: eercdkhunti-jhr@nic.in

पत्रांक : 60 दिनांक: 12.01.2024

अति अल्पकालीन Quotation (उद्धरण) आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड, राँची के पत्रांक 5542(S) दिनांक 11.12.2023 के आलोक में कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी के अन्तर्गत चल रहे कार्यों के पर्यवेक्षण हेतु मासिक किराये पर बोलेरो नियो (Bolero Neo) या समकक्ष 01 अदद की आपूर्ति हेतु दिनांक 20.01.2024 के अपराह्न 3.00 बजे तक दर हेतु Quotation (उद्धरण) मुहरबंद लिफाफे में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, जो दिनांक 20.01.2024 को ही अपराह्न 3.00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में उद्धरणकर्ता / उनके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति के समक्ष उपस्थिति / अनुपस्थिति में खोला जायेगा।

उद्धरणकर्ता द्वारा उद्धृत दर वाहन चालक एवं सभी कर सहित होगा।
उद्धरण की शर्तें कार्यालय एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखी जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
PR 316020 Road(23-24)D पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, खूँटी।

कार्यालयः-असैनिक शल्य चिकित्सक -सह-मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी।

सूचना सं0 – 125 दिनांक – 12.01.2024

अल्पकालीन पुर्न निविदा आमंत्रण सूचना

सदर अस्पताल, खूँटी एवं सर्जेन्ट के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों/कार्यालयों के लिए स्टेशनरी, विधुत सामग्री एवं विविध सामग्री के आपूर्ति हेतु मूल्य निर्धारण/क्रय हेतु निबंधित निर्माताओं या उनके अधिकृत आपूर्तिकर्त्ता /एजेंसी / प्रतिष्ठानों जिनकी आर्थिक स्थिति सक्षम हो से निबंधित डाक / स्पीड पोस्ट से मुहरबंद पुर्न निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. निविदा प्राप्ति करने का स्थान एवं पता :- सिविल सर्जन कार्यालय,खूँटी।
2. निविदा प्राप्ति करने की अंतिम तिथि :- दिनांक 24.01.2024 को संध्या 05.00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :- दिनांक 25.01.2024 को अपराह्न 01.00 बजे।
4. निविदा खोलने का स्थान :- अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।

निर्धारित तिथि एवं समय के बाद प्राप्त निविदा स्वीकार्य नहीं होगा। निविदा के सभी ब्यौरे तथा शर्तें सहित निविदा विवरणी सिविल सर्जन कार्यालय, खूँटी के सूचना पट्ट एवं खूँटी जिले के अधिकृत वेबसाईट http:// Khunti.nic.in पर देखा जा सकता है।

असैनिक शल्य चिकित्सक –सह– मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, खूँटी।
PR 316093 (Health Med Edu and Family Welfare) 23-24 (D)

कार्यालय- जिला कृषि पदाधिकारी- सह- परियोजना निदेशक ''आत्मा'' गढ़वा

सूचना

बिरसा किसान रथ

सरकार के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग द्वारा "बिरसा किसान रथ" का परिचालन कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण "आत्मा" के माध्यम से दिनांक 16.01.2024 से प्रारम्भ की जा रही है। "बिरसा किसान रथ" गढ़वा जिला अन्तर्गत पंचायत स्तर पर भ्रमण कर कृषक बन्धुओं को सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं जैसे जैविक खेती, जल प्रबंधन, यांत्रिकरण, किसान क्रेडिट कार्ड, मृदा स्वास्थ्य, पशुओं का टीकाकरण आदि का प्रचार-प्रसार कर जानकारी उपलब्ध करायेगा।

बिरसा किसान रथ डिजिटल रथ है जो गढ़वा जिला के विभिन्न प्रखण्डों के ग्रामीण क्षेत्र में दस दिनों तक कृषि वैज्ञानिकों, पदाधिकारियों, प्रसार कर्मियों, प्रगतिशील कृषकों के साथ जन–जन तक खेती संबंधित तकनीकी समस्याओं का समाधान, योजनाओं की जानकारी आदि को पहुँचाने हेतु परिभ्रमण करेंगे। कृषक बन्धु से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में भाग ले। अधिक जानकारी के लिए संबंधित प्रखण्ड के BTM/ATM प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी एवं जिला कृषि पदाधिकारी, गढ़वा से सम्पर्क करे।

जिला कृषि पदाधिकारी–सह– परियोजना निदेशक "आत्मा" गढ़वा
PR 316047 Agriculture (23-24)_D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
रामगढ़ थाना के सामने, गांधीचौक, रामगढ़ कैन्ट, जिला–रामगढ़, झारखण्ड– 829122

अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–06वर्ष 2023–24 दिनांक–12/01/2024

1.	विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता,पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
2.	परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि	दिनांक 24.01.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
3.	निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय	दिनांक 25.01.2024 को 03.00 बजे अपराह्न तक।
4.	निविदा खोलने की तिथि एवं समय	दिनांक 25.01.2024 को 03.30 बजे अपराह्न से।
5.	परिमाणविपत्र की बिक्री की स्थान	1. मुख्य अभियंता (या०), पथ निर्माण विभाग,अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता,पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता,पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।
6.	निविदाप्राप्ति एवं खोलने का स्थान	1. मुख्य अभियंता(या०), पथ निर्माण विभाग,अभियंत्रण छात्रावास सं०–2, धुर्वा, झारखण्ड, राँची 2. अधीक्षण अभियंता,पथ निर्माण विभाग,पथ अंचल, हजारीबाग। 3. कार्यपालक अभियंता,पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमण्डल, रामगढ़।

7. कार्य की विवरणीनिम्नवत् है :-

क्र० सं०	अंचल का नाम	प्रमण्डल का नाम	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि (लाख में)	अग्रधन की राशि (रूपये में)	परिमाणविपत्र का मूल्य (रूपये में)	कार्यपूर्ण करने कासमय
1	2	3	4	5	6	7	8
1	हजारीबाग	रामगढ़	Repairing &Furnishing Work of Inspection Bunglow atNaisaraiunder Road Division, Ramgarh for the year 2023-24	35.00	70,000/-	5,000/-	45 (पैंतालीस) दिन

- निविदा की शर्तेंकार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।
- प्राक्कलन की राशि घटने या बढ़ने पर अग्रधन एवं परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है।
- कार्य का परिमाण विपत्र के क्रय हेतु पथ निर्माण विभाग का निबन्धन प्रमाण–पत्र,GSTiN से संबंधित प्रमाण–पत्र की सुस्पष्ट छायाप्रति संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा परिमाण विपत्र निर्गत नहीं किया जायेगा।
- PWD कोड में संशोधन के फलस्वरुप 10 प्रतिशत न्यूनतमदर की अधिसीमा समाप्त कर दी गई है।

कार्यपालक अभियंता
प०नि०वि०पथ प्रमण्डलरामगढ़
PR 316066Road(23-24)#D

पुलिस उप-महानिरीक्षक-सह-प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

अति-अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट में संचालित पी0टी0सी0 के प्रशिक्षुओं को खाद्य सामग्री आपूर्ति एवं आवश्यक सामग्री को पूर्ति के लिए निम्न दुकानों को किराये पर आवंटन हेतु, इच्छुक व्यक्तियों से निविदा आमंत्रित किया जाता है।

क्र0सं0	निविदा जमा करने का अंतिम तिथि	निविदा खोलने की तिथि	
1.	21.01.2024 अपराह्न 05:00 बजे तक।	22.01.2024 पूर्वाह्न 10:00 बजे	D.D(Demand Draft) की राशि प्रत्येक दुकान के लिए उसके न्यूनतम् मासिक किराया का 05 गुणा होना चाहिए, जो "पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट" के नाम से देय होगा, जो निविदा के साथ समर्पित करना आवश्यक होगा।
क्र0सं0	दुकान का नाम	मासिक किराये की न्यूनतम राशि	
1.	दुध दुकान	2,750.00 रू0	
2.	पुलिस स्टोर	11,000.00 रू0	
3.	दर्जी दुकान	9,350.00 रू0	
4.	चिकेन / मटन / मछली / अंडा दुकान	30,250.00 रू0	
5.	सब्जी दुकान	27,500.00 रू0	
6.	राशन दुकान	27,500.00 रू0	
7.	सैलून दुकान	1,650.00 रू0	
8.	जूस दुकान	1,650.00 रू0	
9.	जेनरल स्टोर	3,300.00 रू0	

इच्छुक व्यक्तियों / दुकानदारों / भेंडरों से मुहर बंद सील लिफाफा में निविदा आमंत्रित किया जाता है। निविदादाता निर्धारित समय सीमा के अन्दर पुलिस उप–महानिरीक्षक–सह–प्राचार्य का कार्यालय, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट के पद नाम से सील बंद लिफाफा में हाथों–हाथ, निबंधित डाक या दूत के माध्यम से निविदा समर्पित करेंगे, जिसमें जिस दुकान को लेना चाहेंगे उस दुकान का नाम एवं प्रति माह मासिक किराया अंकित करेंगे। निविदा खोलने के समय निविदादाता अपना पैन कार्ड / आधार कार्ड / जी0एस0टी0 के साथ, जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट ट्रेनिंग ब्लॉक के कॉन्फ्रेंस हॉल में उपस्थित होंगे।

शर्तें :–

1. अधिकतम् राशि अंकित करने वाले व्यक्तियों को दुकान आवंटन की जायेगी।
2. दुकान का किराया, दुकान आवंटन के तिथि से लागू होगा। प्रशिक्षुओं को 20 दिन से अधिक प्रशिक्षण केन्द्र से बाहर रहने पर उस माह का किराया नही लगेगा।
3. केन्द्र / राज्य सरकार द्वारा प्रतिबंधित सामान, नशीले पदार्थ, पॉलीथीन आदि का उपयोग नहीं किया जाएगा।
4. दुकान संचालन से संबंधित सरकार की नीति–निर्देशों का पालन करना होगा।
5. आवंटित दुकान की आवश्यकता इस संस्थान को होगी तो अल्प अवधि में (एक माह के अन्दर) दुकान खाली करना होगा।
6. दुकान का मासिक किराया प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में इस संस्थान के लेखा शाखा (बचत खाता) में जमा करना होगा, इस तिथि के बाद प्रत्येक माह 500 / – (पाँच सौ) रूपये का विलम्ब शुल्क देना होगा तथा लगातार दो माह किराया नहीं देने पर आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। बकाया किराया की वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
7. जिनका दुकान आवंटन किया जाएगा उनका D.D अग्रिम सुरक्षा राशि के रूप में कार्यालय द्वारा रख ली जाएगी और जिनका दुकान आवंटन नहीं होगा उनका D.D वापस कर दी जाएगी।
8. इस आवंटन के कारण भविष्य में दुकान बरकरार रखने या संचालन के संबंध में किसी न्यायालय में दावा नही किया जाएगा।
9. अधोहस्ताक्षरी द्वारा समय–समय पर निर्गत आदेशों / निर्देशों का पालन करना आवश्यक होगा।
10. यदि किसी कारण आप दुकान चलाना नहीं चाहेंगे या सक्षम नहीं होंगे तो आवंटन रद्द करने हेतु आवेदन एक माह पूर्व जमा करना होगा और भविष्य में आपको दुकान आवंटन नहीं किया जाएगा।
11. विक्रय सामग्री स्थानीय बाजार दर से अधिक नहीं होनी चाहिए। बिल औचक निरीक्षण के क्रम में स्थानीय बाजार दर से अधिक दर पाये जाने पर समिति द्वारा तत्काल प्रभाव से दुकान आवंटन रद्द करने एवं उसी किराये के राशि पर दुसरे दुकानदार / भेंडर को दुकान आवंटन करने हेतु वरीय पदाधिकारी के पास अनुशंसा कर दी जाएगी।
12. बिक्री किये जाने वाले सामग्रियों की गुणवत्ता उच्च कोटी की होनी चाहिए। समाप्ति तिथि (Expiry Date) वाल सामग्रियों की विक्रय करना सख्त वर्जित है।
13. दुकान में संबंधित विक्रय सामग्री की बिक्री MRP मूल्य से ज्यादा नहीं होना चाहिए एवं बिक्री के पश्चात GST विपत्र देना सुनिश्चित करेगें।
14. दुकान, आवंटन की तिथि से 01 वर्ष तक के लिए आवंटन किया जायेगा।

पुलिस उपाधीक्षक–सह–अध्यक्ष,
दुकान नीलामी समिति,
जंगल वारफेयर स्कूल, नेतरहाट

PR 315972 Home, Prison And Disaster Management (23-24)_D

मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना के लिए 169 ग्रामीण रूट चिह्नित

रांची। मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना 2022 के क्रियान्वयन के लिए 169 ग्रामीण रूटों का चयन कर लिया गया है। परिवहन विभाग ने सभी सुझाव व आपत्तियों का निराकरण करते हुए ग्राम गाड़ी योजना के लिए दुमका, पाकुड़, कोडरमा, तिलैया, बरही, बोकारो, धनबाद, गिरिडीह, देवघर, गढ़वा, चाइबासा, चक्रधरपुर के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्रामीण बस परिचालन के लिए रूट तय किया है। सर्वाधिक रूट दुमका जिले में चिह्नित किए गये हैं। सीएम ग्राम गाड़ी योजना से फिलहाल कम से कम 100 बसों के परिचालन का प्रयास चल रहा है। सरकार इसके लिए अनुदान भी देगी। साथ ही स्थानीय लोगों को स्वरोजगार मिले और संबंधित क्षेत्र के लोगों को आवागमन की सुविधा हो, इसके लिए इस योजना को शुरू किया गया है। यह प्रयास हो रहा है कि जल्द ही सारी प्रक्रिया पूरी कर ग्रामीण बस सेवा प्रारंभ की जाये।

आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई कोर्ट ने सुनाई है सजा

बंधु तिर्की की सजा के खिलाफ दायर याचिका की सुनवाई से जस्टिस ने खुद को किया अलग

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। आय से अधिक संपत्ति मामले में सजायाफ्ता पूर्व मंत्री बंधु तिर्की की ओर से सीबीआई कोर्ट द्वारा सुनाई गई सजा के खिलाफ दायर क्रिमिनल अपील को हाईकोर्ट के जस्टिस रत्नाकर भेंगरा की कोर्ट ने इसे सुनने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने इस अपील को दूसरे सक्षम बेंच के बीच भेजने का निर्देश दिया है। वहीं दूसरी ओर हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में मामले में रांची की सीबीआई की विशेष अदालत से लोअर कोर्ट रिकॉर्ड (एलसीआर) आ चुका है।

दरअसल, सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने 28 मार्च 2022 को बंधु तिर्की को दोषी करार देते हुए तीन साल की सजा सुनाई थी। साथ ही उन पर 3 लाख रुपये जुमार्ना भी लगाया था। जुमार्ने की राशि अदा नहीं करने पर उन्हें 6 महीने की अतिरिक्त सजा भुगतने का निर्देश दिया था। सीबीआई की विशेष अदालत ने 6 लाख 28 हजार आय से अधिक रुपये अर्जित करने के मामले में बंधु तिर्की को सजा सुनाई थी।

सीबीआइ ने बंधु तिर्की के खिलाफ पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा कांड में 11 अगस्त 2010 को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में आरसी 5/ 2010 दर्ज की थी। 16 जनवरी 2019 को आरोप गठित किया गया था। मामले में सीबीआई की ओर से सीबीआई के तत्कालीन एसपी सह मामले के जांच अधिकारी पीके पाणिग्रही एवं रांची के तत्कालीन डीसी राजीव अरुण एक्का समेत 21 गवाही दर्ज कराई गई थी जबकि बचाव पक्ष की ओर से पांच गवाही दर्ज कराई गई थी।

टीपीसी सदस्य बिंदु गंझू की जमानत याचिका खारिज

टेरर फंडिंग से जुड़ा मनी लॉन्ड्रिंग मामला

खबर मन्त्र संवाददाता

रांची। टेरर फंडिंग से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले में तृतीय प्रस्तुति कमेटी के सदस्य बिनेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू की जमानत याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में कोर्ट ने बिनेश्वर गंझू की जमानत याचिका खारिज कर दी। मामले को लेकर ईडी ने बिनेश्वर गंझू के खिलाफ ईसीआईआर 1/2021 दर्ज किया है। आरोप है कि बिनेश्वर गंझू ने टेरर फंडिंग के पैसे से हाईवा गाड़ी खरीदी है। ईडी ने उसके खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है। मामले में बिनेश्वर गंझू उर्फ बिंदु गंझू सहित तीन लोगों के खिलाफ ईडी ने आरोप पत्र दाखिल किया। प्रार्थी का कहना है कि उसने जो भी वाहन खरीदा है, बैंक से लोन लेकर खरीदा है, हाईवा खरीदने में टेरर फंडिंग का कोई पैसा नहीं है। बताया जाता है कि बिनेश्वर गंझू चतरा के टंडवा स्थित मगध आम्रपाली कोल परियोजना में लोडिंग- अनलोडिंग का कार्य करता है।

मिशन 2024 में मीडिया विभाग की भूमिका होगी महत्वपूर्ण : बाबूलाल

राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने मीडिया विभाग को दिए कई टिप्स

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर भाजपा ने प्रदेश मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया। पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में चार सत्रों में हुई कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने मीडिया विभाग के पदाधिकारियों को कई टिप्स दिये। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के मद्देनजर मीडिया विभाग का रोल महत्वपूर्ण है। विभाग अपने अस्त्र-शस्त्र के साथ तैयार रहें। पदाधिकारियों को तथ्यपरक बातों से हेमंत सरकार की नाकामियों को उजागर करना है। जेएमएम और कांग्रेस गलत तथ्य देकर लोगों को गुमराह करती रही है। इसे उजागर करना मीडिया विभाग का कार्य है।

पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाएं : कर्मवीर सिंह

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह ने कहा कि पार्टी के वैचारिक योगदान के साथ आगे बढ़ना है। पार्टी लाइन को ध्यान में रख अपनी बात रखनी है। तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अपनी बातें रखनी चाहिए। तार्किक बातों से प्रभाव छोड़ा जा सकता है। 2024 चुनाव में मीडिया की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।

313 कल्याणकारी योजना से जनता को अवगत कराना है : जफर इस्लाम

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता जफर इस्लाम ने कहा कि मीडिया विभाग पार्टी की एंबेसडर की तरह है। हमें हेमंत सरकार की प्लांटेड स्टोरी पर मजबूती से पक्ष रखना होगा। सरकार की नाकामियों को सामने लाना हमारा दायित्व है। सरकार की सभी योजनाओं की मानिटरिंग करते हुए पार्टी का पक्ष रखना होगा। उन्होंने कहा कि हमें मोदी सरकार के 313 कल्याणकारी योजनाओं को भी जनता के समक्ष रखना होगा।

खबर एक नजर में

आजसू नेता रामचंद्र सहिस की माता के निधन पर शोक

रांची। आजसू पार्टी के प्रधान महासचिव सचिव रामचंद्र सहिस की माता लक्ष्मी सहिस का शनिवार को निधन हो गया। वे 82 साल की थीं। उनका दाह संस्कार जमशेदपुर में मानगो के पास स्वर्णरेखा घाट पर किया गया। शव यात्रा में पार्टी के सैकड़ों नेता, कार्यकर्ता व समर्थक शामिल हुए। इससे पहले कई नेताओं ने उनके आवास पर पहुंच कर श्रद्धांजलि दी और शोक प्रकट किया। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने शोक संदेश में कहा है कि दुख की इस घड़ी में पार्टी सहिस जी के साथ है। पार्टी के सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, पूर्व मंत्री उमाकांत रजक, विधायक लंबोदर महतो, सुनिता चौधरी, केंद्रीय उपाध्यक्ष हसन अंसारी, महासचिव राजेंद्र मेहता, रौशनलाल चौधरी समेत अन्य कई नेताओं ने भी दुख प्रकट किया है।

ओबीसी आरक्षण के साथ निकाय चुनाव की मांग

रांची। राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने शनिवार को दिल्ली स्थित झारखंड भवन में मंत्री आलमगीर आलम एवं बन्ना गुप्ता से मुलाकात कर, ओबीसी को आरक्षण देने के बाद ही प्रदेश में शहरी नगर निकाय करवाने का मांग पत्र सौंपा। इस मके पर नेताओं ने मांग पूर्ति का आश्वासन दिया। मांग पत्र में राजेश गुप्ता ने कहा है कि राष्ट्रीय ओबीसी मोर्चा आपसे मांग करती है कि ट्रिपल टेस्ट कराने और ओबीसी को आरक्षण देने के बाद ही शहरी निकाय का चुनाव सरकार कराएं। यदि जरूरत पड़े तो सरकार समय की मांग के लिए न्यायालय का दरवाजा खटखटाए। श्री गुप्ता ने कहा है कि सरकार जल्द से जल्द राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों की नियुक्ति की प्रक्रिया भी पूरी कराये, जिससे ट्रिपल टेस्ट का रास्ता साफ हो सके। झारखंड भवन में प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, केशव महतो कमलेश, रमा खलको को भी मांग पत्र सौंपा।

रेलवे दुर्घटना में दावेदार घटना की तारीख से भुगतान होने तक ब्याज सहित मुआवजा का हकदार : हाईकोर्ट

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने ट्रेन से गिरकर मरने वाले हर व्यक्ति के परिजनों द्वारा मुआवजा में वृद्धि को लेकर दायर अपील को स्वीकार करते हुए कहा कि रेलवे दुर्घटना से जुड़े मुआवजा मामलों में दावेदार घटना की तारीख से ही रेलवे प्रशासन से भुगतान तक ब्याज के साथ मुआवजा प्राप्त करने का हकदार होगा। कोर्ट ने दुर्घटना की तारीख से भुगतान की तारीख तक साधारण ब्याज 6 प्रतिशत से बढ़ाकर 9 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया।

ट्रिब्यूनल के आदेश से असंतुष्ट थे अपीलकर्ता : प्रतिमा देवी ने रेलवे दावा न्यायाधिकरण अधिनियम, 1987 की धारा 23 के तहत हाईकोर्ट में अपील दायर की थी। अपीलकर्ता रेलवे दावा न्यायाधिकरण द्वारा जारी आदेश से असंतुष्ट थे। दुर्घटनावश ट्रेन से गिरकर शंख नाथ दुबे की मौत मामले में ट्रिब्यूनल ने अपीलकर्ताओं को 8 लाख की मुआवजा राशि देने का आदेश दिया था। इसके अलावा ट्रिब्यूनल ने 8 लाख की राशि पर 6 प्रतिशत की दर से ब्याज भुगतान का आदेश दिया था। इसके लिए 17 मार्च 2021 निर्धारित की गयी थी।

रेलवे ने कोर्ट में दी दलील : रेलवे की ओर से तर्क दिया गया कि घटना 25/26 फरवरी 2018 को हुई थी, लेकिन ट्रिब्यूनल में केस 2 अगस्त 2019 को दर्ज हुआ था, इसलिए अपीलकर्ता घटना तिथि से ब्याज के हकदार नहीं है। कोर्ट ने कहा कि न्यायाधिकरण ने नियमों के अनुसार मुआवजे की अधिकतम राशि दी है, लेकिन दुर्घटना की तारीख से देरी की माफी की तारीख तक ब्याज रोकना कानून के तहत उचित नहीं है।

राहुल गांधी की न्याय यात्रा के लिए छत्तीसगढ़ से मणिपुर के लिए पैदल निकला युवक, कांग्रेस ने कराई आगे की व्यवस्था

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी आज 14 जनवरी 2024 से यात्रा शुरू करने वाले हैं। राहुल गांधी की यात्रा का नाम इस बार भारत जोड़ो न्याय यात्रा रखा गया है। मणिपुर से मुम्बई तक की इस 66 दिनों की यात्रा के आरंभ से ही शामिल होने के लिए एक युवक यशवंत छत्तीसगढ़ से मणिपुर के लिए 6 जनवरी को अपने घर से निकला है। खास बात यह है कि छत्तीसगढ़ जिले के कबीरधाम जिले के पंडरिया तहसील के थाना कुंडा के प्राणखेड़ा गांव के रहने वाले यशवंत माणिक पुरी का कांग्रेस से दूर-दूर तक कोई नाता नहीं रहा है। वह तो चाय बेचते हैं।

राहुल गांधी की विचारधारा से प्रभावित हैं यशवंतः छह दिनों की पैदल यात्रा कर छत्तीसगढ़ से रांची पहुंचे यशवंत ने बताया है कि जिस तरह से राहुल गांधी नफरत की जगह आपसी प्रेम और मोहब्बत की बात करते हैं, उनकी मुहिम को ताकत देने के लिए वह अपने घर से निकले हैं। यशवंत ने झारखंड कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेसियों ने किए गए सम्मान और मदद के प्रति आभार जताते हुए कहा कि भगवान पर भरोसा कर वह अपने घर से निकले थे। उसे विश्वास है कि वह राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के आरंभ वाले दिन राहुल गांधी से मिल पाएंगे।

मणिपुर तक यात्रा के लिए करायी टिकट की व्यवस्था

झारखंड कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा के दौरान उनके नेता राहुल गांधी ने कहा था कि हम नफरत के बाजार में मोहब्बत की दुकान खोलने निकले हैं। यही भारत जोड़ो यात्रा की सफलता है कि छत्तीसगढ़ का एक युवक जिसका कांग्रेस पार्टी से कोई सीधा नाता नहीं रहा है, वह मणिपुर के लिए इस उम्मीद में अपने घर से निकल पड़ा कि उसकी यात्रा से देश में प्रेम और भाईचारा बढ़ेगा। राहुल गांधी के प्रस्तावित भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान यशवंत जैसे युवाओं की सोच से राहुल गांधी की यात्रा के प्रति देशवासियों के जोश और बढ़ेगा।

नक्सल गतिविधियां रोकने और अपराधियों की जेल बदलने को लेकर आइजी ने की बैठक

कमजोर पड़े नक्सलियों को मजबूत होने न दें : आइजी

खबर मन्त्र ब्यूरो

रांची। लोकसभा चुनाव से पहले नक्सल गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए शनिवार को रांची रेंज के आईजी अखिलेश झा ने अपने रेंज के सभी डीआईजी और आठ जिलों के पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की। बैठक में लोकसभा चुनाव से नक्सल गतिविधियों पर ब्रेक लगाने, संगठित आपराधिक गिरोह के खिलाफ कार्रवाई और अफीम तस्करी के खिलाफ नकेल कसने को लेकर रणनीति तैयार की गई।

आईजी अखिलेश झा ने लोकसभा चुनाव को लेकर रांची, जमशेदपुर, गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा, खूंटी, चाईबासा और सरायकेला खरसावां जिले के एसएसपी और एसपी को सबसे पहले नक्सली वारदातों पर ब्रेक लगाने की हिदायत दी है। आईजी के अनुसार चाईबासा में फिलहाल नक्सली एक पॉकेट में जमा हैं जबकि खूंटी, रांची, गुमला, लोहरदगा और जमशेदपुर में वे बेहद कमजोर पड़ चुके हैं। ऐसे में जो नक्सली संगठन दोबारा ताकतवर होने की कोशिश कर रहे हैं, उन पर नकेल कसने के लिए जिलों के एसपी को बड़े अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है।

जेल में बंद कई कुख्यात के जेल बदले जायेंगे

विभिन्न जेलों में बंद कुछ कुख्यात अपराधी और उग्रवादियों के बारे में भी सूचना साझा की गई। यह वैसे उग्रवादी और अपराधी हैं जो जेल से रहकर ही अपना सल्तनत चला रहे हैं। ऐसे उग्रवादी और अपराधियों को दूसरे जेलों में शिफ्ट करने की तैयारी की जा रही है।

पड़ोसी राज्यों से समन्वय स्थापित करे

रांची रेंज में पड़ने वाले कुछ प्रमुख जिले रांची, गुमला, सिमडेगा, चाईबासा, जमशेदपुर और सरायकेला–खरसावां में से कई जिलों की सीमा पश्चिम बंगाल, ओड़िशा और छत्तीसगढ़ से लगती है। पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह पड़ोसी राज्यों से समन्वय स्थापित कर नक्सल, अवैध हथियार, ड्रग्स और दूसरे तरह की तस्करी पर रोक लगाने के लिए अभियान चलाएं।

जेलों में बंद नक्सली-अपराधी पर नजर

पुलिस को यह सूचना मिली है कि जेल में बंद कुछ बड़े नक्सली और अपराधी जेल के अंदर से ही अपने संगठन का विस्तार कर रहे हैं और रंगदारी के लिए धमकी भरे कॉल के साथ–साथ रंगदारी नहीं देने वालों पर हमला भी करवा रहे हैं। रांची रेंज के सभी पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह ऐसे अपराधी और नक्सली नेताओं को चिन्हित करें जरूरत हो तो उनके खिलाफ जेल ट्रांसफर का प्रस्ताव भी पारित करवाएं। वहीं जेल से बाहर निकलकर जो उग्रवादी और अपराधी दोबारा अपराध की दुनिया में काम कर रहे हैं उन पर भी नकेल कसने की हिदायत दी गई है।

अफीम के खिलाफ कार्रवाई जोरदार हो

गौरतलब है कि रांची रेंज में पड़ने वाले खूंटी, रांची, गुमला और लोहरदगा में बड़े पैमाने पर अफीम की खेती होने की सूचना मिली है। सभी पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया गया है कि वह सूचना का सत्यापन कर अफीम के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करें। जिस किसी इलाके में अफीम की खेती होने की सूचना मिल रही है वहां बुलडोजर और ट्रैक्टर से अफीम की खेती को नष्ट करवाएं। अफीम के खिलाफ कार्रवाई के लिए जल्द ही रांची रेंज के आईजी और डीआईजी थाना स्तर पर भी हो रही कार्रवाई का जायजा लेंगे। इसके लिए आईजी और डीआईजी खुद थानों तक पहुंचेंगे।

गोपाल मैदान में बिखरा जमशेदपुर विंटर कार्निवाल का चटख रंग

बोफोर्स तोप और भारतीय सेना के असलहों की प्रदर्शनी देख रोमांचित हो रहे बच्चे और युवा, चर्चित बोफोर्स तोप को देखना न भूलें

चर्चित बोफोर्स तोप को देखना न भूलें

कार्निवाल में आर्मी का चर्चित बोफोर्स तोप आकर्षण का केंद्र बना।

जरा हम भी हाथ अजमाते है...

आर्मी के एक आधुनिक असलहे को अजमाती एक युवती।

हम भी क्यों पीछे रहे...

आर्मी के एक आधुनिक गन पर हाथ अजमाती एक महिला।

घाघीडीह सेंट्रल जेल के कैदी हैं बेहद हुनरमंद

घाघीडीह सेंट्रल जेल के कैदियों द्वारा बुने गए वस्त्र, परिधान, झोला, स्टेसनरी का बिक्री स्टॉल का दृश्य। यहां शहरवासी कैदियों की उत्पादन दक्षता को मुक्त कंठ से सराह रहे हैं।

स्पीड न्यूज

कदमा में निकली राम लला की भव्य शोभा यात्रा

जय जय महाकाल सेवा संघ के संरक्षक नीरज सिंह ने की अगुवाई

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। शनिवार को जय महाकाल सेवा संघ, जमशेदपुर के द्वारा प्रभु श्री राम लला जी की एक कदमा में ऐतिहासिक भव्य शोभा यात्रा एक शाम प्रभु श्री राम के नाम का आयोजन कदमा के गणेश पूजा मैदान से रामनगर काली मंदिर चौक तक आयोजित किया गया। यह शोभा यात्रा शुरूआत रंकिणी मंदिर में पूजा अर्चना के साथ शुरू हुई। यह शोभा यात्रा सह झांकी कदमा गणेश पूजा मैदान से शुरू हुई जो की रंकिणी मंदिर चौक, कदमा बाजार, उलियान होते हुए रामनगर काली मंदिर में समाप्त हुई। यह शोभा यात्रा का आयोजन 550 वर्षों के बाद आगामी 22 जनवरी को अयोध्या में राम जन्म भूमि पर बने प्रभु श्री राम के भव्य मंदिर में होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के लिए लोगों को जाजरुक करने के उद्देश्य से किया गया। आज के इस शोभा यात्रा में खुली जीप पर 06 दिसंबर 1992 में अयोध्या गए कार्य सेवक श्री राज किरण जी और प्रदीप कुमार भी मौजूद रहे। इस के शोभा यात्रा सह झांकी के 3 भव्य रथ पर पुरे राम दरबार की झांकी, दूसरे में प्रभु श्री राम के गुरुजन और तीसरे रथ में माता सीता के साथ लव - कुश विराजमान रहे। आज के इस झांकी में जामबंध जी, सुग्रीव जी, नल-नील, सीता जी के हरण के समय रावण से लड़ने वाले विशाल पक्षी जटायु जी, के साथ सिंदूरी हनुमान जी, 20 की संख्या में वानर सेना मौजूद रहे । इस झांकी में 8 फुट के हनुमान जी मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा लोगों ने इनके साथ बहुत उत्साह के साथ तस्वीर ली। इस झांकी में 11 घोड़े की झांकी भी साथ चली जिसमें प्रभु श्री राम जी की सेना के कपड़ों में लोग बैठे थे । शोभा यात्रा में दो ट्रेलर में श्री राम मंदिर की झांकी भी साथ साथ चली। यात्रा के दौरान बाल विलास गणपति, झारखण्ड क्षत्रिय संघ, श्री प्रजापिता ब्रम्हाकुमारी, उलियान बजरंग अखाडा, गीता भवन, शीतला मंदिर उलियान चौक, बंग समाज के द्वारा इस शोभा यात्रा का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की गयी और झांकी के आयोजक जय महाकाल सेवा संघ के मुख्य संरक्षक नीरज सिंह का स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान पड़ने वाले सभी मंदिरों में रूक कर नीरज सिंह ने पूजा अर्चन की गयी। उलियान चौक के समीप बने शहीद निर्मानल महतो जी की प्रतिमा पर नीरज सिंह ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस शोभा यात्रा में हजारों की संख्या में महिला, युवक और कदम के वरिष्ठ जान शामिल हुए। नीरज सिंह ने बताया की इस शोभा यात्रा को कदम के लोगों का आपार समर्थन मिला है और प्रभु श्री राम के इस यत्र में लोगों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया है। यात्रा के दौरान सभी लोग बहुत ही संयमित तरीके से रहे और यात्रा को नाचते गाते गंतव्य तक पहुंचे। आज के इस यात्रा में आये हुए लोगों के लिए पिने के लिए सुद्ध पेयजल, चाय और जलपान की भी व्यवस्था की गयी थी। इस शोभा यात्रा के साथ साथ एक आपातकालीन स्थिति को देखते हुए एक एम्बुलेंस की भी व्यवस्था की गयी थी । नीरज सिंह ने जिला प्रशासन को भी आभार वयक्त करते हुए कहा की इनके ओर से पूरा सहयोग मिला है खुद कदमा के थानेदार अपनी पूरी बल के साथ पुरे यात्रा के दौरान मौजूद रहे।

हर हर महादेव ने ग्रामीण क्षेत्र में जरुरतमंदों के बीच बांटे कंबल

जमशेदपुर। हर महादेव सेवा संघ की ओर से कंबल वितरण जारी रखते हुए पांवड़ा, गोपालपुर, धर्मबहाल, मऊभंडार कासीदा, घाटशिला, नूतनगढ़, सरेंगशोल, जोडशोल, बांस काटिया , कनोमहुली, उल्दा, घोसदा, आमदा, गिरिड, धालभूमगढ आदि ग्रामीण क्षेत्रों के जरूरतमंद बुजुर्गों एवं माताओं के बीच कंबल सेवा की गई। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि कंबल की सेवा जरूरतमंद बुजुर्गों के लिए है, इसका एकमात्र उद्देश्य है सेवा करना है। यह पुनीत कार्य सभी के स्नेह, सहयोग एवं आशीर्वाद से ही संभव है।

झामुमो ने महिला कार्यकर्ता के बीच बांटी साड़ी

जमशेदपुर। झारखंड मुक्ति मोर्चा पूर्वी सिंहभूम जिला संपर्क कार्यालय में हर वर्ष की भांति पार्टी के वरिष्ठ नेता सह आंदोलनकारी नेता राज लकड़ा के द्वारा टुसू पर्व के शुभ अवसर पर पार्टी की महिला मोर्चा की सभी महिलाओं को टुसू की शुभकामना देते हुए महिलाओं के बीच साड़ी देकर टुसू की शुभकामना दी। साथ ही पूर्वी सिंहभूम महिला मोर्चा की रजनी दास को जिला कोषाध्यक्ष बनाए जाने पर सांसद पूर्व सांसद ने बुके देकर बधाई दी तथा सभी को लड्डू खिलाकर मुंह मीठा करवाया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शेख बदरुद्दीन पूर्व सांसद सुमन महतो महावीर मुर्मू राज लकड़ा अरुण प्रसाद गुरमीत सिंह गिल कालू गोराई राजकुमार राकेश राव उमा कांत झा पम्मी सिंह अब्दुल बारी मोहमद समद महिला मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष रजनी दास सविता दास झरनापाल पूजा कौर तथा महिलाएं उपस्थित थी।

गरीबों को कंबल वितरण किया गया

जमशेदपुर। समाज सेवा की भावना हो तो समाज में को बेसहारा नहीं रहेगा,जो सामर्थ है वे लोग गरीबो की मदद के लिए आगे आते हैं गरीबी का कोई पैमाना नहीं होता है जिससे नापा जा सके। गरीबों की मदद के लिए आगे आयें हिंद आईटीआई संस्थान और अखिल विश्व गायत्री परिवार की ओर से कम्बल वितरण का आयोजन किया गया जिसके मुख्य अतिथि डॉ राजेंद्र भारती, कोल्हान के रजिस्ट्रार विश्व विद्यालय और डॉ. विनय कुमार सिंह और अखिल विश्व गायत्री परिवार के सदस्य शामिल थे इसके इलावा हिंद आईटीआई के निदेशक और नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर डॉ ताहिर हुसैन और राबिया सिद्दीकी प्रबंधन फरहीन रशीद, अब्दुल मनान ने कार्यकर्म को सफलता पूर्वक कार्य में सहयोग दिया।

सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फामेर्सी एवं लायंस क्लब ने किया कंबल वितरण

जमशेदपुर। सरदार पटेल कॉलेज ऑफ फामेर्सी/नर्सिंग एवं लायंस क्लब के सौजन्य से पटमदा में गरीब असहाय एवं जरूरतमंद लोगों के बीच नि:शुल्क कम्बल एवं मकर पर्व को लेकर चूड़ा, मुड़ी एवं लाई का वितरण किया गया। संस्थान के चेयरमैन उपेन्द्र प्रसाद ने कहा अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करते हुए इस संस्थान के द्वारा समय-समय पर निशुल्क मेडिकल कैंप का भी आयोजन किया जाता है। इस मौके पर सजय सिंह, पुरेन्दु सरकार, आरती सिंह, धर्मेंद्र सिंह, शिला, परमेश्वर सिंह आदि मौजूद थे।

डीएलसी की अनुमति मिलते ही चुनाव कमेटी की घोषणा होगी : संजीव चौधरी

जमशेदपुर। शनिवार को टीम टुन्नू की बैठक यूनियन में संध्या समय हुई, जिसमें सभी कमेटी मेंबर भाइयों को टाटा वर्कर्स यूनियन की अंतिम कार्यकारिणी बैठक में शामिल होने के लिए और चुनाव के एजेंडा को कंफर्म करने के लिए धन्यवाद दिया गया। गौरतलब हो की चुनाव संबंधी पहली नोटिस आज टाटा स्टील जमशेदपुर के हर कैंटीन और नोटिस बोर्ड पर लगा दी गई है और इस तरह टाटा वर्कर्स यूनियन के चुनाव का आगाज हो चुका है। अध्यक्ष टाटा वर्कर्स यूनियन संजीव कुमार चौधरी ने सभी यूनियन सदस्यों को यह भरोसा दिलाया कि इस बार का चुनाव भी परंपरागत तरीके से स्वच्छ, निष्पक्ष एवं पारदर्शी कराया जाएगा। डीएलसी के द्वारा अनुमति प्राप्त होने के बाद जल्दी ही आरओ चुनाव एवं 6 मेंबर के चुनाव के तिथि की घोषणा की जाएगी। सभी से आग्रह किया गया कि इस चुनाव की प्रक्रिया में भाग लें और इमानदार, कर्मठ और मजदूर हितों के प्रति गंभीर व्यक्ति को वोट देकर अपने क्षेत्र से विजयी बनाएं और यूनियन को मजबूत करें।

टाटा स्टील के हर विभाग में चुनाव की नोटिस चस्पा

स्वच्छता सर्वेक्षण में 43वां रैंक, चिंता की बात : सरयू राय

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। स्वच्छता सर्वेक्षण में जमशेदपुर का स्थान 2021 में 12वां और 2022 में 18वां से पिछड़कर 2023 में 43वां पर चला जाना चिंता का विषय है। इसके कारणों की समीक्षा होनी चाहिए और जमशेदपुर के विकास, स्वच्छता और जनसुविधाओं के संबंध में एक एकीकृत योजना बनाने की जरूरत है। उक्त बातें विधायक सरयू राय ने संवाददाता सम्मेलन में कही। राय ने बताया कि यह बात मैंने विगत 9.1.2024 को जिला स्तरीय योजना चयन समिति की बैठक में रखा था। इस संबध में उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की 15वें वित्त आयोग की राशि से 28 करोड़ 16 लाख की लागत से 17 बड़ी और महत्वपूर्ण योजनाएं क्रियान्वित होंगी। साथ ही क्षेत्र की 191 सड़क परिवहन की योजनाएं और 334 नागरिक सुविधा की योजनाएं योजना चयन समिति की बैठक में रखा है, निधि उपलब्धता के आधार पर इनका क्रियान्वयन होगा। फिलहाल इस मद में 18 करोड़ 68 लाख रु. उपलब्ध है। मैं प्रयास करूंगा उपर्युक्त सड़क योजनाओं का प्राक्कलन तैयार हो जाए तो मैं सरकार पर इसकी संपूर्ण राशि की स्वीकृति के लिए दबाव डालूंगा।उल्लेखनीय है कि मेरे क्षेत्र में मेरे प्रयास से पथ निर्माण विभाग से अबतक 18 करोड़ की लागत की सड़क निर्माण के योजनाओं की स्वीकृति प्राप्त हुई है जिसके आधार पर इनका क्रियान्वयन हो रहा है। योजना चयन समिति की बैठक में मैंने दोहराया कि जमशेदपुर के विकास की योजनाएं एकीकृत होनी चाहिए, टुकड़े-टुकड़े में नहीं। मेरे क्षेत्र में बिहारी घाट से लेकर जिला स्कूल घाट तक नदी किनारे के विकास की करीब 2 हजार फीट लंबी योजनाएं स्वीकृत हुई हैं।

आंध्रा भक्त श्रीराम मंदिर बिष्टुपुर में 19 से 21 जनवरी को जुटेंगे देश-विदेश के ज्योतिष

खबर मन्त्र ब्यूरो

सम्मेलन के बारे में जानकारी देते प्रो एसके शास्त्री, मुरलीधर व अन्य।

जमशेदपुर। बिष्टुपुर स्थित आंध्रा भक्त श्रीराम मंदिर में 19 से 21 जनवरी तक 31 वां एशियाई ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन में देश-विदेश के कई ज्योतिष हिस्सा लेंगे। इस सम्मेलन में बांग्लादेश, नेपाल, श्रीलंका, मलेशिया, आस्ट्रेलिया, इटली और अमेरिका से ज्योतिष पधार रहे हैं। उक्त जानकारी बिष्टुपुर के एक होटल में ज्योतिष शिक्षण संस्थान के निदेशक ज्योतिषाचार्ज प्रो. एसके शास्त्री ने एक संवाददाता सम्मेलन में दी। संस्थान से संस्थापक प्रो. एस कुमार शास्त्री ने बताया कि सम्मेलन में कई ज्योतिषियों का महाजुटान होगा। इसमें ज्योतिष शास्त्र को पूर्ण मान-सम्मान के साथ देश-विदेश में प्रतिष्ठित करने पर चिंतन व मंथन किया जाएगा। सभी पारंपरिक शास्त्र, कृष्ण मूर्ति पद्धति, चिकित्सा ज्योतिष, संख्या तत्व और व्यावहारिक वास्तु शास्त्र पर अपनी बातों को रखेंगे। इसके अलावा शाम 5.30 बजे से रात 10 बजे तक निःशुल्क ज्योतिष परामर्श शिविर लगाया जाएगा। संवाददाता सम्मेलन में प्रो एस के शास्त्री के अलावा ज्योतिष डॉ तपन रॉय, राजेश भारती व संयोजक मुरलीधर केडिया व अन्य उपस्थित थे।

सोना देवी विवि में धूमधाम से मना राष्ट्रीय युवा दिवस

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सोना देवी विश्वविद्यालय, घाटशिला के प्रांगण में स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विवि के कुलाधिपति प्रभाकर सिंह, कुलपति डॉ जेपी मिश्रा और कुल सचिव डॉ गुलाब सिंह आजाद, प्रध्यापकगण और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अनसुया राय ने की। प्रभाकर सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि आज के युवाओं को निरंतर कुछ नया सीखने, अच्छा सीखने तथा अपने आप को अग्रसर रखने के लिए प्रोत्साहित किया। कुलपति डा जेपी मिश्रा ने अपने संबोधन में युवाओं को स्वामी विवेकानंद के जीवन और उनके विचारों से प्रेरणा लेने की अपील की। डॉ गुलाब सिंह आजाद ने छात्र-छात्राओं को सिर्फ अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरों के लिए भी जीने की सलाह दी।

किड्स इंटरनेशनल स्कूल में इंटर हाउस कराटे प्रतियोगिता संपन्न

खबर मन्त्र ब्यूरो

जमशेदपुर। सरायकेला-खरसांवा जिला अंतर्गत कपाली स्थित किड्स इंटरनेशनल स्कूल सीनियर विंग में गत शुक्रवार को इंटर हाउस कराटे प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें यूनिटी, करेज, लेगेसी और हार्मनी हाउस के बच्चो ने भाग लिया। इसमें शिहान सरजू राम, चीफ इंस्ट्रक्टर, झारखंड गोजू रियो कराटे डू एसोसिएशन, चीफ रेफरी के तौर पर मौजूद थे। स्कूल की प्रिंसिपल रुखसार आयशा ने चीफ रेफरी को मोमेंटो और टोकन ऑफ लव प्रस्तुत किया।साथ ही रेफरी सेंशेई मनोरंजन पुरुष्टि थे और जजेस के पैनल में संपई जय मुखी, संपई प्रीतम कुमार, संपई हया सुबुही, संपई मनीष दास मौजूद थे। रेफरी ने बच्चों को कराटे के अलग अलग रूल्स के बारे में बताया। स्कूल के स्पोर्ट्स कोऑर्डिनेटर एम. प्रशांत ने इस प्रतियोगिता को संचालित किया। स्कूल की प्रिंसिपल और चीफ रेफरी ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस मौके पर स्कूल की सभी अध्यापिकाएं मौजूद थे।

विनर्स लिस्ट :

जूनियर गर्ल्स कैटेगरी :
प्रथम आमना खान,द्वितीय प्रिया और तृतीय माहिरा रहीं।

सब जूनियर गर्ल्स कैटेगरी
प्रथम : हुमाइरा,द्वितीय अदीबा और तृतीय इसरा रहीं।
ज्वाइंट सामिया नाज

सीनियर गर्ल्स कैटेगरी
प्रथम तलत फात्मा
द्वितीय अर्शी फात्मा और तृतीय जहरा फातिमा रिजवी रहीं।

जूनियर बॉयज कैटेगरी
प्रथम मोहम्मद इब्राहिम, द्वितीय अरहम रहे।

सब जूनियर बॉयज कैटेगरी
प्रथम नबील,द्वितीय अबूजर शाहब खान, और तृतीय मोहम्मद अशाज

सीनियर बॉयज कैटेगरी
प्रथम एस के अतीब अनवर, द्वितीय कुणाल महतो और तृतीय अलकैस रहे।

खबर एक नजर में

दोमुहानी संगम महोत्सव में छउ नृत्य ,भजन संध्या में खूब झूमे श्रद्धालु भव्य गंगा आरती आज

जमशेदपुर। शनिवार को दोमुहानी संगम महोत्सव 2024 भव्य उद्घाटन समारोह हुआ। कार्यक्रम के उद्घाटनकर्ता के रूप में सांसद विद्युत वरण महतों, खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के सदस्य मनोज कुमार सिंह, जिला परिषद सदस्य कविता परमार, अयोध्या से पधारे हुए महंत श्री विश्वंभर दास महाराज जी, झारखंड क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह, हिंदू उत्सव समिति के संरक्षक शिव शंकर सिंह, कन्हैया सिंह एवं पूर्वी सिंहभूम जिला की सीडीपीओ दुर्गेश नंदनी, लघु उद्योग भारती से ज्ञान जयसवाल, कोल्हान के पूर्व डीआईजी राजीव रंजन, कोल्हान के पूर्व कमिश्नर विजय सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह ने किया। स्वागत भाषण सोनू ठाकुर ने दिया। पर्यावरण पर गोष्ठी में कविता परमार ने कहा कि पूरी दुनिया में सभ्यताओं का विकास जल स्रोत के निकट ही हुआ और इस शहर का भी निर्माण इस स्वर्णरेखा नदी के किनारे हुआ। बिना जल के जीवन की कल्पना ही नहीं कई जा सकती है। दोमुहानी संगम महोत्सव का यह प्रयास शायद लोगों की चेतना को जगाने का कार्य करेगा। मनोज सिंह ने कहा कि हमें पर्यावरण को नहीं हमें खुद को बचाने के लिए प्रयास करना है। गोष्ठी के पश्चात बहुत ही सुंदर छऊ नृत्य का मंचन किया गया। उसके पश्चात कार्यक्रम के ब्रैंड एंबेसडर पंडित अभिषेक पाठक को सम्मानित कर उनकी भी गायकी का आनंद शहरवासियों ने उठाया। तत्पश्चात कार्यक्रम के ब्रैंड एंबेसडर अरूण देव यादव को सम्मानित कर उनकी भी सुरीली आवाज ने पूरी जनता को झूमा दिया और समापन पुनः सोनू दुलरूआ ने अपने लोक गीत से किया।

बिष्टुपुर तुलसी भवन में दो दिवसीय प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन शुरु

जमशेदपुर। झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी महिला सम्मेलन के दो दिवसीय ग्यारहवा प्रांतीय अधिवेशन मंथन के प्रथम दिन शनिवार को जुगसलाई निवासी प्रभा पाडिया को 2026 से 2028 के लिय झारखंड प्रदेश मारवाड़ी महिला सम्मेलन का अध्यक्ष चुना गया। प्रभा पाडिया वर्तमान में झारखंड प्रदेश सचिव है। इससे पहले अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर अधिवेशन का शुभारंभ किया गया। तुलसी भवन बिष्टुपुर में प्रांतीय अध्यक्ष मंजू खंडेलवाल की अध्यक्षता में आयोजित हो रहे इस अधिवेशन में झारखंड के सभी जिलों से लगभग 250 से अधिक महिलाएं शामिल हुई हैं। कोषाध्यक्ष सुशीला खीरवाल ने आय-व्यय प्रस्तुत किया। मंच का सफल संचालन रानी अग्रवाल ने किया। मौके पर विविधा पत्रिका विमोचन मंच पर उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों एवं संपादिका सीमा जवानपुरिया एवं सुलभा अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल ने कहा कि महिलाओं को घर में ही नहीं समाज में भी सक्रिय होने की जरूरत हैं। समाजसेवा दिखावा के लिए नहीं, जमीनी स्तर पर करना चाहिए। मंदिरों में शौचालय बनवाने की जरूरत पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने घर-घर में शौचालय बनवा दिया लेकिन महिलाओं की सुविधा के लिए मंदिरों में शौचालय नहीं हैं। नेत्रदान एवं आई बैंक के लिए कलेक्शन सेंटर बनवाने हेतु स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से सहयोग मांगने की भी बात उन्होंने कही। प्री-वेडिंग फंक्शन और शादी में काकटेल पार्टी की परिपाटी को पुरी तरह से बंद करने के लिए मिलकर काम करने की जरूरत पर आहवान करते हुए उन्होंने आगे कहा कि प्री-वेडिंग जैसे कुरीतियों को समाज के पुरूषों को शुरूआत में ही आगे बढ़कर पहले ही रोकना चाहिए था। नीरा ने कहा कि संस्कृति और संस्कार बनाये रखने और समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए ईमानदारी से मिलकर काम करने की जरूरत हैं, केवल मंच से भाषण देने से नहीं होगा। गौ चारा और तुला दान ही नही गौशाला को आत्मनिर्भर बनाने के लिए काम करना चाहिए। सनातन को जिताने के लिए महिलाएं वोट जरूर दें। उन्होंने कहा कि भागवत कथा के दौरान कृष्ण रूकमणी विवाह प्रसंग के दौरान झूठी शादी नहीं कराकर समाजसेवा के तहत जरूरतमंद गरीब बेटी की शादी करानी चाहिए। मौके पर झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल ने महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्यो की प्रशंसा करते हुए राज्य और देश की दिशा बदलने के लिए महिलाओं को राजनीति में भी आगे आने को कहा। इस दौरान मच पर झारखंड प्रादेशिक मारवाड़ी सम्मेलन के अध्यक्ष बसंत मित्तल, राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरा बथवाल, राष्ट्रीय सचिव रूपा अग्रवाल, प्रांतीय सचिव प्रभा पाड़िया, जमशेदपुर शाखा अध्यक्ष बीना अग्रवाल, नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष मंजू बगड़िया (सत्र 2024-26) सहित पूर्व राष्ट्रीय मथा झारखंड प्रदेश अध्यक्ष उपस्थित थी। अंत में धन्यवाद ज्ञापन देते हुए डॉ रेणुका चौधरी ने दिया। मारवाड़ी समाज के स्वर्गवास हो चुके लोगों की आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखा गया। राष्ट्रीय गान के साथ पहले सत्र का समापन हुआ।

बिष्टुपुर में एसी लगाने के दौरान तीसरे तल्ले से गिरकर युवक की मौत, भदानी ट्रेड सेंटर में हादसा

मृतक आफताब आलम की फाइल फोटो। आफताब के शोकाकुल भाई।

जमशेदपुर। जमशेदपुर के बिष्टुपुर थाना अंतर्गत भादानी ट्रेड सेंटर में एसी लगाने के दौरान तीसरे तल्ले से गिरकर 31 वर्षीय आफताब आलम उर्फ राजा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद सहकर्मियों ने उसे तत्काल इलाज के लिए टीएमएच पहुंचाया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। आफताब कीताडीह मस्जिद के पास रहने वाला था। सहकर्मियों ने बताया कि वे लोग भादानी ट्रेड सेंटर के तीसरे तल्ले में एसी लगाने का काम कर रहे थे। आफताब ने सेफ्टी किट नही पहना था। इसी दौरान जिस जाली में वह खड़ा होकर काम कर रहा था वह टूट गया जिससे आफताब नीचे गिर पड़ा।

सेफ्टी को लेकर मालिक को किया था सचेत : मामले को लेकर सहकर्मी प्रकाश ने बताया कि वे लोग काम कर रहे थे। उन्होंने जाली देखकर मालिक को भी सचेत किया था पर मालिक ने इसे नजरंदाज कर दिया। जैसे ही आफताब काम करने के लिए जाली में चढ़ा वह जाली टूट गई जिससे आफताब नीचे गिर पड़ा। उसे टीएमएच लेकर पहुंचे जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

स्पीड न्यूज़

मृतक के परिजनों के साथ हमेशा रहेंगे खड़ा : विधायक डॉ शशिभूषण

नीलांबर पीतांबर पलामू। पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड नीलाम्बर पीताम्बरपुर के पंचायत कुंदरी के ग्राम कमल केडिया निवासी एवं कुंदरी पंचांयत के पुर्व मुखिया जितेंद्र शुक्ला के आकस्मिक मृत्यु की खबर सुनकर पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता उनके घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की। साथ ही दोनों के दाह संस्कार कार्यक्रम में भी शामिल हुए। उन्होंने घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए कहा कि उनके मृत आत्मा को ईश्वर शांति दें। वह हमेशा मृतक के परिजनों के साथ खड़ा हैं। परिजनों को हरसंभव सहायता भी किया जायेगा।

धनंजय सिंह हत्याकांड का आरोपी गुप्ता सिंह को आजीवन कारावास

मेदिनीनगर। विश्रामपुर थाना प्रभारी के नवगढ़ा के धनंजय सिंह हत्याकांड का नामजद आरोपी गुप्तेश्वर सिंह उर्फ गुप्ता सिंह को पलामू के न्यायालय द्वारा आजीवन कारावास व 50 हजार का आर्थिक दंड लगाया है। इस संबंध में बताया जाता है कि 10 नवंबर 2023 को नवगढ़ा के धनंजय सिंह शाम में अपने गांव के आम पेड़ के नीचे पुलिया पर गांव के अन्य लोगों के साथ बैठें हुए थे। जब वे घर जाने लगें तो आरोपी गुप्तेश्वर सिंह उर्फ गुप्ता सिंह ने पिस्टल से घटना के वादी धनंजय सिंह को गोली मारी दी। घायल धनंजय को घरवालों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया। इलाज के दौरान धनंजय घायलावस्था में पुलिस को फर्द बयान दिया गया। फर्दबयान देने के बाद वादी धनंजय सिंह की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बताया कि इस संबंध में घटना के अनुसंधानकर्ताओं पुलिस अवर निरीक्षक सावन खड़िया ने मामले का अनुसंधान करते हुए मामले को न्यायालय में प्रस्तुत किया। जुमार्ना की राशि नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है।

हैदरनगर में बिजली विभाग का शिविर 25 को : कनीय अभियंता

हुसैनाबाद (पलामू)। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के अवर विद्युत प्रमंडल जपला के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने कहा है कि हैदरनगर प्रखंड क्षेत्र के विद्युत उपभोक्ताओं का बिजली बिल जमा करने के लिए प्रत्येक माह के 26 तारीख को हैदरनगर के तिवारी कांप्लेक्स में शिविर लगाया जाएगा। गणतंत्र दिवस की वजह से यह शिविर 25 जनवरी को लगेगा। उन्होंने बताया कि विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं का भी समाधान शिविर में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पांच हजार रुपए से अधिक बकायादारों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। बकाएदार बिल का भुगतान नहीं करते है तो कनेक्शन काटने के साथ कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी समस्या है तो अपनी समस्या का शिविर में आकर समाधान करा सकते हैं।

छतरपुर : गणतंत्र दिवस मनाने को लेकर एसडीओ ने की बैठक

छतरपुर पलामू। अनुमंडल कार्यालय में शनिवार को गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अनुमंडल पदाधिकारी हिरा कुमार ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से झंडोतोलन का समय सारणी तय किया गया। वहीं गणतंत्र दिवस के मौके पर प्रशासन एकादश और पत्रकार एकादश के बीच फैंसी क्रिकेट मैच हाई स्कूल के मैदान में खेले जाने का निर्णय लिया गया। अनुमंडल मुख्यालय में प्रथम बार संध्या बेला में संस्कृति कार्यक्रम प्रखंड परिसर में किया जाएगा। बैठक में छतरपुर बीडीओ नित्यानंद प्रसाद, हरिहरगंज बीडीओ राजेश एक्का, नौडीहा बाजार सीओ संजय यादव, कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो, बिससूत्री अध्यक्ष गोपाल सिंह, बिस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा, बीससूत्री सदस्य मुस्ताक आलम, फिरदौस आलम, जितेंद्र कुमार, सुजीत कुमार वनपर, आंगनबाड़ी सेविका कलावती देवी, नजीर आनंद कुमार, रमेश सिंह, तनु कुमार समेत सभी मीडियाकर्मी लोग उपस्थित थे।

मुखिया संघ ने नवपदस्थापित बीडीओ का स्वागत किया

हरिहरगंज पलामू। हरिहरगंज प्रखंड मुखिया संघ के द्वारा शुक्रवार को नवपदस्थापित बीडीओ राजेश एक्का को शाल तथा बुके देकर स्वागत किया गया। बीडीओ का स्वागत करते हुए मुखिया संघ अध्यक्ष संदीप कुमार ने आशा जताई कि नवपदस्थापित बीडीओ के नेतृत्व में प्रखंड क्षेत्र का चतुर्मुखी विकास होगा। इस अवसर पर मुखिया विनय कुमार सिंह, काजल कुमारी, जितेंद्र पासवान, उषा देवी, कमला देवी, सनोज गुप्ता, सहित कई लोग उपस्थित थे।

भाजपा नेता ने श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के लिए घर-घर जाकर दिया निमंत्रण

हरिहरगंज पलामू। शनिवार को भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य विनोद कुमार सिंह अभियान में शामिल होकर प्रखंड क्षेत्र के शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के सतगावां, सियरभूका, पुणाडीह, घाघरा, खड़गपुर, सेमरवार, कटैया, सरसोत, ढकचा, कोवाखोह, सलैया, कोकरो, सुलतानी सहित तीन दर्जन गांवों में जाकर पूजित अक्षत निमंत्रण पत्र एवं श्रीराम मंदिर का चित्र भेंट कर लोगों को आमंत्रित किया तथा पत्रक बांटे गए। मौके पर मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, मुना विपकर्मा, रौशन सिंह, सन्नी गुप्ता, सांसद प्रतिनिधि अरूण मिश्रा, सतेन्द्र मेहता, टंटू मिश्रा, चंदन जायसवाल, रघुनंदन साव, सनोज गुप्ता, अंबुज सिंह, विक्की पटेल, चंदन प्रजापति, सिकंदर पासवान, अरूण कुमार, करण राजवार, धनंजय सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

मजदूरों ने दो वर्षों से बकाया मजदूरी का भुगतान करने की मांग की

हरिहरगंज पलामू। मजदूरों ने कार्यपालक पदाधिकारी को आवेदन देकर नगर पंचायत क्षेत्र में वर्ष 2020-21 में हुए सफाई कार्य का बकाया मजदूरी भुगतान करने की मांग की है। मजदूरों ने बताया कि तत्कालीन कार्यपालक पदाधिकारी जयप्रकाश नारायण तथा सीटी मिशन मैनेजर राकेश कुमार सिंह के निर्देश पर वार्ड संख्या 1 से 16 तक सफाई, झाड़ी कटाई तथा नाली सफाई का कार्य किया गया था। परंतु फंड नहीं रहने की बात कह कर 93 श्रमिकों का मजदूरी अभी तक नहीं मिला है इस संबंध में कार्यपालक पदाधिकारी यामुन रविदास ने सिटी मैनेजर निजामुद्दीन अंसारी को का बकाया मजदूरी भुगतान करने का निर्देश दिया। मांग करने वालों में मुरारी प्रजापति, ललन डोम, राहुल कुमार, गांधी डोम, रविंद्र राम, प्रमोद डोम, अनरवा देवी, संगीता देवी, मिथिलेश राम, मानमती देवी, मरियम बीबी, मुन्नी देवी, पंकज पासवान, रीतादेवी, गीता देवी, कलावती देवी सहित श्रमिक शामिल हैं।

असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण

मोहम्मदगंज। उत्तर कोयल परियोजना उवि परिसर में संस्था जगत-जननी माँ महामैत्राणिनी योगनी जी के निर्वाण दिवस पर प्रेरणा परमार्थ आश्रम प्रयागराज, उत्तर प्रदेश की रेहला इकाई ने दो सौ जरूरतमंद व असहाय लोगो के बीच कंबल का वितरण किया। अध्यक्षता रंजीत कुमार सिंह व संचालन अमित कुमार उर्फ बाबुल ने किया। कार्यक्रम में कामेश्वर प्रसाद कुशवाहा, महेंद्र प्रसाद सिंह, कपिलदेव सिंह ने अपने विचार व्यक्त किए। मौके पर मुखिया कमला देवी, ममता देवी, एसआई आशीष कुमार, अशोक सिंह, नीरज सिंह, मिस्टर सिंह, शेरू सिंह, मुन्ना सिंह, मिथलेश सिंह, पवन पाठक, अजित दीक्षित, पप्पू सिंह, रोशन कुमार, पांचू राजवार, हरिहर मेहता समेत कई लोग उपस्थित थे।

उजाड़ने से पहले बसाने का काम करे नगर निगम : अरुणा शंकर

खबर मन्त्र संवाददाता

कई परिवार को भूखे सोना पड़ेगा

मेदिनीनगर। नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने इस कड़ाके की ठंड में जगह-जगह पर गरीबों को एंक्रोचमेंट के नाम पर उजाड़े जाने को दुखद बताया है। प्रथम महापौर ने कहा कि एंक्रोचमेंट को मैं भी गलत मानती हूं लेकिन गरीबों को उजाड़ने से पहले प्रशासन को बसाने की पहल भी करनी चाहिए वरना कितना परिवार को भूखे सोना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में वेंडर जोन के लिए 3.5 करोड़ की राशि मंगवाई है जो अभी भी निगम में पड़ा है, जिससे स्टेट बस डिपो के बगल में खाली पड़ी भूमि, पूरन चंद सेतु से पहले टैक्सी स्टैंड, बड़ा तालाब के बगल में 60 डिसमिल भूमि जिसका वेंडर जोन बनाने हेतु नक्शा भी निगम में तैयार है। उपरोक्त सभी भूमि वेंडर जोन हेतु चिन्हित कर छोड़ा हूं सिर्फ टेंडर करना है। निगम वेंडर जोन बनाने की त्वरित कार्रवाई करे और फुटपाथ वेंडर को बसाने का काम करें।

नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड से सांसद व विधायक ने आठ लवकुश रथ को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया

अयोध्या में भारत ही नहीं पूरे विश्व की निगाहें टिकी है : सांसद बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता

नीलांबर पीतांबरपुर पलामू। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयास से अयोध्या में भगवान श्रीराम की भव्य मंदिर निर्माण के साथ प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होनेवाला है। इस पल को यादगार बनाने एवं पांकी विधानसभा क्षेत्र को इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से लिखे जाने का काम विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने एक अनूठा कार्य किया है। शनिवार को नीलांबर पीतांबरपुर प्रखंड के महाबीर मंदिर के प्रांगण से आठ लवकुश रथ को तैयार कर झारखंड से होते हुए अयोध्या के लिए रवाना किया गया। इन रथों को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पलामू सांसद बीडी राम, विधायक डॉ मेहता, पूर्व विधायक प्रतिनिधि लाल

आठ सौ वर्षों के बाद श्रीराम की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा हो रहा है : डॉ शशिभूषण

सूरज, जिलाध्यक्ष विजयानंद पाठक, प्रफुल्ल सिंह, समाजसेवी आरडी साहु व अन्य ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया। इसके पूर्व मंदिर परिसर में पूजा अर्चना की गई।सांसद बीडी राम ने कहा कि सनातन धर्म भगवान श्रीराम को माननेवाले लोग 22 जनवरी को उत्सुकता भरी माहौल से देख रहे हैं। उस दिन देश में एक बड़ा काम होने जा रहा है। जो संकल्प से सिद्धि की ओर जा रही है। उन्होंने विधायक शशिभूषण मेहता के इस कार्यक्रम को आयोजित करने के लिए बधाई दिया। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि भारत ही नहीं पूरे विश्व के हिंदुओं का सपना आठ सौ वर्षों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कारण पूरा होने जा रहा है। जिसका गवाह 22 जनवरी होगा। इस कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए आठ रथ को रवाना अयोध्या के लिए किया गया है। जो पलामू प्रमंडल होते हुए झारखंड का भ्रमण कर अयोध्या पहुंचेगा। विधायक ने सनातनी से आग्रह करते हुए कहा कि 22 जनवरी को पूजा पाठ करने के बाद घरों में दीपावली जैसा माहौल बनायें। मौके पर विभाकर पांडेय, योगेंद्र प्रसाद, संजय सोनी, पंकज मिश्रा, बच्चन ठाकुर, संजय चंद्रवंशी, अजीत गुप्ता, छोटेलाल सोनी, देवराज साव, रामचरितर सिंह, गोपाल यादव, विभाकर पांडेय, महेंद्र, सुनील पासवान, राकेश वर्मा समेत कई लोग शामिल थे।

पिछड़ा वर्ग को जनसंख्या के अनुसार सभी क्षेत्र में भागीदारी मिलनी चाहिए : ब्रह्मदेव प्रसाद

ओबीसी एकता एवं अधिकार मंच की हुई बैठक, प्रस्तावित महासम्मेलन की सफलता पर चर्चा

खबर मन्त्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित कौशल विकास भवन के सभागार में शनिवार को ओबीसी समाज की बैठक हुई। बैठक में बिश्रामपुर, पांडू, नावा बाजार और उंटारी रोड प्रखंड से काफी संख्या में पिछड़ा समाज के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता पूर्व विस प्रत्यासी सह वरीय समाजसेवी ब्रह्मदेव प्रसाद व संचालन संतोष गुप्ता ने किया। बैठक में पिछड़ा समाज के हक एवं राजनैतिक भागीदारी विषय पर चर्चा हुआ। इसके अलावा आगामी 15 जनवरी को प्रस्तावित महासम्मेलन की सफलता की रणनीति तय की गई। मौके पर पूर्व विस प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद ने कहा कि सबसे ज्यादा आबादी वाला पिछड़ा वर्ग परिवार आज हाशिये पर है। ओबीसी समाज को जनसंख्या के आधार पर हर क्षेत्र में उचित भागीदारी मिलना चाहिए। इसके लिए ओबीसी वर्ग को एकजुट होकर संघर्ष करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि ओबीसी समाज को एकसूत्र में बांधने हेतु ग्राम स्तर से लेकर राज्य स्तर तक जागरूकता अभियान चलाया जायेगा। इसके बाद समाज को गोलबंद करते हुए हक के लिए चरणबद्ध आंदोलन चलाया जायेगा। इसकी शुरूआत पलामू प्रमंडल से ही किया जायेगा। इसके लिए मंच के संयोजक मंडल द्वारा 16 जनवरी को पलामू व 18 जनवरी को गढ़वा से ओबीसी एकता एवं अधिकार यात्रा रथ यात्रा शुरू किया जायेगा। युगल पाल ने ओबीसी समाज को एकजुट होने का आह्वाहन किया। पूर्व विस प्रत्याशी अशर्फी चंद्रवंशी ने ओबीसी समाज के लोगों को संघर्ष हेतु तैयार रहने को कहा। पूर्व विस प्रत्याशी अशर्फी चंद्रवंशी ने भी ओबीसी समाज के लोगों से और अधिक छलने से बचने की अपील की। इस आयोजन में गढ़वा व पलामू प्रमंडल के सभी प्रखंड से आए पिछड़े वर्ग के नेताओं ने भी अपना विचार रखा। कामेश्वर प्रसाद गुप्ता, सोना देवी, रेखा गुप्ता, लोकगायक शिव चौधरी, विनोद कुमार, राजनारायण पटेल, विजय चंद्रवंशी, पूर्व जिप प्रत्याशी विनय चंद्रवंशी, भजन वर्मा, संजय मेहता, बृजनंदन मेहता, वीरेंद्र चंद्रवंशी, आनंद कुमार, शंकर विश्वकर्मा, कलीम अंसारी, पेंटर जिलानी, मुंशी गुप्ता, रेखा गुप्ता, शोभा देवी ने ज्वाला गुप्ता सहित कई लोगों ने अपना विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद मजमुदिन कादरी, अरुण यादव, गुलाब पाल, विंदेश्वरी पाल, अजय बर्मा सहित पिछड़ा समाज के विश्रामपुर विस के प्रतिनिधि समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

सड़क निर्माण से सुलभ होगा ग्रामीणों का आवागमन : बीडी राम

पाटन-छतरपुर विस के सड़क निर्माण के लिए निकली निविदा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। सांसद विष्णु दयाल राम के पहल पर पलामू संसदीय क्षेत्र अंतर्गत पाटन एवं छतरपुर प्रखण्ड के अंतर्गत कई सड़कों के निर्माण की अनुशंसा केन्द्रीय अवसंरचना निधि अंतर्गत सचिव पथ निर्माण विभाग, झारखण्ड के माध्यम से भारत सरकार से की गयी थी। सांसद राम ने कहा कि पाटन प्रखण्ड के डूरही से बासाबार (बढ़ईटोला) होते हुए चुड़ादोहीर तक पथ 07 किमी, छतरपुर प्रखण्ड के कुरकुट्टा मोड़ से कव्वल होते हुए बाधमारा तक पथ 07 कि0मी0,पाटन प्रखण्ड के पीडब्लूडी मुख्य से बरसौता-कांके-पाण्डेयपुरा-लोइंगा तक पथ 20 किमी, पाटन प्रखण्ड के तिसीबार से बुढ़ी-बुका-चेतमा-सरईडीह तक पथ (दो प्रखण्डों पाटन एवं नवडीहा बाजार को जोड़ने वाली सड़क) 25 किमी, छतरपुर प्रखण्ड के पीडब्लूडी पथ कुटियामोड़ से पाटन तक पथ (छतरपुर को पाटन को जोड़ने वाली पथ) 18 किमी शामिल है। सांसद ने कहा कि मेरे पत्र के आलोक में 8 जनवरी को उपरोक्त सड़कों का डीपीआर बनाने के लिए निविदा निकाल दी गयी है। शेष सड़कों के निर्माण की स्वीकृति भी शीघ्र प्राप्त होने वाली है। आशा है इन सड़कों के निर्माण के पश्चात पाटन-छतरपुर के लोगों के आवागमन में सुविधा होगी। इसकी जानकारी बीडी राम के निजी सचिव अलख दुबे ने दी।

परिवर्तन के लिए कार्यकर्ता जगे रहें : सुधा

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। जनता दल यूनाईटेड के जिलाध्यक्ष मनोज दूबे के अध्यक्षता में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन पूर्व मंत्री सुधा चौधरी के आवास पर किया गया। जहां पूर्व मंत्री ने पिकनिक पार्टी दी। सम्मेलन में पार्टी की मजबूती, बूथस्तर पर कमिटी गठित करने एवं आगामी लोकसभा व विधानसभा चुनावों पर चर्चा की गई। पूर्व मंत्री चौधरी ने कहा कि मुझे अपने कार्यकर्ताओं पर गर्व है। हमसभी के एक मात्र नेता नीतीश कुमार हैं। उनके नीति व सिद्धांत पर चलकर ही बिहार में जदयू बरगद की तरह विशाल पार्टी बनकर उभरी है उसी प्रकार हमें झारखंड में भी जदयू का तीर चलाना है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के प्रत्येक जनता के सुख दुख में सदैव लगी रहती हूं। उन्होंने कहा कि झारखंड समेत पूरे देश में जाति पार्टी को लेकर लोगों के बीच भ्रमजाल फैलाया जा रहा है जिसमें जनता फंसकर पछता रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को आगाह करते हुए कहा कि यदि कार्यकर्ता मन में ठान लें कि हमे निर्दलीय को जिताना है तो उसके अंदर इतनी क्षमता है कि निर्दलीय को जीता सकता है। कार्यकर्ता से पार्टी है ना कि पार्टी से कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि पाटन छतरपुर विधानसभा में रिमोट से संचालित जनप्रतिनिधि जनता का विकास नहीं कर सकते।

स्वास्थ्य सहिया और साथियों ने मानदेय को लेकर विधायक को सौंपा ज्ञापन

नीलांबर पीतांबर पलामू। नीलाम्बर पीताम्बरपुर प्रखंड के मौर्या फार्म हाउस में पांकी विधानसभा क्षेत्र के सभी प्रखंड के स्वास्थ्य सहिया एवं सहिया साथी दीदी ने अपने मांगों को लेकर पांकी विधायक डा शशिभूषण मेहता को ज्ञापन सौंपा। मौके पर सहिया सुनीता ने कहा कि सहियाएं अपने कार्य के प्रति गंभीर रहती है। लेकिन सरकार हमलोगों पर ध्यान नहीं दे रही है। सहियाओं का मानदेय के रूप में कुछ नहीं मिलता। सिर्फ प्रोत्साहन राशि ही मिलता है। उन्होंने विधायक से कहा कि पूर्व में भी ज्ञापन सौंपा गया था लेकिन कुछ भी नहीं हुआ। इस पर विधायक ने सहिया साथी को मांगों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। पांकी की सहिया सुषमा देवी ने कहा कि सहिया साथियों को मानदेय दिलायी जाये और एएनएक का दर्जा दिलाई जाये। विधायक को ज्ञापन सौंपनेवालों में सहिया ललिता देवी, प्रभा देवी, कांति देवी, लीलावती कुंवर, सुनीता देवी, मनातू प्रखंड के सहिया साथी सुनिता देवी, सत्यवंती देवी, सबीता देवी, गीता देवी, सुमित्रा देवी, डबरा रामानंद ग्राम के प्रभा देवी, कठौंधा की उषा देवी,पांकी प्रखंड के गीता सिन्हा, प्रतीमा कुमारी, आवंत देवी, पांकी सहिया गीता सिन्हा, जोतांग की प्रतिमा देवी आदि शामिल है।

भाजपा का देन था कि सुधा चौधरी विधानसभा पहुंची : निरंजन पासवान

मेदिनीनगर। भाजपा जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान ने कहा कि भाजपा का ही देन था कि सुधा चौधरी विधानसभा की मुंह देखी। उन्होंने कहा कि वर्ष 2009 में भाजपा जदयू गठबंधन से सुधा चौधरी को टिकट मिला था चुनाव प्रचार के समय बिहार से प्रभारी आए थे। जायजा लेने उनके बेलवाटिका आवास पर प्रभारी ने पूछा कि भाजपा के कार्यकर्ता चुनाव में काम कर रहे हैं। इस बात पर सुधा चौधरी ने कहा कि भाजपा के लोगो से हम उम्मीद नई रखे हैं। मेरा अपना टीम विधानसभा के प्रत्येक बूथ पर तन मन से काम कर रहे हैं। यह बात सुनने के बाद निरंजन पासवान ने प्रशुराम ओझा को जानकारी दिए थे। प्रशुराम ओझा ने निरंजन पासवान से कहा कि यह बात कही नही फैलाना है। नहीं तो चुनाव वह हार जायेगी। इस प्रकार बात को कहीं नई फैलाया गया था। नही तो सुमित्रा पासवान की तरह ये भी चुनाव हार जाती। सुमित्रा पासवान ने भी 2000 ई में जदयू गठबंधन से चुनाव लड़ रही थी। चुनाव कार्यालय पाटन में सुमित्रा पासवान ने भाजपा कार्यकर्ता को लफुवा बोल दी थी ये बात पूरे कार्यकर्ता में फैल गया था, जिससे चुनाव हार गई थी। इस प्रकार सुधा चौधरी के झांसा में जनता पड़ने वाला नहीं है।

पीडीएस दुकानों से लाभुकों के बीच दाल का वितरण

हरिहरगंज पलामू। प्रखंड क्षेत्र में स्थित सभी जन वितरण प्रणाली के दुकानों से कार्डधारियों को दाल भी मिलेगा। प्रभारी एमओ ब्रजेश कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लू बलराम, एनसीपी प्रखंड अध्यक्ष मनीष कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से दाल वितरण योजना का शुभारंभ किया। एमओ ने बताया कि राशन कार्डधारियों को पीडीएस दुकानों से प्रत्येक माह प्रति कार्ड एक किलो ग्राम दाल दिया जाएगा। इसके लिए कार्डधारक को एक रुपया भुगतान देना होगा। इस अवसर पर समाजसेवी लखन सिंह, पीडीएस दुकानदार बीनू जायसवाल, विनोद पासवान, किरण देवी, अनीता देवी, रेखा देवी सहित कई कार्डधारी उपस्थित थे।

रानी सोमवती कुमारी एजुकेशनल ट्रस्ट ने जरूरतमंदो के बीच कंबल व बच्चो के बीच पोशाक का किया वितरण

>> सभी सामर्थवान व्यक्ति को गरीबों के मदद हेतु आगे आना चाहिए : रागिनी सिंह

प्रतिनिधि

विश्रामपुर (पलामू)। विश्रामपुर राज परिवार के गढ़ परिसर में रानी सोमवती कुमारी एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा जरूरतमंदो के बीच 300 कंबल और पांच सौ बच्चों के बीच पोशाक का वितरण किया गया। कंबल और पोशाक का वितरण राज परिवार के राजा रंजित राय व रानी रागिनी राय ने किया। मौके पर रागिनी राय ने कहा कि हर गरीब के अंदर भगवान का वास होता है। इसलिए गरीबों की सेवा देव सेवा के समान माना गया है। उन्होंने कहा कि न तो देनेवाला बड़ा होता है और न ही लेनेवाला छोटा होता है। अपने सामर्थ के अनुसार सभी को गरीबों का हर संभव मदद करने का प्रयास करना चाहिए। मौके पर रंजित राय ने बताया कि मेरी पूज्य माता रानी सोमवती कुमारी के नाम से ट्रस्ट स्थापित कर पिछले कई वर्षों से हम लोगो का हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। इस ट्रस्ट के माध्यम से समाजसेवा को और विस्तारित किया जायेगा। मौके पर प्रोनजीत बोराल, चिंसु सिंह, रवीना कुमारी, नप के प्रथम अध्यक्ष देव नारायण सिंह, विजय कुमार रवि, पार्षद सुनील चौधरी, सुदेश चंद्रवंशी, दिलीप चंद्रवंशी, लल्लू बकरे, भोला भंडारी सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा द्वारा गर्म वस्त्र का किया गया वितरण

प्रतिनिधि विश्रामपुर (पलामू)। प्रयागराज प्रेरणा परमार्थ आश्रम के रेहला शाखा द्वारा मां मैत्रानी योगनी महा निर्वाण दिवस पर कधवन गांव में जरूरतमंद लोगों के बीच शनिवार को गर्म वस्त्र और कंबल का वितरण किया गया। वितरण समारोह की अध्यक्षता आश्रम के रेहला शाखा प्रमुख रंजित सिंह व संचालन अमित कुमार सिंह उर्फ बाबुल सिंह ने किया। गर्म और कंबल का वितरण जिला पार्षद विजय रविदास, युवराज सिंह व दुर्गेश सिंह ने किया। जिला पार्षद विजय रविदास ने कहा कि गरीबों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। मौके पर रामप्रेश सिंह, अरुण सिंह, अलखिलेश सिंह, मुन्ना सिंह, नीरज सिंह, मृत्युंजय सिंह, भोला भगत, रणधीर सिंह, राज सिंह, पप्पू सिंह, संजू सिंह सहित कई लोग मौजूद थे।

तेजधार हथियार से मारकर किया जख्मी

सतबरवा पलामू। सतबरवा थाना क्षेत्र के ताबर गांव में शनिवार को दो लोगों ने गांव के ही दो लोगों के द्वारा तेज धारदार हथियार से वार कर गंभीर रूप से जख्मी कर देने का आरोप लगाते हुए सतबरवा थाना में आवेदन दिया है। भुक्तभोगी की पत्नी असमीना खातून ने बताया कि शनिवार के सुबह 8:00 बजे के करीब मेरे पति काजिम मियां निजी जमीन पर शौचालय का निर्माण करा रहे थे। इसी बीच दोनों सगे भाई अब्दुल हक उर्फ राबो तथा सैदुल हसन पिता स्वर्गीय अली हसन गाली गलौज करते हुए निमार्णाधीन शौचालय के पास पहुंचे और दीवार को गिरा दिया। इस दौरान एक भाई ने तेज धारदार हथियार से प्रहार कर मेरे पति काजीम मियां और देवर जान मोहम्मद को जख्मी कर दिया। वहीं बीच बचाव करने पहुंचे एक और मजदूर को भी सिर में प्रहार करके गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ की बैठक संपन्न

पाटन पलामू। प्रखंड के सातवा पंचायत में विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ की बैठक संपन्न हुई। अध्यक्षता पाटन प्रखंड अध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा ने की। बैठक के विश्वकर्मा वैदिक महायज्ञ के अध्यक्ष सुरेंद्र विश्वकर्मा उपस्थित हुए। समाज की पलामू प्रभारी पिंकी विश्वकर्मा ने कहा कि यह यज्ञ ऐतिहासिक होगा और आपकी उपस्थिति गरिमामई होगी। सभी सपरिवार उपस्थित होकर यज्ञ को सफल बनायें। बैठक में जय शर्मा, प्रहलाद विश्वकर्मा, मिथिलेश शर्मा, मुकेश आदि मौजूद थे।

समय व निर्णय के समन्वय से मिलती है सफलता : अविनाश देव

संत मरियम विद्यालय के आवासीय परिसर में करियर गाइडेंस व काउंसलिग कार्यक्रम का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

मेदिनीनगर। संत मरियम आवासीय विद्यालय के परिसर में विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव के उपस्थित में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य एवं मार्गदर्शन के लिए शनिवार को करियर गाइडेंस व काउंसलिग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कैरियर काउंसलर ने बच्चों को आगे बढ़ने के लिए मार्गदर्शन दिया। जहां मार्गदर्शक के रूप में मौजूद पलामू में अलग-अलग विषयों का श्रेष्ठ शिक्षक आर. एन. सिंह, मो.अजीम, यू.एस. चौबे, प्रवीण दुबे मौजुद थे। मौके पर उपस्थित विद्यालय के चेयर मैन श्री देव ने बताया कि सपने एक दिन में पूरे नहीं होते उनके लिए निरंतर प्रयास करने पड़ते हैं। हमें यह तो पता है कि हमें क्या बनना है, लेकिन कैसे बनना यह मालूम नहीं है। बच्चों को बोर्ड परीक्षा की तैयारी से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि हम जब किसी समारोह में जाते हैं तो अपने आप को सजा-संवारकर जाते हैं। इसी प्रकार जब आप बोर्ड परीक्षा देते हैं, तो आपको पढ़ाई हुई चीजें भी आपके दिमाग में विशेष प्रकार से सुसज्जित होनी चाहिए। साथ ही इन्होंने बताया कि आप सौभाग्यशाली हैं कि आपकी काउंसलिग होती है और आप उसकी सहायता से अपना सर्वश्रेष्ठ क्षेत्र चुनाव कर सकते हैं, हमारे समय में ऐसा नहीं था। उन्होंने कहा कि करियर चुनाव से पहले कुछ फैक्टर का जानना अति आवश्यक है, जिनमें कारण, वेतन, इज्जत, जॉब सिक्योरिटी, प्लेजर टाइम, हेल्थ ईशू, आत्मविश्वास व परिस्थिति आदि शामिल हैं।

करियर काउंसलिंग में छात्रों को मिला मार्गदर्शन

कार्यक्रम में उपस्थित भौतिक विज्ञान के श्रेष्ठ शिक्षक आर एन सिंह ने छात्र छात्राओं को प्रेरणादायक सूत्र दिए, जिससे उनमें कुशलता और सीखने के प्रति रुचि उत्पन्न हो सके। वहीं, ग्रामीण अंचलों में शिक्षा को किस प्रकार और अधिक बेहतर बनाया जाए इसके प्रति जागरूक किया गया। रसायन विज्ञान के शिक्षक मोहम्मद नाजिम ने बताया कि कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य निर्धारित करना ही सफल छात्र के गुण होते है। बिना लक्ष्य के किसी भी कार्य में सफलता नहीं मिलती है। कार्यक्रम का समापन करते हुए प्रधानाचार्य कुमार आदर्श ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन व काउंसलिग में बताए गए बिंदुओं को अपनाकर जीवन सफल बनाने के लिए प्रयासरत रहने के लिए प्रेरित किया। इसी मौके पर उपस्थित यूएस चौबे, प्रवीण दुबे ने बताया कि बच्चों को कैरियर बनाने के टिप्सदिये। कार्यक्रम में छात्रावास अधीक्षक उत्कर्ष देव, अमृत कौर, रोशन कुमार, श्याम कुमार समेत समस्त कर्मी शामिल थे।

लुंबा सतबहिनी पंचायत के तीन गांवों में अभिमन्यु सिंह ने कंबल का किया वितरण

जनता ने मौका दिया तो क्षेत्र का विकास करके दिखायेंगे : युवा समाजसेवी अभिमन्यु

खबर मन्त्र संवाददाता

कंबल का वितरण करते अभिमन्यु सिंह उर्फ बबलू सिंह व अन्य।

उंटारी रोड पलामू। प्रखंड क्षेत्र के सतबहिनी पंचायत के नवगढ, रहनविगहा, शेकडिहा टोला तीनो गांवों में लगभग 700 असहायों के बीच शनिवार को कंबल का वितरण किया गया। कंबल का वितरण विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह उर्फ बब्लू सिंह ने अपने निजी खर्च से किया। उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा कि उंटारी रोड प्रखंड का यह इलाका काफी पिछड़ा हुआ है। यहां के लोग आज भी कई सुविधाएं से वंचित है। विगत कई वर्षो से लगातार दो विधायक ही इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किए लेकिन आज भी गांव की स्थिति ठीक नही है। पंद्रह वर्षों से लगातार आपके क्षेत्र में लोगों के सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहता हूं। उन्होंने कहा कि विधानसभा का प्रतिनिधित्व करने का मौका मिला तो आवास, पेंशन, सड़क बिजली सहित कई सुविधा को धरातल तक पहुंचाएंगे। मौके पर राहुल दुबे, अशोक बैठा, रघुवीर यादव, रामनरेश राम, रामनारायण मेहता, राजू प्रजापति, लाखदेव राम, गुड्डू यादव, जयकुश यादव, पपु, रोहित विश्वकर्मा, राकेश यादव, इदल यादव, विगन राम, एस कुमार यादव, गौरीशंकर शर्मा, कन्हैया यादव, प्रजा अंसारी, राजा अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे।

प्रधानमंत्री के हर्ल सिंदरी उद्घाटन को लेकर डीसी एसएसपी ने किया दौरा

खबर मन्त्र संवाददाता

सिंदरी। आगामी 27 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रस्तावित धनबाद आगमन को लेकर धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन सहित पूरी जिला प्रशासन की टीम ने हर्ल सिंदरी हैलीपैड, कल्याण केन्द्र और बलियापुर हवाई पट्टी का दौरा किया। इस आगमन के दौरान प्रधानमंत्री हर्ल सिंदरी खाद कारखाने का औपचारिक उद्घाटन करेंगे। धनबाद उपायुक्त ने बताया कि प्रधानमंत्री के प्रस्तावित आगमन और हर्ल सिंदरी के उद्घाटन को लेकर सिंदरी के

विभिन्न प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया जा रहा है। जगहों को चिन्हित किया जा रहा है। प्लांट की तैयारियों का जायजा लिया जा रहा है। हालांकि उन्होंने स्पष्ट नहीं बताया कि प्रधानमंत्री सिंदरी या बलियापुर में कहाँ उतरेंगे। सूचना के अनुसार जिला प्रशासन को प्रस्तावित दौरा की जानकारी प्राप्त हुई है। स्थलों का निरीक्षण कर वरीय अधिकारियों को सूचना दी जाएगी। हर्ल सिंदरी दौरा के दौरान धनबाद उपायुक्त वरुण रंजन, उप विकास आयुक्त शशि प्रकाश सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक हृदय पी जनार्दन, सिटी एसपी अजीत कुमार, ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी, डीएफओ विकास पालीवाल, एसडीपीओ सिंदरी अभिषेक कुमार, सिंदरी थाना प्रभारी प्रभात कुमार सिंह, हर्ल सिंदरी वाइस प्रेसिडेंट सुरेश प्रमाणिक, हर्ल सिंदरी एच आर हेड संत सिंह, एच आर विक्रान्त कुमार, एफसीआई सिंदरी संपदा अधिकारी देबदास अधिकारी सहित अन्य पुलिस दलबल मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र ने किया कंबल वितरण

कतरास। प्रज्वला महिला समिति सिजुआ क्षेत्र के तत्वावधान में शनिवार को शनि मंदिर करकेन्द एवं जगन्नाथ मंदिर बोकारो में जरुरत मंद महिला,पुरुष एवँ बच्चों के बीच 30 कंबल, 22 ऊनी साल, कुछ पुराने वस्त्र एवं चादर का वितरण किया गया। मौके पर महिला समिति के अध्यक्ष कोकुली राय,संगीता धुर्वे, बंदना केशरी, सुनीता राम, बबिता दास, बंदना विश्वकर्मा, अर्पणा चौधरी, माया सिंह, अनिता, नूतन जोशी उपस्थित थी।

रोटरी ने कुलियों के बीच किया कम्बल वितरण

बोकारो। रोटरी क्लब ऑफ बोकारो मिडटाउन कपल्स ओर से बोकारो रेलवे स्टेशन पर काम करने वाले सभी कुलियों के बीच कंबल वितरण किया गया। दयालुता के इस कार्य ने न केवल सर्द रातों में उन्हें गर्माहट प्रदान की बल्कि जरूरतमंद लोगों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डालने की रोटरी क्लब की प्रतिबद्धता को भी प्रदर्शित किया। रोटरी की अध्यक्ष अमीषा अग्रवाल ने कहा कि ये पूरी दुनिया का बोझ उठाते है पर इनकी ओर किसी का ध्यान नहीं जाता। हमने इनकी ओर रोटरी की तरफ से पहल की है। मौके पर मिनी कपूर सजन कपूर पुनीत दिव्या अनूप अग्रवाल कविता विकास जैन उमेश स्वाति, अलका राजा जैन रंजन आदि मौजूद रहे।

भोजन की बबार्दी रोकने हेतु डीवीसी का जागरूकता अभियान

बोकारो/चंद्रपुरा। डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र प्रबंधन द्वारा चंद्रपुरा शहर के आवासीय कॉलोनी अतिथि भवन प्लांट एरिया कैंटीन आदि क्षेत्रों में पोस्टर लगाकर खाना की बबार्दी पर रोक लगाने की अपील करते हुए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। भारत सरकार और डीवीसी प्रबंधन के निर्देश के तहत मिशन लाइफ को सफल बनाने के लिए स्टॉप फूड वेस्टेज के जागरूकता अभियान में प्रबंधक रविंद्र कुमार के अलावा संजीव कुमार रूपचंद सोरेन रामकुमार दुबे अजय कुमार सिंह विपद मांझी रवि सिंहा अमन टोपनो सुजीत कुमार आदि शामिल है।

छात्रों ने किया हर्ल सिंदरी का शैक्षणिक भ्रमण

सिंदरी। मदर टेरेसा हाई स्कूल सिंदरी के 30 छात्र छात्राओं ने शनिवार को हर्ल सिंदरी खाद कारखाना के विभिन्न विभागों का शैक्षणिक भ्रमण किया। इसकी जानकारी देते हुए मदर टेरेसा स्कूल सिंदरी प्राचार्य सह संस्थापक राधेश्याम प्रसाद ने बताया कि हर्ल सिंदरी के अभियंता मंसूल जैन के दिशानिर्देश पर सुरक्षा संसाधनों के साथ छात्र छात्राओं ने कारखाने का भ्रमण किया। देश के पूर्वोत्तर राज्यों के किसानों के लिए लाभदायी साबित हो रही हर्ल सिंदरी कारखाना में नीमलेपित यूरिया का निर्माण प्रक्रिया को छात्रों ने देखा। अभियंता मंसूल जैन ने छात्रों को विभिन्न संयंत्रों के कार्यान्वयन को विस्तार से बताया। स्कूल संस्थापक ने बताया कि छात्रों ने किसान तथा देश की जीडीपी बढ़ाने में सहायक सिद्ध हो रही कंपनी की विशेषताएँ जानीं। उन्होंने बताया कि यह कंपनी कृषि उद्योग की रीढ़ मानी जा रही है।

बच्चों ने वृद्धाश्रम में वृद्धों की करी सेवा

धनबाद। भारतीय संस्कृति के अनुसार परिवार के वृद्ध जन को समाज का मेरुदंड समझा जाता है। उनका सम्मान हमारी संस्कृति में लिखित है। डीएवी पब्लिक स्कूल कोयला नगर के छात्र-छात्राओं ने शनिवार को बरवा अड्डा टुंडी रोड लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में वृद्ध जनों के बीच न केवल उनकी मदद की बल्कि उनका आशीर्वाद पानी का अवसर भी प्राप्त किया। मौके पर स्कूल के प्राचार्य एन एन श्रीवास्तव भी उपस्थित थे। उन्होंने उनकी मदद में रोजमर्रा की वस्तुएं 50 किलो चावल, 50 किलो आलू ,50 किलो आटा, 50 किलो दाल, 40 लीटर सरसों एवं रिफाइंड तेल, 20 किलो प्याज, 15 कंबल चीनी, सत्तू ,मैगी, साबुन, सर्फ, मूढ़ी तथा चूड़ा सहित अन्य सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की।

एक नजर में

डॉ नेहा प्रियदर्शिनी फेलोशिप से सम्मानित

धनबाद। 66वां अखिल भारतीय प्रसूति एवं स्त्री रोग कांग्रेस 2024 (एआईसीओजी) का आयोजन इस वर्ष हैदराबाद 6 जनवरी से 10 जनवरी को आयोजित की गई थी। जिसमे 9 जनवरी 2024 को एफआईसीओजी के द्वारा अवार्ड सेरोमनी का आयोजन रखा गया था। जिसमें सात्विक आईभीएफ धनबाद की संचालिका डॉ नेहा प्रियदर्शिनी को आईसीओजी - इंडियन कॉलेज ऑफ ऑब्स्टेट्रिक्स एंड गायनेकोलॉजी की फेलोशिप से सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि आईसीओजी (एफओजीएसआई) की शैक्षणिक शाखा है। इस सेमिनार का आयोजन डॉ पारुल कोट्डवाला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अधिवेशन में देश के सभी राज्यों से नामचीन डॉ ने अपनी उपस्थिति दर्ज की।

अनाथ विद्यालय का उद्घाटन आज

धनबाद। पेमिया-ऋषिकेश मेमोरियल पब्लिक स्कूल बांसकपुरिया में शनिवार को ऋषिकेश स्मारक सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में पूर्वी टुंडी के पोखरिया में संचालित होने वाले पेमिया-ऋषिकेश आवासीय अनाथ विद्यालय के संचालन संबंधित विषयक पर चर्चा हुई। अनाथ विद्यालय का उदघाटन रविवार को दोपहर एक बजे होना है। वक्ताओं ने एकजुटता के साथ अनाथ विद्यालय के उत्तरोत्तर प्रगति में हर संभव सहयोग देने की बात कही। इस तरह के शिक्षण संस्थान खोले जाने की पहल को सरहानीय कदम बताते हुए वक्ताओं ने कहा कि भावना को बांधना उद्देश्य है। बैठक में संचालन कमेटी का गठन किया गया। विधायक मथुरा प्रसाद महतो, बियाडा के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार झा, आवास बोर्ड के सदस्य पवन महतो, राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन के संजय सिंह व नयन चांद महतो, जनक लाल, चंद्रिका सिंह यादव, सुभाष वर्मा, राजेंद्र प्रसाद राजा, परवेज इकबाल, शंकर चौहान, बाघमारा सीओ रवि भूषण प्रसाद, पुटकी सीओ पंकज कुमार, तोपचांची बीडीओ फुनेश्वर रजवार व सीओ संजय कुमार सिंह, नीलकंठ नारायण महतो, प्राचार्य डा. अरुण कुमार महतो व यदुनाथ सिंह चौधरी, माससे नेता हरि प्रसाद पप्पू, निवर्तमान पार्षद राममूर्ति सिंह, प्रेमा पांडेय, मदन महतो आदि उपस्थित थे।

तीन दिवसीय निरीक्षण कार्य शुरू

बेरमो। शनिवार को अनपति देवी सरस्वती विद्या मंदिर फुसरो में तीन दिवसीय विद्यालय निरीक्षण का कार्य प्रारंभ हुआ। विद्यालय निरीक्षण टोली में विद्या विकास समिति झारखंड के पूर्णकालिक एवं हजारीबाग विभाग प्रमुख ओम प्रकाश सिंह, स.वि.मं गिरिडीह के आचार्य अजीत कुमार मिश्र, स.वि.मं साहेबगंज के आचार्य अमित कुमार सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा ने विद्यालय परिवार की ओर से वंदना सभा में निरीक्षण टोली के सदस्यों का स्वागत, परिचय, एवं उनका स्वागत अंग वस्त्र और पुष्पगुच्छ देकर कराया। प्रथम दिवस में शून्य कालांश, वंदना, कक्षा अध्यापन, मध्यावकाश, अवकाश, पूर्व छात्र परिषद, विद्वत परिषद, संस्कृति बोध परियोजना, शोध, पर्यावरण, शैक्षिक और व्यवस्था संबंधी सभी क्रिया कलापों का निरीक्षण किया गया। जिसका वृत आचार्यों के साथ बैठक में निरक्षण टोली द्वारा प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर निरीक्षण टोली के संयोजक ओम प्रकाश सिंह ने कहा कि निरीक्षण एक अवसर होता है अपनी व्यवस्था में सुधार लाने का। निरीक्षण के क्रम में अच्छाई एवम कमी दोनो सामने आती हैं। अच्छाई का प्रसार हो एवं कमी को दूर किया जाय। इसके पूर्व उन्होंने वंदना सभा में छात्रों को आशीर्वचन में कहा कि भरपूर अभ्यास के द्वारा अपने लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। शांति मंत्र के साथ आज का निरीक्षण कार्य संपन्न हुआ।

इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह का फेयरवेल करने का निर्णय

बेरमो। सीसीएल ढोरी क्षेत्र के एएडीओसीएम (अमलो) में शनिवार को इनमोसा के बैनर तले माइनिंग सुपरवाइजर की बैठक अमरेंद्र कुमार की अध्यक्षता और संचालन जयराम सिंह ने किया। इस बैठक में काफी महत्वपूर्ण बिंदु पर चर्चा हुई एवं सहमति बनी। बैठक में संगठन की मजबूती पर चर्चा,क्वार्टर आवंटन और मरम्मत, सुरक्षा और उत्पादन, प्रमोशन ,संगठन के पुनर्गठन के साथ ही साथ पिकनिक मनाने पर सकारात्मक चर्चा हुई। इनमोसा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार सिंह की फेयरवेल करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष अमरेंद्र कुमार,सचिव जयराम सिंह सहित प्रमोद सिंह,सूरज कुमार सिंह,मो अनवर हुसैन,आनंद कुमार विश्वकर्मा, राजेश रोशन महतो, टीकू महतो, विनय कुमार राम सहित दर्जनो लोग लोग उपस्थित थे।

प्रशिक्षक के निर्देशन में खेलते रहेंगे तो एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी : भोलू खान

बेरमो। चंद्रपुरा रेलवे स्टेशन पर शनिवार को राष्ट्रीय क्रॉस कंट्री में शामिल होने वाले एथलीटों को झामुमो युवा नेता भोलू खान,फुसरो नगर अध्यक्ष दीपक महतो ,उपाध्यक्ष टीकू महतो एवं जिला संघ के पदाधिकारी द्वारा गुलदस्ता (खेल किट) देकर सम्मानित किया। युवा नेता भोलू खान ने कहा कि कहा कि इस तरह की प्रतियोगिता में खिलाड़ियों से हमेशा गुण लेने का अवसर मिलता है। खिलाड़ी असफल होने पर खेलना नहीं छोड़े। प्रशिक्षक के निर्देशन में खेलते रहेंगे तो एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। इस अवसर पर टेक्निकल ऑफिशल अशोक भट्टाचार्य,लिलधारी प्रसाद गुप्ता एवं दीनदयाल हरि आदि उपस्थित रहे।

कार्यशाला का आयोजन

बेरमो। शनिवार 13 जनवरी को के बी कॉलेज बेरमो के सभागार में प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा की अध्यक्षता में शिक्षकों, कर्मियों और विधार्थियों की उपस्थिति में युवा दिवस एवं विकसित भारत बनाने की संकल्पना को लेकर कार्यशाला आयोजित हुई। कार्यक्रम की शुरूआत विवेकानंद के तस्वीर पर फुल माला माल्यार्पण करके उनकी जयंती मनाई गई एवं उनके आदर्शों एवम विचार को आत्मसात किया गया। प्राचार्य डॉ के पी सिन्हा ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा भारत को नवाचार एवं प्रौद्योगिकी मे वैश्विक अग्रणी देश, मानव विकास और समाजिक कल्याण मॉडल, पर्यावरणीय संवहनीयता का चैंपियन समर्थक बनाना है। युवाओं को आगे आकर विकसित भारत बनाने के लिए अपनी सुझाव दी जानी है। युवा ही देश मे सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं। विकसित भारत कार्यक्रम के नोडल पदाधिकारी डा अरुण कुमार रॉय महतो ने विधार्थियों को सभी दिशा निर्देश को बारीकी से बतलाया। ऑनलाइन क्यू आर कोड को अपने मोबाइल से स्कैन करके अपने सुझाव के साथ फॉर्म भरनी है और अपने प्रमाण पत्र को डाउनलोड करनी है। साथ ही सेल्फी प्वाइंट पर जाकर फोटो लेकर फोटो भी अपलोड करनी है। वेलफेयर कमिटी कॉर्डिनेटर डा प्रभाकर कुमार ने कहा कि युवा हमारे देश की शक्ति हैं, विकसित भारत बनाने मे युवाओं की महत्त्वपूर्ण भूमिका होंगे।

आगामी गणतंत्र दिवस को लेकर बेरमो एसडीओ की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

बेरमो /तेनुघाट कोर्ट। अनुमंडल पदाधिकारी शैलेश कुमार की अध्यक्षता में अनुमंडल कार्यालय तेनुघाट में आगामी गणतंत्र दिवस 26 जनवरी को लेकर एक बैठक आउट की गई। बैठक में आगामी 26 जनवरी को होने वाले झांडोतोलोन एवं निकलने वाली झांकी को लेकर कई दिशा निर्देश दिए गए। आगामी 26 जनवरी को झंडोतोलन के पूर्व सभी जगह की साफ सफाई एवं रंग रोगन के बारे में उचित व्यवस्था करने के बारे में कहा गया। वही चिल्ड्रन पार्क में स्कूलों के द्वारा झांकी भी निकल जाएगी और पैरेड भी किया जाएगा। पैरेड के लिए 22, 23 एवं 24 जनवरी को चिल्ड्रन पार्क तेनुघाट में पूर्व अभ्यास भी किया जाएगा। साथ ही 21 जनवरी को प्रशासन और पत्रकार के बीच दोस्ताना मैच भी खेला जाएगा। उक्त बैठक में जेल अधीक्षक अरुणाभ, गोमिया पुलिस निरीक्षक महेश प्रसाद सिंह, अंचल अधिकारी पेटरवार अशोक राम, अंचल अधिकारी गोमिया, अवर निबंधक, उपकोषगार पदाधिकरी, टीटीपीएस, सीसीएल, डीवीसी, आइल के पदाधिकारी, तेनुघाट ओपी प्रभारी आशीष कुमार, तेनुघाट डिग्री कॉलेज प्राचार्य सुदामा तिवारी सहित कई अन्य विद्यालय और विभाग के पदाधिकारी उपस्थित थे।

पठन पाठन सह विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

बाघमारा। शनिवार को संस्कार ज्ञानपीठ पीयूष विहार हरिना के प्राथमिक वर्ग के बच्चों के द्वारा पाठ्य सामग्री एवं विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्यातिथि आईडीएस प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक शुभांकर मित्र विद्यालय के निदेशक डा. मुकेश कुमार राय, निदेशक नीरजा राय प्राचार्या रेशमी कुमारी विशिष्ट अतिथि सुमित सरकार ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। सर्वप्रथम मुख्यातिथि का स्वागत निदेशक (प्रबंधन) नीरजा राय के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर किया गया। बच्चों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन मुख्यातिथि सहित सभी अतिथियों के द्वारा किया गया। सभी अतिथियों ने बच्चों के आविष्कारी सोच को सराहा एवम इस सोच को बढ़ावा देने के लिए। बच्चो ने एक से बढ़ कर एक मॉडल बनाए। इस पूरे कार्यक्रम में संस्कार ज्ञानपीठ का एजुकेशन पार्टनर लीड स्कूल प्राइवेट लिमिटेड का सराहनीय योगदान रहा।

अंग्रेजी भाषा को सरलता से सीखने एवम समझने के लिए एलगा पाठ्यक्रम का प्रदर्शन किया गया। रचनात्मक प्रस्तुति झारखंड संस्कृति पर आधारित मॉडल, राम मंदिर, अयोध्या, स्पीकिंग कॉर्नर, स्टोरी प्रेजेंटेशन, बायोग्राफी, फोनिक्स, पाचन तंत्र, ज्यामितियक सेप हाउस, थ्री डी सेप्स, लंग्स मॉडल, फूड हैबिट, वातावरण के परत, फूड चेन, जीवन चक्र, स्वच्छ भारत संज्ञा और उनके भेद प्रोजेक्टर मॉडल रोबोट एयर ट्रांसपोर्ट सिस्टम आदित्य एल-1 चंद्रयान आदि पर आधारित मॉडल प्रस्तुत किए गए। विद्यालय की प्राचार्या रश्मि कुमारी ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी एवम अभिभावकों के सकारात्मक सहयोग के लिए आभार प्रकट किए।

उपायुक्त ने आधार निगरानी समिति की बैठक में दिया जरूरी दिशा निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त कुलदीप चौधरी ने यूआईडी क्षेत्रीय कार्यालय राँची के विवेक कपूर एलडीएम आबिद हुसैन एपीआरओ अविनाश कुमार इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक व इंडिया पोस्ट के बोकारो प्रतिनिधि सीएससी मैनेजर आदि की उपस्थिति में संपन्न जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक में विभिन्न एजेंडों पर क्रमवार चर्चा की। संबद्ध विषय पर पदाधिकारियों से आधार पंजीकरण केंद्रों की संख्या की अद्यतन जानकारी ली। जिला परियोजना पदाधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 212 आधार पंजीकरण मशीन है जिसमें 189 मशीनों के माध्यम से पंजीकरण कार्य किया जा रहा है शेष 11 मशीन वर्तमान में बंद है। इस पर उपायुक्त ने डीईओ व डीईएस को पत्र जारी कर सभी का संचालन सुनिश्चित करने एवं अभियान चलाकर विद्यालय में अध्ययनरत शत प्रतिशत छात्र छात्राओं का आधार पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा।

अयोध्या पूजित अक्षत घर घर पहुंचा रहे बजरंग दल के कार्यकर्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो। अयोध्या में नवनिर्मित भव्य श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में 22 जनवरी को निर्धारित प्राण प्रतिष्ठा आयोजन में सभी सनातनी को सहभागी बनाने हेतु अयोध्या पूजित अक्षत को घर घर पहुंचाने के संकल्प के साथ अक्षत वितरण किया जा रहा है।

बजरंग दल के कार्यकर्ता रोहित जी के नेतृत्व में पूजित अक्षत आमंत्रण पत्र एवं पत्रक का वितरण अलग अलग टोली में गुरु गोविंद सिंह नगर विभिन्न सेक्टरों के सनातनी परिवारों में किया गया।

साथ ही सभी से 22 जनवरी को अपने अपने घरों/प्रतिष्ठानों में दीप जलाने एवं दीपावली जैसी सजावट का आह्वान भी किया गया। अभियान में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक कमल राज गुरु गोविंद सिंह नगर के अभियान प्रमुख हरिओम सह अभियान प्रमुख अनु सिंह कर्ण प्रताप सिंह अखिलेश निखिल आर्यन मिश्रा तथा अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

जन सहयोग समिति की गठन के लिए बैठक आयोजित

गोमो। धनबाद वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शनिवार को गोमो हरिहरपुर थाना परिसर में जन सहयोग समिति की गठन को लेकर, बैठक आयोजित की गई जिसमें समाजसेवी, व्यापारी एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए। इस दौरान उपस्थित लोगों ने मशवरा दिया कि कमिटी की गठन कर एक टीम बनाया जाए ताकि क्षेत्र में किसी भी तरह की आपराधिक गतिविधि पर नजर रखा जा सके और जहां तक हो सके पुलिस को इसकी सूचना देकर किसी भी तरह की वारदात को होने पर रोका जा सके, प्रमुख आनंद महतो ने कहा कि कमेटी गठन के लिए प्रत्येक क्षेत्र से गणमान्य लोगों को लिया जाएगा और सप्ताह के अंदर कमेटी गठित कर ली जाएगी। मौके पर थाना प्रभारी बिनोद कुमार, प्रमुख आनंद महतो, विधायक प्रतिनिधि जगदीश चौधरी, राजेंद्र सिंह, तारकेश्वर, लोकनाथ, एमपी सिंह, मो हफीज, भवानी महतो, उपस्थित थे।

प्रतियोगिता के विजेताओं को किया गया पुरस्कृत

खबर मन्त्र संवाददाता

बोकारो/कसमार। कसमार प्रखंड के खैराचातर स्थित रणविजय रोशन पब्लिक स्कूल में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के सफल प्रतिभागियों को बतौर मुख्य अतिथि कसमार के शिक्षाविद व समाजसेवी मुरारी कृष्ण चौबे ने पुरस्कृत किया। कार्यक्रम का संचालन दीपक सवाल ने किया। मौके पर श्री चौबे ने खेलकूद के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के लिए खेलकूद का महत्व हमेशा से रहा है। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में अभिषेक व बालिका वर्ग में निशा ओवरऑल चैंपियन रही। संगीत कुर्सी के अलग अलग वर्ग में सिद्धार्थ एवं पवन विजेता घोषित हुए। मौके पर समाजसेवी घनश्याम महतो, बैजनाथ साव, रमेश चंचल, रामू दास, अमर प्रजापति, मनीषा जायसवाल, सरिता कुमारी, दीपा कुमारी, रिया कुमारी, रूबी खातून, अब्दुल कादिर, आनंद प्रजापति आदि मौजूद थे।

जारंगडीह दक्षिणी पंचायत से पुरे धुमधाम से निकाली गयी कलश यात्रा

खबर मन्त्र संवाददाता

बेरमो /जारंगडीह। यूं तो पुरे देश में अयोध्या के राम मंदिर उद्घाटन की धुम है और अयोध्या से भेजे गए पूजित अक्षत व निमंत्रण पत्र बंटने का कार्य जोरो पर है। इस तरह धार्मिक आयोजन की धमक शहरो, गांवो, कस्बों में भी देखने को मिल रहा है। इसी क्रम में शनिवार को बेरमो प्रखंड के जारंगडीह दक्षिणी पंचायत स्थित शिव मंदिर परिसर से भव्य कलश यात्रा पुरे धुमधाम और गाजे बाजे के साथ निकाली गई। यह यात्रा जारंगडीह 16 नंबर से निकल कर बाबू क्वार्टर, रिभर साइड, 12 नंबर, माइन्स क्वार्टर मंशा नगर, जारंगडीह उपर बंगाल शिव मंदिर तक भ्रमण कर वापस जारंगडीह दुर्गा मंदिर परिसर पहुचा। इस यात्रा के कारण पुरा क्षेत्र का वातावरण राम मय हो गया था और हर तरफ जय श्री राम के नारो से गुंज उठा था। इस यात्रा में महिलाओं, युवतियों की भारी संख्या देखने को मिली जो भ्रमण के दौरान धार्मिक गीतो पर नाचते गाते नजर आये। जबकि इस भव्य यात्रा का नेतृत्व जारंगडीह 16 नंबर शिव मंदिर कमेटी के तमाम सदस्यों, पंचायत की मुखिया सुमंती देवी तथा मुखिया पति सुदेश भूईया द्वारा मुख्य रूप से किया गया। इस यात्रा की शुरूआत सुबह करीब 11 बजे की गई जो लगभग देर शाम तक चली।

धनबाद के सिर पर भष्मासुर का हाथ : स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार गिर रही रैंकिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

धनबाद। धनबाद नगर निगम क्षेत्र में हर महीने साफ-सफाई पर लगभग दो करोड रुपए खर्च किए जा रहे है। फिर भी निगम स्वच्छता रैंकिंग में लगातार निचले पायदान पर पहुंचता जा रहा है। एक वजह तो यह साफ समझ में आती है की सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट नहीं होने के कारण धनबाद को नुकसान हो रहा है। पिछले साल 10 लाख से अधिक आबादी वाले टॉप 45 शहरों में धनबाद का स्थान 35वा था लेकिन इस बार रैंकिंग नीचे गिर गई है। धनबाद 40 वे स्थान पर पहुंच गया है। एक लाख से अधिक आबादी वाले देश भर के 446 शहरों में धनबाद को 215 वां स्थान मिला है। शहरी विकास एवं आवास मंत्रालय ने स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग जारी की है।

राज्य स्तरीय रैंकिंग में धनबाद चौथे नंबर पर है, जबकि पिछले साल धनबाद राज्य में पहले स्थान पर था। सर्वेक्षण के लिए तय किए गए 9500 अंकों में से धनबाद को 40 60 अंक मिले है। धनबाद नगर निगम के गठन के 14 साल बीत गए, लेकिन आज तक सॉलिड वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट के लिए जमीन चिन्हित नहीं हो पाई। हर साल इस श्रेणी में धनबाद के अंक काट दिए जा रहे हैं और इसकी रैंकिंग नीचे गिर रही है। यहां कचरा साइट भी आज तक चिन्हित नहीं हो पाई है। सॉलिड वेस्ट प्लांट के लिए जमीन चिन्हित होने के बावजूद विवाद की वजह से निगम काम शुरू नहीं कर पा रहा। स्वच्छता सर्वेक्षण में साफ और गंदगी मुक्त शहरों को रैंकिंग तय करने के लिए कई पैरामीटर इस्तेमाल किए जाते है। इसमें घर-घर कूड़ा इकट्ठा करने से लेकर प्लास्टिक वाले कचरे का मैनेजमेंट तक शामिल है। मैनहोल को मशीन होल में बदलने पर जोर देते हुए सफाई मित्र सुरक्षा को प्राथमिकता दी गई थी। इसके लिए दोगुना अंक बढ़ाए गए थे। शहर से निकले कूड़े का तकनीक की मदद से कितना और क्या उपयोग किया जा रहा है, इस पर 40 प्रतिशत वैटेज था। रेड स्पॉट यानी कमर्शियल, रेजिडेंशियल इलाके में थूकने को भी नए पैरामीटर के रूप में जोड़ा गया था। नगर निगम के गठन के बाद धनबाद को जहां ऊपर जाना चाहिए था, वहां यह नीचे की ओर फिसल रहा है। इस ओर यहां के जनप्रतिनिधियों का भी ध्यान नहीं है। अब तो चुनाव का मौसम आ रहा है। जनप्रतिनिधि घर, मोहल्ले और वार्ड में घूमेंगे, लोगों से वोट मांगेगे। लोगों को भरोसा देंगे लेकिन धनबाद का डेवलपमेंट कैसे हो इसका कोई ब्लूप्रिंट उनके पास नहीं होगा। लोग पूछ रहे है कि क्या सचमुच धनबाद के सिर पर 'भष्मासुर' का हाथ पड़ गया है।

एसएसपी ने मैगजीन गार्ड का किया औचक निरीक्षण

धनबाद। वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद द्वारा दिनांक 12 जनवरी 2023 को पुलिस केंद्र धनबाद स्थित मैगजीन गार्ड का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में मैगजीन गार्डन में प्रतिनियुक्ति संतरी को छोड़कर गार्ड के सभी जवान अनुपस्थित पाए गए। उक्त आरोप में संतरी ड्यूटी में प्रतिनियुक्ति गार्ड को छोड़कर एन आरक्षियों को मैगजीन गार्ड से अनुपस्थित रहने के आरोप में हवलदार होसने उराव हवलदार मीना देवी, म.अ.2244 बिबिया देवी, म.आ. ललिता कुमारी, म.आ819 सुशीला देवी, म.आ 97 माला कुमारी, म.आ.1409 शीतल मनी कक्षा एवं म.आ.1853 सुमन कुमारी को तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक के लिए निलंबित कर दिया गया है।

समय संवाद

भगवान श्रीकृष्ण ने भी उत्तरायन का महत्व बताते हुए गीता में कहा है कि उत्तरायन के 6 मास के शुभ काल में जब सूर्यदेव उत्तरायन होते हैं और पृथ्वी प्रकाशमय रहती है, तो इस प्रकाश में शरीर का परित्याग करने से व्यक्ति का पुनर्जन्म नहीं होता, ऐसे लोग ब्रह्म को प्राप्त होते हैं। यही कारण था कि भीष्म पितामह ने शरीर तब तक नहीं त्यागा था, जब तक कि सूर्य उत्तरायन नहीं हो गया।

फसलें लहलहाने लगती हैं : इस दिन से वसंत ऋतु की भी शुरूआत होती है और यह पर्व संपूर्ण अखंड भारत में फसलों के आगमन की खुशी के रूप में मनाया जाता है। खरीफ की फसलें कट चुकी होती हैं और खेतों में रबी की फसलें लहलहा रही होती हैं। खेत में सरसों के फूल मनमोहक लगते हैं।

संक्राति से सूर्य हो जाता है उत्तरायण

बासुकीनाथ पाण्डेय

सूर्य संक्रांति में मकर सक्रांति का महत्व ही अधिक माना गया है। माघ माह में कृष्ण पंचमी को मकर सक्रांति देश के लगभग सभी राज्यों में अलग-अलग सांस्कृतिक रूपों में मनाई जाती है। आइए जानते हैं कि मकर संक्रांति के बारे में रोचक तथ?य।

मकर संक्रांति का अर्थ : मकर संक्रांति में 'मकर' शब्द मकर राशि को इंगित करता है जबकि 'संक्रांति' का अर्थ संक्रमण अर्थात प्रवेश करना है। मकर संक्रांति के दिन सूर्य धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश करता है। एक राशि को छोड़कर दूसरे में प्रवेश करने की इस विस्थापन क्रिया को संक्रांति कहते हैं। चूंकि सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है इसलिए इस समय को 'मकर संक्रांति' कहा जाता है।

वर्ष में होती है 12 संक्रांतियां : पृथ्वी साढ़े 23 डिग्री अक्ष पर झुकी हुई सूर्य की परिक्रमा करती है तब वर्ष में 4 स्थितियां ऐसी होती हैं, जब सूर्य की सीधी किरणें 21 मार्च और 23 सितंबर को विषुवत रेखा, 21 जून को कर्क रेखा और 22 दिसंबर को मकर रेखा पर पड़ती है। वास्तव में चन्द्रमा के पथ को 27 नक्षत्रों में बांटा गया है जबकि सूर्य के पथ को 12 राशियों में बांटा गया है। भारतीय ज्योतिष में इन 4 स्थितियों को 12 संक्रांतियों में बांटा गया

है जिसमें से 4 संक्रांतियां महत्वपूर्ण होती हैं- मेष, तुला, कर्क और मकर संक्रांति।

इस दिन से सूर्य होता है उत्तरायन : चन्द्र के आधार पर माह के 2 भाग हैं- कृष्ण और शुक्ल पक्ष। इसी तरह सूर्य के आधार पर वर्ष के 2 भाग हैं- उत्तरायन और दक्षिणायन। इस दिन से सूर्य उत्तरायन हो जाता है। उत्तरायन अर्थात इस समय से धरती का उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की ओर मुड़ जाता है, तो उत्तर ही से सूर्य निकलने लगता है। इसे सोम्यायन भी कहते हैं। 6 माह सूर्य उत्तरायन रहता है और 6 माह दक्षिणायन। मकर संक्रांति से लेकर कर्क संक्रांति के बीच के 6 मास के समयांतराल को उत्तरायन कहते हैं।

संपूर्ण भारत का पर्व : मकर संक्रांति के इस पर्व को भारत के अलग-अलग राज्यों में वहां के स्थानीय तरीकों से मनाया जाता है। दक्षिण भारत में इस त्योहार को पोंगल के रूप में मनाया जाता है। उत्तर भारत में इसे लोहड़ी, खिचड़ी पर्व, पतंगोत्सव आदि कहा जाता है। मध्यभारत में इसे संक्रांति कहा जाता है। पूर्वोत्तर भारत में बिहू नाम से इस पर्व को मनाया जाता है।

तिल-गुड़ के लड्डू और पकवान : सर्दी के मौसम में वातावरण का तापमान बहुत कम होने के कारण शरीर में रोग और बीमारियां जल्दी लगती हैं इसलिए इस दिन गुड़ और तिल से बने मिष्ठान्न या पकवान बनाए, खाए और बांटे जाते हैं। इनमें गर्मी पैदा करने वाले तत्वों के साथ ही शरीर के लिए लाभदायक पोषक पदार्थ भी होते हैं। उत्तर भारत में इस दिन खिचड़ी का भोग लगाया जाता है। गुड़-तिल, रेवड़ी, गजक का प्रसाद बांटा जाता है।

स्नान, दान, पुण्य और पूजा : माना जाता है कि इस दिन सूर्य अपने पुत्र शनिदेव से नाराजगी त्यागकर उनके घर गए थे इसलिए इस दिन पवित्र नदी में स्नान, दान, पूजा आदि करने से पुण्य हजार गुना हो जाता है। इस दिन गंगासागर में मेला भी लगता है। इसी दिन मलमास भी समाप्त होने तथा शुभ माह प्रारंभ होने के कारण लोग दान-पुण्य से अच्छी शुरूआत करते हैं। इस दिन को सुख और समृद्धि का माना जाता है।

पतंग महोत्सव का पर्व : यह पर्व 'पतंग महोत्सव' के नाम से भी जाना जाता है। पतंग उड़ाने के पीछे मुख्य कारण है कुछ घंटे सूर्य के प्रकाश में बिताना। यह समय सर्दी का होता है और इस मौसम में सुबह का सूर्य प्रकाश शरीर के लिए स्वास्थवर्द्धक और त्वचा व हड्डियों के लिए अत्यंत लाभदायक होता है। अतः उत्सव के साथ ही सेहत का भी लाभ मिलता है।

आज की व्याकुलता भक्ति से विमुखता के कारण है

स्वामी सत्यानंदजी परमहंस

भक्ति की विमुखता से व्याकुलता बढ़ती है। सही समय पर भक्ति की समझ हो जाय यह आवश्यक है। वर्तमान समय में भक्ति हो जाय या भक्ति की जाय यह संभव है। यह देश गुरु परंपरा में सदैव धनी और मान्य रहा है। गुरु भक्ति की एक ऐसी परंपरा भारत में रही है। वैदिक काल में 500 से ज्यादा गुरुओं ने देश के कोने-कोने में भक्ति का प्रचार-प्रसार किया। यही कारण था कि भारत दुनिया के श्रेष्ठतम देशों में गिना जाता था। वर्तमान समय में भी भक्ति परंपरा जीवित है और बड़ी संख्या में लोग इसका अनुसरण कर रहे हैं। ऐसा भी है कि कुछ लोग कई प्रकार के भ्रम में जीते है और उस भ्रम को ही सच मान लेते हैं। हम सभी गाते है-तन, मन धन सब है तेरा क्या लागे मेरा। हम सब पूरी तन्मयता से आरती गाने के क्रम में इन पंक्तियों का उल्लेख करते है लेकिन जा यथार्थ में इन बातों को जमीन पर उतारने की बात आती है, ता पीछे हट जाते हैं। सब कुछ अर्पित कर देने की बात समझ में आ जाती है। तब ही भक्ति और वैराग्य अंतःकरण में स्थापित होता है। टेकारी, गया आश्रम के निर्माण के क्रम में जो महात्मा दर्शनानंद मगध यूनिवर्सिटी के परिसर में निवास करते थे तो वे वहाँ के प्रोफेसरों और शिक्षकों से संवाद स्थापित करते थे। लेकिन तब उन प्रोफेसरों से संवाद के क्रम में एक बात उभर कर आती थी कि तत्व ज्ञान उत्कृष्ट व्याख्या के बाद भी उन्हें कुछ भी समझ नहीं आया। व्याख्यातागण कहते थे कि सब कुछ उपर से निकल गया। लेकिन वहीं आश्रम में एक ऐसे भी व्यक्ति थे जो पढ़े-लिखे नहीं थे, लेकिन वे खुब सेवा करते थे। दासन दास की भक्ति कर वे आश्रम के कार्यो को पूरे मन से करते थे। वे कहते भी थे कि सेवा से मेवा मिलता है, और सेवा ही मेरी भक्ति है। जीव जन्म जन्म से भटका हुआ होता है, वह इस भटकाव से प्रभावित होकर वर्तमान जिंदगी जीता है यही कारण है कि वह विचित्रा कठिनाईयों से जूझता हुआ परेशान होकर उन्हीं कठिनाईयों में सुख ढूंढ़ता है।

भगवान एक परम सत्ता का नाम है जो पुरी प्रकृति को संचालित कर रहा है। विज्ञान प्रकृति के कुछ रहस्यों को कभी-कभी ढूँढ़ लेता है, लेकिन प्रकृति के सारे रहस्यों को खोज पाना विज्ञान के बस में नहीं है। विज्ञान के मायम से भगवान की कल्पना भी नहीं की जा सकती है।

इसके लिये गुरुशरण से बेहतर कुछ भी नहीं है। **(ब्रह्म विद्यालय सह आश्रम मुख्य स्थान छोटका राजपुर बक्सर)**

आत्मबल और निष्ठा से ही जीवन मूल्यों की रक्षा: स्वामी विवेकानंद

स्वामी विवेकानंद ने आत्मबल से भरे युवाओं को आह्वान किया।

उन्होंने पूरे विश्व में भारतीय संस्कृति के महत्व और सार्थकता को स्थापित किया।

युवा दिवस के अवसर पर उर्सूलाइन इंटर कॉलेज रांची के सभागार में खबर मन्त्र द्धारा स्वामी विवेकानंद आज के युवाओं के लिये प्रेरणा विषय व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विज्ञान 11 वीं के छात्राओं को संबोधित करते हुए जीवन मूल्यों का जीवन के संकल्प और सफलता से संबंधों का विस्तार से विवेचना किया।

इस अवसर पर खबर मन्त्र के चीफ सब एडिटर एनके मुरलीधर ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने अमेरिका के शिकागो सहित पूरी दुनिया में भारतीय संस्कृति के सार को समझाते हुए कहा कि हमारी भौतिक साधनों से अधिक मानवीय मूल्य अधिक उपयोगी है। कई घटनाओं और कथाओं का उल्लेखकरते हुए उन्होंने कहा कि व्यक्ति का भाव सदैव व्यापक बहुत ही व्यापक होना चाहिए। इसी भाव से भगवत प्राप्ति होती है।

खबर मन्त्र का कार्यक्रम

युवाओं को स्वामी की जीवन से प्रेरणा लेते हुए अपने शैक्षणिक और बौद्धिक विकास के प्रति प्रतिबद्ध रहना चाहिए। हमारे अंदर जो गुण है उनके विकास के लिये प्रतिबद्धता परिवार, समाज और दुनिया के लिये हितकारी है।

इसअवसर पर प्राचार्या डॉ मेरी ग्रेस ने कहा कि स्वामी का युग वाक्य उठो जागो और तब तक न रूको जब तक लक्ष्य को प्राप्त न कर लो वर्तमान समय में युवाओं के लिये सबसे बड़ी प्रेरणा है। आज वैश्विक प्रतिस्पर्धा में हमारी मानवीय गुणों को लेकर हमें सचेत रहने की आवश्यकता है। हमारा मन भौतिक साधनों के बीच विकृत न होकर हमारा मन और मस्तिस्क हमारे ज्ञानवान और बौद्धिकता को लेकर सजग रहे यह प्रेरणा हमें स्वामी जी के बातों से मिलती है।

युवा दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रम का शनिवार को दूसरा और अंतिम दिन था। इसे प्रेरणा लेने की शपथ ली।

जीवन-कला

डॉ.प्रियंका कुमारी

खुश रहना एक कला है सब जानते हैं,
पर कितने इसे अपनाते हैं?
जागृति कण-कण,और मन का होता है,
पर कितनों का सच में होता है।अपने लक्ष्य में तुम खोये रहो,
मत किसी का प्रतिकार करो।
मत देखो और श्रवण करो ऐसी बातें, जिससे बर्बाद हो जाए सारी रातें।
नहीं समय गँवाने व मुरझाने का,
मन में सत्य-संकल्प जगाने का।
आयेगा सही समय बताने का।
अंतर में विश्वास धरो,सार्थक कुछ काम करो।
भविष्य हो तुम इस जग का यूँ समय न व्यर्थ करो।
जो तत्पर रहकर तुम बढते जाओगे,तो आगे उदाहरण बन जाओगे ।

भीष्म ने संक्राति तक मृत्यु को रोका

एनके मुरलीधर

मकर संक्रांति का महाभारत से भी है खास जुड़ाव, युद्ध खत्म होने के बाद भीष्म पितामह ने त्यागा था इस दिन देह।

महाभारत की कथा के अनुसार भीष्म पितामह ने मकर संक्रांति के दिन अपना देह त्यागा था। कई दिन बाणों की सैय्या पर गुजारते हुए उन्होंने सूर्य के उत्तरायन होने का इंतजार किया।

भीष्म पितामह को इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था, सूर्य के उत्तरायण होने तक का किया इंतजार।

अर्जुन ने युद्ध के 11वें दिन भीष्म पितामह को बाणों की सैय्या पर गिरा दिया था।

भीष्म पितामह ने प्रण ले रखा था जब तक हस्तिनापुर सुरक्षित नहीं होता, वे प्राण नहीं देंगे, पुनर्जन्म से भी मिला छुटकारा।

मकर संक्रांति का महाभारत से भी खास कनेक्शन है। महाभारत की कथा के अनुसार इसी दिन भीष्म पितामह ने अपना देह त्यागा था। कथा के अनुसार अर्जुन ने युद्ध के 11वें दिन भीष्म पितामह को बाणों की सैय्या पर गिरा दिया था। इसके बाद 58 रातें बाणों की उसी सैय्या पर भारी कष्ट के साथ काटने के बाद सूर्य के उत्तरायण होने पहले दिन पितामह ने देह त्यागा था।

दरअसल, मकर संक्रांति के दिन का हिंदू धर्म में काफी महत्व है। मान्यता है सूर्य इस दिन धनु से मकर राशि में प्रवेश करते हैं। इस दिन से देवों के दिन का प्रारंभ भी कहा जाता है। इस त्योहार को देश भर के अलग-अलग राज्यों में विभिन्न तरीकों से मनाई जाती है।

भीष्म पितामह को इच्छा मृत्यु का वरदान प्राप्त था। इसलिए अर्जुन के बाणों से घायल होने के बावजूद जीवित रहे थे।

भीष्म 10 दिनों तक कौरवों के सेनापति रहे थे और इस दौरान पांडव को सफलता का कोई मार्ग नहीं सूझ रहा था। ऐसे में कृष्ण के कहने पर अर्जुन ने स्वयं पितामह से उन्हें मारने का तरीका पूछा।

भीष्म पितामह सब समझ गए। उन्होंने बस इतना कहा कि रणभूमि में अगर कोई महिला आ जाए तो वे शस्त्र नहीं उठाएंगे। इसके बाद अगले दिन पांडवों ने शिखंडी को रणभूमि में खड़ा कर दिया और फिर अर्जुन ने एक के बाद एक कई बाण मारकर पितामह को धरती पर गिरा दिया था।

भीष्म पितामह के मकर संक्रांति के दिन प्राण त्यागने का ये भी कारण था कि उन्होंने प्रण ले रखा था कि जब तक हस्तिनापुर सभी ओर से सुरक्षित नहीं हो जाता, वे प्राण नहीं देंगे।

महाभारतः भीष्ण पितामह की मृत्यु का पूर्व जन्म से भी कनेक्शन

एक और कथा के अनुसार भीष्म पितामह पूर्व जन्म में एक वसु थे। वसु एक प्रकार के देवता ही माने गए हैं। वसुओं ने ऋषि वसिष्ठ की गाय चुरा ली थी। इसी बात से क्रोधित होकर ऋषि ने उन्हें मनुष्य रूप में जन्म लेने का शाप दिया था।

भगवान श्रीकृष्ण ने उत्तरायन का महत्व बताते हुए कहा है कि 6 मास के शुभ काल में जब सूर्यदेव उत्तरायण होते हैं और धरती प्रकाशमयी होती है, उस समय देह त्यागने वाले का फिर से मृत्युलोक में जन्म नहीं होता है। ऐसे लोग सीधे ब्रह्म को प्राप्त होते हैं। इसे भी एक कारण कहा जा सकता है कि भीष्म पितामह ने शरीर त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायन होने तक का इंतजार किया।

कॉमन एट्रियम से ग्रसित मरीज पार्टिशन पारस में हुई सफल

कॉमन एट्रियम से ग्रसित था मरीज, हार्ट के लेफ्ट और राइट एट्रियम के बीच नहीं था पार्टिशन, पारस में हुई सर्जरी किसी भी नार्मल व्यक्ति के हार्ट में चार चैंबर होते हैं। लेकिन पारस एचईसी अस्पताल में गिरिडीह से आये एक मरीज की जांच करने पर चिकित्सक ने पाया कि उसके हार्ट के लेफ्ट एट्रियम और राइट एट्रियम के बीच में कोई पार्टिशन (अलग करने वाला पर्दा) नहीं था। लेफ्ट एट्रियम और राइट एट्रियम के बीच में पार्टिशन नहीं होने के कारण साफ और गंदा खून एक ही जगह मिक्स हो रहा था। डॉ कुणाल हजारी ने बताया कि इस बीमारी को कॉमन एट्रियम कहते हैं। जिसकी सर्जरी पारस अस्पताल में हुई। उन्होंने बताया कि मरीज के मेडिकल हिस्ट्री में पाया गया कि मरीज को यह बीमारी जन्मजात है। बचपन से ही उसे सर्दी-खांसी और बुखार की समस्या थी। कई जगह इलाज कराने के बाद वह थक चुका था। इस दौरान गिरिडीह में इकोकार्डियोग्राफी कराने के बाद पता चला कि मरीज के हार्ट के एट्रियम में कुछ गड़बड़ है। तब मरीज को रांची के पारस एचईसी अस्पताल रेफर किया गया। पारस एचईसी अस्पताल आने के बाद मरीज की डॉ कुणाल हजारी की निगरानी में इकोकार्डियोग्राफी की गई। जिसमें पाया गया कि मरीज के हार्ट के लेफ्ट एट्रियम और राइट एट्रियम के बीच में कोई पार्टिशन नहीं है। वह एक कॉमन एट्रियम का मरीज है। जिसे दवा से पूरी तरह से ठीक नहीं किया जा सकता था। इसके बाद उन्होंने मरीज की सर्जरी करने की योजना बनाई। सर्जरी में पेरिकार्डियम को काटकर हार्ट में इस्तेमाल किया गया। हार्ट के राइट और लेफ्ट एट्रियम के बीच में काफी सावधानी के साथ पेरिकार्डियम को बीच में पर्दा के तौर पर लगाया गया। जिससे कि दोनों एट्रियम सामान्य रूप से काम कर सकें।

उन्होंने कहा कि इससे राइट एट्रियम अपनी तरफ और लेफ्ट एट्रियम अपनी तरफ

काम करेगा। लेफ्ट एट्रियम में 4 पल्मोनरी वेन खुलता है। वहीं राइट एट्रियम में सुपीरियर, इनफीरियर और कोरोनरी साइनस से अशुद्ध खून आता है। इसके अलावा कॉमन एट्रियम में मौजूद दोनों डैमेज वाल्व को भी रिपेयर किया गया। डॉ कुणाल ने बताया कि सर्जरी के तीन घंटे बाद वेंटीलेटर से मरीज को हटा दिया गया। इसके अगले ही दिन हार्ट सपोर्ट की दवाइयां कम कर दी गई। मरीज को चेक करने पर पाया गया कि मरीज अब सामान्य महसूस कर रहा है। पांच दिन तक पारस एचईसी अस्पताल में इलाज के बाद मरीज को घर भेज दिया गया। मरीज तीन महीने के बाद पूरी तरह से ठीक होगा और सामान्य जीवन जी सकेगा। डॉ कुणाल ने बताया कि पारस एचईसी अस्पताल में रेगुलर हर एज ग्रुप के कार्डियक सर्जरी की सुविधा उलपब्ध है। उन्होंने बताया कि हार्ट सर्जरी में जन्मजात हार्ट बीमारियों, वाल्व सर्जरी और बाइपास सर्जरी भी की जाती है। हार्ट में मल्टी ब्लाकेज को भी सर्जरी के माध्यम से ठीक किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि हार्ट अटैक की स्थिति में एंजियोग्राफी कर पता लगाया जाता है कि कौन सी नसें ब्लाक है। इसके बाद हार्ट के उसी पार्ट में सर्जरी की जाती है। नई टेक्निक को बीटिंग हार्ट सर्जरी बोलते है। जिसमें हार्ट बीट को रोका नहीं जाता और मरीज की सर्जरी की जाती है। पारस अस्पताल में ये सारी सुविधाएं है।

पारस एचईसी अस्पताल के फैसिलिटी डायरेक्टर डॉ नीतेश कुमार ने बताया कि प्रदेश के मरीजों को अब किसी भी तरह की असाध्य बीमारियों का इलाज कराने के लिए कहीं बाहर जाने की जरूरत नहीं है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी।
प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

आर्मी पब्लिक स्कूल में अलंकरण समारोह

रामगढ़। आर्मी पब्लिक स्कूल रामगढ़ में विद्यार्थी परिषद का अलंकरण समारोह हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष ब्रिगेडियर शैलेश सती ने नव चयनित विद्यार्थी परिषद के सदस्यों को सैश पहनाकर कार्यभार सौंपा। विद्यालय हेड गर्ल कक्षा 11वीं की छात्रा सना सलारिया, हेड बॉय ईशान अग्रवाल, डिप्टी हेड गर्ल सानिया सिंह, डिप्टी हेड बॉय सुमित कुमार, सांस्कृतिक सचिव अंशुल कुमार एवं स्नेहा कुमारी, स्वच्छता सचिव अनूप कुमार सिन्हा एवं अर्पिता घोष, खेल सचिव अयान दास एवं गगनदीप, अनुशासन सचिव अमित कुमार एवं अनिका सेठी, पुस्तकालय सचिव सुजल कोठारी एवं आकृति पाठक को चुना गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य पंकज कुमार जैन ने सभी नव नियुक्त सदस्यों को शपथ दिलाया। मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर शैलेश सती ने नव नियुक्त सदस्यों को जिम्मेवारियों के संबंध में बताया और स्कूल के प्रति कार्यों के संबंध में जानकारी दी। कार्यक्रम में बच्चों के अभिभावक एवं शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान और धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

सेवा मंच ने गरीबों को दिया कंबल

भुरकुंडा (रामगढ़)। राष्ट्रीय सेवा मंच भुरकुंडा के तत्वावधान में शनिवार को गरीब-जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जयसवाल आदि ने लक्ष्मी टॉकीज के समीप कुम्हार, बर्तन बनाने वाले लोग सहित गरीब-जरूरतमंद परिवार एवं होटल में बर्तन धोने वाली महिलाओं के बीच कंबल का वितरण करते हुए कहा कि गरीबों की सेवा सबसे बड़ा पूण्य का कार्य है। ऐसे नेक कार्यों में सबों को तन-मन-धन से सहयोग करना चाहिए। श्री सिंह ने कहा कि मंच का उद्देश्य ही गरीबों की सेवा व समाजहित में कार्य करना है। उन्होंने कहा की बढ़ते ठंड को देखते हुए गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया है। उन्होंने कहा की हर हाल में गरीबों को ठंड से राहत पहुंचाई जायेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में मंच के अध्यक्ष डब्लू सिंह, उमाशंकर जायसवाल, इम्तियाज अंसारी, अशोक झा, शाहिद अली, लखन राम, विजय तूरी आदि का विशेष योगदान रहा।

सांसद प्रतिनिधि ने बांटा चूड़ा-तिलकुट

कुजू। सांसद प्रतिनिधि जगेश्वर प्रजापति ने शनिवार को मुरपा चटनिया स्थित अपने आवासीय कार्यालय में गरीब, गुरबों के बीच कंबल वितरण किया। साथ ही मकर संक्रांति पर चूड़ा, तिलकुट, चीनी भी दिया। इस दौरान उन्होंने कुजू दक्षिणी पंचायत के 51 गरीब महिला पुरूष के बीच सांसद जयंत सिन्हा के सौजन्य से मिला कंबल व अपनी ओर से मकर संक्रांति पर चूड़ा तिलकुट दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि कड़ाके की ठंड को देखते हुए सांसद जयंत सिन्हा द्वारा कंबल का वितरण किया जा रहा है। वही इस मकर संक्रांति पर्व में कोई भी असहाय व्यक्ति चूड़ा तिलकुट के बिना न रह सके इसके लिए सभी के बीच वितरण किया जाएगा। इस अवसर पर सुखदेव सोनी, जागो महतो, जगदीश महतो, छोटन प्रजापति सहित कई महिला -पुरुष शामिल थे।

टुसु मेला में होगा सांस्कृतिक कार्यक्रम

रजरप्पा। कुंदरूकलां पंचायत स्थित बंगलामुखीधाम मंगरीढींपा स्थित सरैया दामोदर नदी तट पर मकर सक्रांति के मौके पर नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम सह टुसु मेला लगेगा। मेले का उदघाटन गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी करेंगे। समिति के संरक्षक डीएम महतो, मुखिया किसुन राम पहान, मुखिया रामसेवक महतो सहित समिति के पदाधिकारीगण मौजूद होंगे. कार्यक्रम में मुख्य रूप से नागपुरी गायिका उर्मिला महतो उड़ीसा, पुनम सिंह, डांसर मुस्कान, लवली आदि कलाकार अपना जलवा बिखेरेंगे। कमेटी के अध्यक्ष मोहराय महतो ने कार्यक्रम में आनंद उठाने को लेकर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

स्कूल का मुखिया ने किया निरीक्षण

भुरकुंडा (रामगढ़)। बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के राजकीय कन्या मध्य विद्यालय भुरकुंडा में स्थानीय मुखिया सत्यवंती देवी के नेतृत्व में शनिवार को विद्यालय में बन रहे मध्याह्न भोजन की औचक निरीक्षण किया गया।मुखिया सत्यवंती देवी पूरी तरह से संतुष्ट होने पर बताया कि इस विद्यालय में विगत 10 वर्षों से प्रधानाध्यापक रवीश कुमार एवं रसोईया मीना देवी, पारो देवी, आशा देवी, राजो देवी, शांति देवी, सुमित्रा देवी एवं सुनीला देवी के सहयोग से छात्र-छात्राओं के लिए पूरी तरह से पौष्टिक एवं स्वादिष्ट भोजन तथा नाश्ता उपलब्ध कराया जाता रहा है। ताकि बच्चे पूरी तरह से स्वस्थ रहकर अपना पठन-पाठन सुचारू रूप से कर सकें। उन्होंने कहा की बच्चों का शत प्रतिशत मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए पौष्टिक भोजन जरूरी है। निरीक्षण में मुखिया प्रतिनिधि लव कुमार महतो, वार्ड सदस्य रेणुका देवी, नीतू सिंहा, शहजाद हुसैन, विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष ज्योति लकड़ा, सिद्धो-कान्हू युवा खेल क्लब की अध्यक्ष शेरोफेना एक्का आदि शामिल थीं।

मारपीट में महिला की मौत

कटकमदाग। थाना क्षेत्र के अंतर्गत कदमा में शुक्रवार रात जमीन विवाद होने के कारण गर्भवती महिला की मौत का मामला सामने आया है इस मामले में मृतिका का पति का कहना है कि मेरे बड़े भाई और भाभी ने दोनों मिलकर मेरी पत्नी को 11 जनवरी की रात बहुत मारपीट किया जिसके कारण मेरी पत्नी की मौत हुई है । मेरी पत्नी 7 महीना की गर्भवती थी मेरे बड़े भाई के द्वारा बहुत ज्यादा मारपीट होने के कारण वह घायल हो गई उसके बाद उन्हें आनन फानन में सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टरों ने कुछ घंटे के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिए।

संकरी गलियों से लेकर नामी स्कूलों तक फैला ब्राउन शुगर का कारोबार

अभय कुमार सिंह

अब तक कई युवाओं की गयी जान, कई घर बबार्दी के कगार पर

ब्राउन शुगर बेचता पेडलर

हजारीबाग। जिले की संकरी गलियों से लेकर नामचीन स्कूलो के कैंपस के बाहर तक ड्रग्स का कारोबार फल-फूल रहा है। आलम यह है कि स्कूल व कालेज के छात्रों को ड्रग्स आसानी से मिल जाती है। बीते कुछ सालों में ड्रग्स का धंधा इतना आसान हो गया है कि शहर के हर चौक चौराहे पर ब्राउन शुगर मिल जाएगी। इंटरनेट मीडिया के जरिये ऐसे युवाओं की तलाश की जाती है जो अपने परिवार से दूर किराये पर रहकर पढ़ाई करते हैं। उनसे दोस्ती कर पैसों का लालच देकर सप्लाई के काम में लगाया जाता है। बेचते-बेचते वे खुद भी ड्रग्स के आदी हो जाते हैं। इसके बाद इनके दोस्त और जानकार भी तस्करों के जाल में फंस जाते हैं। पुलिस की कार्रवाई में अधिकतर कोरियर ही पकड़े जाते हैं, बड़े तस्कर पुलिस पकड़ में नहीं आते। ब्राउन शुगर को बहुत हाई टेक तरीके से बेचा जा रहा है। वाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम आदि पर बुकिंग की जाती है। इसके बाद खेप को कोरियर या फिर तस्कर खुद पहुंचाता है। दिपुगढ़ा, बड़ी बाजार, पेलावल, मटवारी, लाखे, नूतन नगर, पुराना व न्या बस स्टैंड सहित शहर के हर गली में ब्राउन शुगर का धंधा किया जा रहा है। डोप पैडलर ब्राउन शुगर को छात्रों को 700 से 1000 रुपये प्रति पुड़िया देते हैं।

तस्करी के आकाओं तक पहुंचना मुश्किल : सूत्र बताते है कि ड्रग्स की तस्करी के पीछे के सरगना की पहचान और उसे पकड़ना बेहद मुश्किल है। जिन डोप पैडलर से ड्रग्स ग्राहकों तक पहुंचती है उसे खुद सरगना के बारे में जानकारी नहीं होती। बंसी लाल चौक का कोई ड्रग पेडुलर मंगदू और दिपुगढ़ा का कोई निरंजन उर्फ अंडरटेकर है जो युवाओं को इस नशे की ओर धकेल रहा है। ऐसे कई नाम हैं लेकिन इनके तह तक पहुंचना पुलिस का काम है।

सड़क पर भटकते हैं माता-पिता

देखा जा रहा है कि शाम होते ही इन नशेड़ी बच्चों के माता पिता अपने नौलिहालों को खोजना शुरू कर देते हैं। नाम नहीं छापने के शर्त पर एक नशेड़ी के पिता ने बताया कि उनका बेटा दो दिनों से 4000 रूपया लेकर फरार है। उन्होने उसे रांची स्थित नशा उन्मुलन केंद्र में भर्ती कराया था। परीक्षा के कारण उसे घर वापस लेकर आये उसके बाद वह मौका देखते हीं 4000 रूपया लेकर फरार हो गया है। वे उसी के खोजबीन में लगे हैं। मेरे जैसे कई माता-पिता हैं जो शाम को अपने बच्चों को खोजते मिल जाएंगे। कहा कि ऐसे मामलों में पुलिस का कॉ-आपरेशन ना के बराबर होता है।

प्रशासन ने 100 एकड़ अफीम को किया नष्ट

चौपारण प्रखंड को नशामुक्त बनाने के लिये आम लोगों से सहयोग की अपील

खबर मन्त्र संवाददाता

चौपारण। पुलिस अधीक्षक, हजारीबाग के निर्देशानुसार शनिवार को नजीर अख्तर, अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बरही एवं अनुज उराव, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, विष्णुगढ़ के नेतृत्व में एक संयुक्त समिति का गठन किया गया। यह टीम अवैध अफीम की खेती और अफीम की खरीद-बिक्री को रोकने का कार्य करेगी। साथ ही एक छापेमारी दल का गठन किया गया, जिसमें सीआरपीएफ-22 बटालियन टंडवा के सहायक कमांडेंट निरंजन कुमार सिंह, वन विभाग के एसीएफ एके परमार, आरएफओ सत्येन्द्र कुमार चौधरी, रेंजर, कमलेश कुमार सिंह, आरएफओ राम बाबू, शम्भू नंद ईश्वर चौपारण थाना प्रभारी एवं सीआरपीएफ-22 बटालियन के जवान एवं थाना के रिजर्व गार्ड शामिल थे। उक्त संयुक्त छापेमारी दल ने एक दर्जन से अधिक ट्रैक्टर लगाकर चौपारण थाना क्षेत्र के ढोढ़िया एवं दुरगड़ा गांव में लगभग 90 से 100 एकड़ वन भूमि पर लगी अफीम को पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस संदर्भ में चौपारण थाना प्रभारी को दोषियों की पहचान कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। आस-पास के ग्रामीणों को नशामुक्ति एवं अफीम उन्मूलन के संबंध में आवश्यक जानकारी देने के साथ-साथ अफीम की खेती/सेवन नहीं करने के लिए जागरूकता अभियान चलाते हुए ग्रामीणों से अफीम की खेती करने वाले लोगों की जानकारी गुप्त रूप से पुलिस को देने का अनुरोध किया गया। इस तरह के अभियान भविष्य में भी जारी रहेंगे और इस अवैध कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

बड़कागांव और केरेडारी में सदर विधायक का अभूतपूर्व स्वागत

हजारीबाग। सदर विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को कर्णपुरा की रत्नगर्भा धरती बड़ागांव विधानसभा क्षेत्र के बड़कागांव और केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के कई गांवों का सघन दौरा किया। उन्होंने अपने दौरे की शुरूआत बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत सांढ से किया। जिसके बाद बड़कागांव चौक, केरेडारी प्रखंड क्षेत्र के गरीकला, कंडाबेर, बेलतु के ग्रामीणों से मुखातिब हुए और फिर अंत में कर्णपुरा महाविद्यालय परिसर में नववर्ष के मौके पर आयोजित बड़कागांव और केरेडारी के भाजपा कार्यकर्ताओं के मिलन समारोह में शामिल हुए। इस दौरान सभी जगहों पर विधायक मनीष जायसवाल का अभूतपूर्व स्वागत हुआ। क्षेत्र की जनता बड़कागांव क्षेत्र के बेटा मनीष जायसवाल को हजारीबाग के मन-मन का लोकप्रिय नेता बनते देखा बेहद उत्साहित और गदगद दिखी। उनके एक झलक पाने को जहां क्षेत्र के लोग आतुर दिखे वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं में भी खासा उत्साह दिखा ।मौके पर ये गणमान्य लोग रहें मौजूद पूर्व विधायक लोकनाथ महतो, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य अनिल मिश्रा,सुदेश चंद्रवंशी, के.पी. ओझा, दुर्गाचरण, कीर्तिनाथ महतो, भाजपा जिला महामंत्री विवेकानंद सिंह,राजेश गुप्ता,जयनारायण प्रसाद,सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

22 को मांस-मछली और शराब की दुकान बंद हो : शशिकांत सिंह

भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा निवासी सह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के नेता शशिकांत सिंह ने अयोध्या में राम मंदिर उद्घाटन के दिन 22 जनवरी को मांस-मछली व शराब की दुकानों को पूर्णतः बंद रखने की मांग रामगढ़ डीसी से की है। शशिकांत सिंह ने रामगढ़ उपायुक्त से आग्रह पूर्वक कहा है की राम मंदिर उद्घाटन के दिन पूरे रामगढ़ जिला में मांस-मछली व शराब की विक्री पर रोक लगाने को लेकर दुकानों को बंद रखने का सूचना जारी की जाए।

चुनाव को लेकर दंडाधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग

खबर मन्त्र संवाददाता

रामगढ़। लोकसभा चुनाव को लेकर दंडाधिकारियों एवं पुलिस अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग। एनएलएमटी सह कार्यपालक दंडाधिकारी प्रभास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविन्द्र कुमार गुप्ता, डीएसपी संजीव कुमार, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रंजीता टोप्पो, पुलिस निरीक्षक सुशील कुमार द्वारा दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को निर्वाचन के दौरान उनके द्वारा किए जाने वाले महत्वपूर्ण कार्यों की जानकारी देने के क्रम में सभी को अच्छी तरह से प्रशिक्षण के दौरान बताई जाने वाली बातों को सुनने की अपील की। उन्होंने कहा कि निर्वाचन के दौरान आप सभी का योगदान बहुत महत्वपूर्ण है इसलिए आप सभी प्रशिक्षण के दौरान ही अपनी सभी तरह की दुविधाओं को दूर कर लें। उन्होंने दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को लगातार आपस में संपर्क में रहने, अपने-अपने क्षेत्र में मतदान केदो का निरीक्षण कर विभिन्न प्रकार के प्रपत्रों को भरने आदि को लेकर भी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी। सभी सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त सेक्टर दंडाधिकारियों एवं सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के लिए जारी मैन्युअल की विस्तार से जानकारी दी गई वही उनके द्वारा सभी को चुनाव के पूर्व, चुनाव के दौरान एवं चुनाव के उपरांत किए जाने वाले

अबुआ आवास में कमीशन खोरी के खिलाफ खोला मोर्चा

कटकमसांडी। पंचायत समिति सदस्यों ने शनिवार को छड़वा डैम में सरकार के महत्वकांक्षी अबुआ आवास योजना में कमीशनखोरी को लेकर बैठक की। पंचायत समिति के सदस्यों ने प्रखंड के कर्मियों पर आरोप लगाया कि जांच के नाम पर लाभुकों को ठगा जा रहा है। धनी लोगों का नाम योग्यताधारी लाभुक के लिस्ट में है। जबकि आवास योजना में गरीब परिवार के कम ही लोगों का नाम है। पंचायत समिति के सभी सदस्यों ने सर्व सम्मिति से निर्णय लिया कि रिश्वतखोरी व कमीशन खोरी प्रखंड में चलने नहीं देंगे। शिकायत मिलने पर बीडीओ तथा उपायुक्त को सूचित करेंगे। बैठक के डांड पंचायत के पंसस लक्ष्मी देवी, डांटो खुर्द पंचायत के हेलेन टोप्पो, पेलावल दक्षिणी पंचायत के मोहम्मद सलाउद्दीन, कंडसार के राजेंद्र प्रसाद मेहता, खुटरा पंचायत के प्रदीप मिश्रा, कंचनपुर पंचायत के अंजू बाला देवी, लुपुंग पंचायत के बालेश्वर प्रसाद मेहता, ढौठवा पंचायत के सोहर राणा, पंसस प रतिनिधि नरसिंह प्रजापति, राजू खान आदि उपस्थित थे। बैठक के बाद मकर सक्रांति के उपलक्ष्य में उपस्थित सभी ने तिलकुट, चूड़ा व दही का लुत्फ उठाया गया।

ओपी जिंदल स्कूल में मना वार्षिकोत्सव

75 प्रतिभागियों और टॉपरों को किया गया सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता

भुरकुंडा (रामगढ़)। ओपी जिंदल स्कूल पतरातू में उत्तरोत्तर शैक्षिक सांस्कृतिक एवं सामाजिक उन्नति का विश्वास एवं लक्ष्य लेकर शनिवार को राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर 17वां वार्षिकोत्सव अभ्युदय-2024 का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ जेएसपीएल के प्लांट हेड आशीष जैन, जिंदल महिला क्लब की चेयरपर्सन विनीता जैन ने संयुक्त रूप से स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनके तस्वीर के समक्ष पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय की छात्राओं ने मुख्य अतिथि आशीष जैन तथा अन्य आगंतुक अतिथियों-जेएसपीएल के अधिकारियों आदि को पुष्प-गुच्छ देकर स्वागत किया। विद्यालय के प्राचार्य ने विद्यालय का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। जिसमें उन्होंने विद्यालय की वर्ष भर की उपलब्धियों एवं क्रिया-कलापों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। उन्होंने विगत वर्ष के बोर्ड परिक्षार्थियों की उपलब्धियों पर उन्हें बधाई देते हुए कहा कि कहा कि वर्तमान समय के शैक्षिक परिवेश में विद्यार्थियों में क्षमताओं एवं कौशलों के विकास व उसके प्रस्तुतिकरण का विशेष महत्व है। यह आयोजन विद्यार्थियों को एक-दूसरे के साथ जुड़ने और अपनी क्षमता को समृद्ध करने का एक अद्वितीय अवसर प्रदान करता है। जेएसपीएल के प्लांट हेड आशीष जैन ने कहा कि वार्षिकोत्सव किसी भी विद्यालय का आईना होता है। इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से बच्चे छिपी हुई प्रतिभा को उजागर करते हैं। साथ ही इनके कार्यक्रम कुछ ही घंटों में विद्यालय की संपूर्ण गतिविधियों को प्रदर्शित कर देते हैं।

गुरु गोबिंद सिंह की जयंती 17 जनवरी को

भुरकुंडा (रामगढ़)। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी मेन रोड भुरकुंडा के तत्वावधान में 17 जनवरी को श्री गुरु सिंह सभा भुरकुंडा गुरुद्वारा में पूरे धूमधाम व भक्तिभाव के साथ श्री गुरू गोबिन्द सिंह जी महाराज का 357वां जयंती प्रकाश पर्व के रूप में मनाया जायेगा। इस दौरान सबद-कीर्तन सहित कई धार्मिक अनुष्ठान सहित लंगर का भी आयोजन किया जायेगा। जिसमें सैंकड़ो श्रद्धालु गुरू का प्रसाद ग्रहण करेंगे। 17 की तैयारी में गुरुद्वारा प्रबंधक के लोग जोर-शोर से लगे हुए हैं। मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिन्कु ने बताया की गुरु गोविंद सिंह जी सिखों के दसवें गुरु थे। उन्हें विद्वानों का संरक्षक माना जाता है। वे एक महान योद्धा तो थे ही, लेकिन उसके साथ एक महान कवि-लेखक भी थे।

एक नजर में

विकासशील पंचायत है गौरियाकरमा : मुखिया

बरही। गौरियाकरमा पंचायत की मुखिया कुमारी मीरा ने बताया कि विकासशील पंचायत है गौरियाकरमा । किसी भी विकसित क्षेत्र या पंचायत का आकलन करने के लिए उस पंचायत के शिक्षा व्यवस्था को देखना आवश्यक है। पंचायत के विद्यालयों में शिक्षकों का अभाव रहने का कारण उन्होंने प्रयास कर कुछ शिक्षको का डिप्यूटेशन करवाया, बावजूद इसके अब भी शिक्षको की आवश्यकता है। जिसे दुरुस्त करने का प्रयास किया जा रहा है। शिक्षा ही विकास के नए नए माध्यमों को खोलता है। उन्होंने बताया कि हमारा पंचायत कृषि प्रधान क्षेत्र है, जहां सिंचाई के लिए काफी प्रयास किए गए है। किसानों को उन्नत बीज, अधिक फसल उत्पादन के लिए प्रशिक्षण, गौ पालन का प्रशिक्षण, पशु पालन का प्रशिक्षण कृषि विश्वविद्यालय द्वारा दिया गया है। जिससे किसान आत्मनिर्भर हो रहे है। सखी मंडल के द्वारा पंचायत की महिलाएं आत्मनिर्भर एवं सशक्त बन रही है। उन्होंने कहा कि डेढ़ साल के कार्यकाल में सारे विद्यालयों और उप स्वास्थ्य केंद्र में आरओ, हैंड वॉश लगाया गया है। नाली, चैक डैम, जलमीनार, पीसीसी पथ का निर्माण कराया गया है। पंचायत सचिवालय का सुंदरीकरण कराया गया। इसके अलावा दो तालाब का गहरीकरण का अनुशंसा किया है, जिसकी स्वीकृति मिल गई है।डीएमएफटी मद से करीब आठ करोड़ रुपये से राजकीय पशु प्रक्षेत्र में विविध निर्माण, सुकर, सांड, गोशाला भवन में विविध निर्माण का कार्य कराया जाना है। उन्होंने कहा कि पंचायत को मॉडल स्वरूप प्रदान करना ही उनकी पहली प्राथमिकता है।

कविता कुमारी ने अक्षत का किया वितरण

बरही। खोड़ाहैर पंचायत अंतर्गत पांच माइल में आदिवासियों के बीच श्री राम मंदिर तीर्थ क्षेत्र अयोध्या का पूजित अक्षत आमंत्रण वितरण महिला नेत्री कविता कुमारी ने सभी घरों में किया। कविता कुमारी ने कहा कि हमसभी को प्रभु राम के स्वागत में 22 जनवरी को मंदिर में पूजा, हरी कीर्तन, हवन की तैयारी में जुट जाना है। उन्होंने प्रभु का समाज के प्रति प्रेम भाव का व्याख्यान किया और उन्हें समझाया कि हमारा धर्म सर्वोपरि है, उसमें भी राम का कार्य तो सबसे ऊपर है। केवल राम का नाम लेने से मानव जीवन सफल हो जाता है इसका प्रमाण हिन्दू ग्रन्थ रामायण में मिलता है जिसके आधार पर पत्थर पर केवल प्रभु का नाम लिख देने से वो पानी के ऊपर तैर गया। हमें भी अपने जीवन की नैया को पार करने के लिए राम नाम ही एकमात्र सहारा है, इसलिए हमसब जिस सनातन परंपरा के वाहक हैं उसका जीवन पर्यन्त निर्वहन करें मौके पर विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, संदीप चंद्रवंशी, सुधांशु कुमार, प्रदीप चंद्रवंशी, शशि कुमार, धर्मेंद्र कुमार सहित अन्य रामभक्त मौजूद थे।

दारू में रामभक्तों ने किया अक्षत का वितरण

दारु। दारू प्रखंड के बक्शीडीह व दारू खरिका के राम भक्तों के द्वारा काफी हर्षोउल्लास के साथ पूजित अक्षत और निमंत्रण पत्रक बांटे गए। राम भक्तों ने सभी घरों में पूजित अक्षत और आमंत्रण पत्रक सौंपते हुए प्रभु के प्राण प्रतिष्ठा के दिन को उत्सव के रूप में मानने और उसके पश्चात श्री अयोध्या धाम में रामलला के दर्शन हेतु जाने को कहा। 22 जनवरी को राम उत्सव के रूप में मनाई जाएगी और सभी अपने घरों में दीपावली की तरह दिए जलाएंगे ऐसा सभी लोगों ने कहा। दुर्गा मंडप में 22 जनवरी को हवन पूजन व भंडारे का आयोजन होगा। इस पुनीत कार्य में बक्शीडीह से प्रफुल बक्शी, बजरंग सहाय, राजन सिन्हा, रौशन सिन्हा, विकाश कश्यप, प्रभाकर सिन्हा, भैया नितेश, शिशिर सिन्हा, योगेंद्र राम, उपेंद्र पासवान, प्रवीण सिन्हा, अंकित अनुराग, सुमित सिन्हा, प्रमोद पासवान, पुष्पा सिन्हा, आरती सिन्हा मौजूद थे। खरिका से दिनेश कुमार सोनी, रविंद्र कुमार, राकेश कुमार, जयनारायण मंडल, धीरज कुमार, शिबू प्रसाद, दशरथ कुमार, लीना साहा, अनीता देवी, रूबी कुमारी, संगीता देवी, नूतन देवी, उषा देवी, नीतू देवी, रीता देवी, गायत्री देवी, सरिता देवी सहित कई रामभक्त मौजूद थे।

विभाग ने जर्जर तारों को बदलने का दिया निर्देश

हजारीबाग। बड़कागांव एवं केरेडारी में होने वाली बिजली समस्याओं के समाधान के लिए विद्युत सब स्टेशन का निर्माण होना है। विधायक अंबा प्रसाद के द्वारा विधानसभा में मामला उठाने के बाद गरीखुर्द में बनने वाले विद्युत सब स्टेशन की प्रक्रिया में तेजी आई है, सिर्फ ग्राम सभा से स्वीकृति शेष है। शुक्रवार को हजारीबाग विद्युत विभाग पहुंचकर विद्युत सब स्टेशन का निर्माण को लेकर विधायक अंबा प्रसाद ने वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। विधायक ने क्षेत्र के जर्जर पड़े तारों को बदलने हेतु निर्देश दिया तथा जले हुए ट्रांसफार्मर की बदली ससमय करने हेतु विभाग को निर्देशित किया गया। वहीं विधायक ने बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र के पदनवाटांड़, सिमराजरा मच्चाटांड़ समेत विभिन्न क्षेत्रों में बिजली नहीं पहुंचने पर भी अधिकारियों को फटकार लगाते हुए शीघ्र विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित करने की बात कही।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

कटकमदाग। राष्ट्रीय युवा दिवस सह विवेकानंद जयंती समारोह विवेकानंद आईटीआई जबरा रोड कोर्रा हजारीबाग में आयोजित की गई। विधायक मनीष जयसवाल , सेंट कोलंबस कॉलेज हजारीबाग के दर्शन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डा राजकुमार चौबे, प्रबंधन संस्थान विनोबा भावे विश्वविद्यालय के प्रध्यापक डा सरोज रंजन ने संबोधित किया। मंच संचालन किया संजय तिवारी जी ने। शिक्षक सुबोध मिश्रा, फिल्म जगतगुरू रामकृष्ण के निमार्ता गजानंद पाठक, अनुप कुमार सिन्हा एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

सिमराढाब में सोहराय धूमधाम से संपन्न

टाटीझरिया । बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के टाटीझरिया प्रखंड सिमरा ढाव, सिझुआ मे झारखंडी पर्व सोहराय बहुत धुम धाम से मनाया गया. इस अवसर पर सिमराढाव के समाजसेवी अशोक मुर्मू ने युवा नेता गौतम को फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम मे दर्जनों महिला पुरुष ने ढ़ोल मांदर के साथ झारखंडी गीत के साथ गौतम कुमार के साथ नाचते गाते हुए थिरके। युवा नेता गौतम कुमार ने कहा की सोहराय हमारी झारखंडी संस्कृति की रीढ़ की हड्डी है। सिमरा ढाव में इस वर्ष भी सोहराय धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम के दौरान युवा समाजसेवी रंजीत यादव, दीपक सिंह,छोटीलाल मुर्मू, राजेश सोरेन, महेश हांसदा, तालो हसदा, सुरेश मुर्मू, चुकू मुर्मू, बाबूराम सोरेन, किसुन मुर्मू, मोनिका हेमब्रोम, मूर्ति देवी, ललिता देवी, बबिता देवी, लीलमुनी देवी, सीतामुनि देवी,समेत अन्य कई ग्रामीण शामिल थे।

प्रशिक्षु डीएसपी ने लिया दारू थाना का प्रभार

दारू। प्रशिक्षु डीएसपी पूजा कुमारी शनिवार को दारू थाना प्रभारी का पदभार ग्रहण किया। निवर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार ने बुके देकर स्वागत किया और प्रभार सौंपा ।डीएसपी दो माह के लिए दारू थाना में प्रशिक्षण लेंगी। प्रभार लेने के बाद प्रशिक्षु डीएसपी निवर्तमान थाना प्रभारी अमित कुमार के साथ दारू थाना क्षेत्र का दौरा किया।

कटकमदाग में निकाली गयी कलश यात्रा

कटकमदाग। ग्राम हाथामेंढी में सनातनी राम भक्तों ने शिव मंदिर प्रांगण से भगवा ध्वज के साथ निकाली। यात्रा शिव मंदिर प्रांगण से निकालकर हर गली मोहल्ले में जाकर हर घर में अक्षत को पहुंचाया। सनातन माताओ बहनों नौजवान साथियों बच्चे बुजुर्ग सब कलश यात्रा में शामिल होकर इस पूजित अक्षत को हर घर में सफलतापूर्वक पहुंचने का कार्य किया। मौके पर सुनील कुमार यादव, दीपक कुमार पंडित, राजेश प्रजापति, बालेश्वर प्रसाद, दिनेश प्रसाद, मुकेश प्रजापति, राजा कुमार, पवन कुमार, संदीप कुमार, शंभू प्रजापति, ईश्वर महतो, भुनेश्वर प्रजापति, विनोद प्रसाद कुशवाहा, राजेश कुमार प्रीति कुमारी सपना देवी एवं राम भक्त उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

कई विद्यालयों में मनी विवेकानंद जयंती

घाघरा। प्रखंड के कई विद्यालयों में स्वामी विवेकानंद जयंती और मकर संक्रांति पर कार्यक्रम किया गया। इस क्रम में विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल, सोलिटीयर एजुकेशनल एकेडमी, भास्कर एजुकेशनल एकेडमी, मोंटेसरी पैराडाइज स्कूल जग बगीचा व अन्य विद्यालयों में कार्यक्रम हुए। इस क्रम में विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल में बच्चों के बीच पेंटिंग निबंध प्रतियोगिता हुई। वहीं सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी में प्रश्न उत्तर प्रतियोगिता बाद विवाद प्रतियोगिता किया गया। वहीं मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी में पतंग उत्सव, भास्कर एजुकेशनल एकेडमी में पतंग उत्सव मना। मकर संक्रांति का स्वागत भी बच्चों ने किया। विद्यालय प्रबंधन ने सभी छात्र-छात्राओं को दही चुड़ा तिलकुट खिलाया। मौके पर विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल के संस्थापक भवानी प्रसाद राय, भास्कर एजुकेशनल एकेडमी के संस्थापक नितेश रंजन भास्कर, सॉलिटेयर एजुकेशनल एकेडमी के सचिव अंकित श्री, मोंटेसरी पैराडाइस एकेडमी के संस्थापक संजय भगत थे।

सड़क दुर्घटना में दो लोग घायल

घाघरा। थाना क्षेत्र के नवडीहा अलकतरा प्लांट के समीप शुक्रवार की शाम सड़क दुर्घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों में मोकरो हुड़कु टोली टोटो के सीलबानुष एक्का और आदर चट्टी निवासी प्रकाश चंद्र भगत शामिल हैं। घायलों को ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया। जहां चिकित्सकों ने दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार अज्ञात चार चक्के वाहन ने टेंपो को टक्कर मारी और टेंपो ने मोटरसाइकिल सवार को टक्कर मारा। वहीं भैंस खरीद के पैदल आ रहे व्यक्ति को बाइक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार और भैंस खरीद के पैदल चल रहे दोनों व्यक्ति घायल हो गये। टेंपो और चार चक्का वाहन घटना स्थल से फरार हो गया। वहीं सिलबानुस की पत्नी ने बताया कि वह लोहरदगा से दो भैंस के बच्चा खरीद कर अपने गांव पैदल पति के साथ जा रही थी। इसी क्रम में अलकतरा प्लांट के समीप बाइक अनियंत्रित होकर इसके पति को जा टकराया। जिससे दोनों घायल हो गये।

पतंजलि की देखरेख में गुरुकुल शांति आश्रम में मनेगा मकर संक्रांति का पर्व

लोहरदगा। पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान न्यास जिला इकाई शनिवार को स्थानीय गुरुकुल शांति आश्रम प्रांगण में वैदिक मंत्रों के साथ हवन कर मकर संक्रांति का पर्व मनायेगा। जिसमें पतंजलि योग समिति, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास, युवा भारत, सोशल मीडिया एवं अन्य प्रकल्पों के पदाधिकारी योगी योद्धा एवं अन्य अनुसांगिक संगठनों के प्रतिनिधि भाग लेंगे। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हवन के उपरांत गुरुकुल के ब्रह्मचारियों के साथ पतंजलि एवं विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि गण, सामूहिक रूप से दही, चूड़ा एवं तिलकुट का प्रसाद स्वरूप ग्रहण करेंगे।

मनोहर अभिव्यक्ति का विमोचन

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय की त्रैमासिक पत्रिका मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय वर्ष के तृतीय अंक का विमोचन किया गया। मनोहर अभिव्यक्ति के द्वितीय अंक का विमोचन अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, उपाध्यक्ष विनोद राय, सचिव अजय प्रसाद, प्राचार्य उत्तम मुखर्जी, सुरेश चंद्र पांडे, कृष्ण प्रसाद, देवानंद महतो, डॉक्टर कुमुद कुमार, पुष्कर महतो, राघव राणा, धनेश्वर महतो, चंद्रशेखर प्रसाद, शिवशंकर प्रसाद, प्रो रामानंद अग्रवाल, अजय कुमार मित्तल, धनेश कुमार महतो, मीरा देवी और पत्रिका की संपादक स्नेहा शर्मा के द्वारा सामूहिक रूप से किया गया। पत्रिका की संपादक स्नेहा शर्मा ने बताया कि कॉलेज की गतिविधियों को दशार्न वाली इस त्रैमासिक पत्रिका में शैक्षिक गतिविधियों सा सह-शैक्षिक गतिविधियों व भैया-बहनों की कलाकृतियों को विशेष स्थान दिया गया है।

ग्राम पंचायत विकास फोरम की बैठक में शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोरदार चर्चा

सेन्हा-लोहरदगा। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत भवन में ग्राम पंचायत विकास फोरम की बैठक मुखिया शोभा देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें शिक्षा और स्वास्थ्य पर जोर दिया गया। वहीं वीडियो प्ले से पिरामल टीम की स्वाति कुमारी और अजय राठौड़ ने जीपीपीएफटी फोरम के महत्व को विस्तारपूर्वक बताया। बैठक में मुखिया शोभा देवी ने शिक्षा और स्वास्थ्य के मुख्य मुद्दे पर ध्यान केंद्रित कराया। जिसे पिरामल टीम ने वीडियो से शिक्षा, स्वास्थ्य सहित सभी मुख्य चीजों ग्राम पंचायत विकास फोरम को समझाने में सहायक साबित हुआ। जिसे मुखिया, पंसस, उप मुखिया, ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव, जलसहिया, स्वास्थ्य सहिया, एएनएम ने लाभ पाने के उद्देश्य से कार्यक्रम को नियमित रूप से संचालित करने का आग्रह किया। मौके पर पंसस सफरुद्दीन अंसारी, उप मुखिया संगीता देवी, पंचायत सचिव मधुसूदन भगत के अलावे सभी वार्ड सदस्य और आंगनबाड़ी सेविकाएं आदि थे।

रिक्त पद भरने को जल्द होगी परीक्षा

लोहरदगा। उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय, हिरही में रिक्त शैक्षणिक व गैर-शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति हेतु बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में हुई। बैठक में लिखित परीक्षा ओएमआर शीट पर लिये जाने का निर्णय लिया गया। इसमें लिखित परीक्षा के लिए प्रश्न-पत्र तैयार करने व इंटरव्यू परीक्षा के लिए अलग-अलग निर्णायक समितियां गठित की गयीं। परीक्षा तिथि निर्धारण का निर्देश शिक्षा विभाग को दिया गया। बैठक में डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, एलआरडीसी सुजाता कुजूर, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी, अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे।

पूर्व सैनिकों की समस्याओं का समाधान

लोहरदगा। जिले में प्रथम बिहार रेजीमेंट ने भूतपूर्व सैनिक वेलफेयर ट्रस्ट, लोहरदगा के सहयोग से पूर्व सैनिक सम्मान समारोह वेटरन डे नगर भवन में किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, डीडीसी दिलीप सिंह शेखावत, डीएफओ अरविंद कुमार समेत कई प्रशासनिक पुलिस और सेना के अधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम में सैनिक सेवा के अधिकारियों ने कहा कि भारतीय सेना हमेशा अपने भूतपूर्व साथियों का ख्याल रखती है। उनकी समस्याओं का समुचित समाधान किया गया।

अपने गांवों में बुनियादी सुविधाओं को लेकर महिलाओं का प्रदर्शन

- एसोसिएशन की प्रदेश सचिव सह गुमला जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने किया धरना का नेतृत्व
- जिले के कई गांवों तक अब भी नहीं है सड़क, पुल, पुलिया, बिजली व पेयजल की व्यवस्था
- आकांक्षी प्रखंड डुमरी के मिरचाईपाठ समेत कई गांवों के ग्रामीणों को अब भी है विकास का इंतजार

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। झारखंड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोसिएशन के बैनर तले शनिवार को उपायुक्त कार्यालय के सामने विभिन्न गांवों के ग्रामीणों ने गांव में बुनियादी सुविधा बहाल करने की मांग को लेकर शनिवार को धरना दिया। धरना का नेतृत्व एसोसिएशन के प्रदेश सचिव सह गुमला जिलाध्यक्ष देवकी देवी ने की। धरना के उपरांत उपायुक्त के नाम प्रतिनिधि मंडल ने 18 सूत्री मांग पत्र सौंपा। धरना के माध्यम से डुमरी प्रखंड के मिरचाई पाठ गांव तक जाने के लिए करनी से मिरचाई पाठ तक सड़क बनाने की मांग की गयी।

साथ ही गांव में बिजली की व्यवस्था व चिकित्सा सुविधा देने व पेयजल के लिए जलमीनार बनाने की मांग की गयी। डुमरी प्रखंड के सिरमी बेहरा टोली से अंबाटोली के बीच चिडरा नदी में पुल बनाने व आस्ता गांव के ढोढ़ीपाठ के जर्जर स्कूल भवन को दुरूस्त करने की मांग रखी गयी। वहीं विद्यालय तक आने जाने के लिए बेहतर सड़क की भी मांग की गयी। सिरमी अंबाटोली से बेहराटोली होते हुए शंख नदी तक रोड निर्माण व पुल निर्माण की मांग की गयी। रायडीह प्रखंड के तियन टोंगरी में ग्रामीण चुंआ का पानी पीते हैं। गांव जाने के लिए सड़क भी नहीं है। ग्रामीणों ने शुद्ध पेयजल की व्यवस्था व सड़क एवं पुलिया की मांग की। वहीं रायडीह प्रखंड के कसीरा से कंचोड़ा तक सड़क बनाने की मांग की गयी।

...और कहां क्या-क्या हैं समस्याएं

केस 1 चैनपुर प्रखंड का छिछवानी पंचायत का चंचाली गांव विकास से अछूता है। गांव जाने के लिए बेहतर सड़क नहीं है। बच्चों को स्कूल आने जाने में परेशानी होती है।

केस 2 बसिया प्रखंड का बाघमुंडा पर्यटन स्थल राज्यस्तरीय है लेकिन स्थल का विकास नहीं हुआ है। बाघमुंडा सड़क गड्ढों से भरा पड़ा है। इस स्थल पर गुमला, सिमडेगा, रांची व उड़ीसा राज्य से सालों भर पर्यटक आते हैं। लेकिन सुविधा कुछ भी नहीं है।

केस 3 सिसई प्रखंड टंगराटोली स्कूल से लेकर मुरगू स्कूल तक जर्जर सड़क को बनाने व सिसई ब्लॉक से कुदरा गांव तक सड़क बनाने की मांग की गयी। इसी तरह गुमला प्रखंड के कोटाम तक, बसिया प्रखंड के तुकाई से तनालोया तक, जारी प्रखंड के अंगा गांव से कंचोड़ा तक, विशुनपुर प्रखंड के जालिम गांव तक, घाघरा प्रखंड के हालमाटी से कासपोड़या व हालमाटी से बाराडीह तक, गुमला प्रखंड के हवाई अड्डा से कसीरा भाया ओलमुंडा से ओकबा तक सड़क निर्माण की मांग की गयी।

उपायुक्त कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन में शामिल महिलाएं।

धरना-प्रदर्शन में ये भी रहे उपस्थित

धरना में सुमन लकड़ा, सरोज बाखला, विमला तिग्गा, वाल्टर बाखला, सुशीला बाखला, प्रिस्का बाखला, मिलकियानी बाखला, पुण्य बाखला, अनिमा टोप्पो, मर्था बाखला, जसिंता तिग्गा, सिलवंती लकड़ा, आशा तिग्गा, बेरोनिका टोप्पो, अनुपबेला लकड़ा, मरियम लकड़ा, निर्मला टोप्पो, मगदली लकड़ा, किरण टोप्पो, निर्मला खलखो आदि शामिल थीं।

कुएं में कूदकर प्रेमी जोड़े ने की आत्महत्या, शव बरामद

- रात से ही दोनों थे गायब, परिजन रात भर खोजते रहे, सुबह कुएं में शव मिलने से हुआ मौत का खुलासा
- कई सालों से दोनों के बीच चल रहा था प्रेम प्रसंग

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। थाना क्षेत्र के डुको पीपर टोली में दो नाबालिक प्रेमी जोड़ी का शव गांव के ही कुआं से शनिवार को बरामद किया गया। जिसमें 16 वर्षीय प्रेमी मुकेश गोप व 16 वर्षीय प्रेमिका प्रतिमा कुमारी का शव मिला है। मृतक मुकेश के पिता बालमोहन गोप ने बताया कि उसका दो मकान है। माता-पिता एक मकान पर रहते है। रात में सोने के लिए सभी भाई दूसरे मकान में जाते हैं। शुक्रवार की रात भी सभी भाइयों ने खाना खाकर दूसरे मकान में सोने के लिए चले गये पर मुकेश नहीं पहुंचा। रात में काफी खोजबीन किया गया कोई पता नहीं चला। वहीं प्रतिमा के पिता रंथू उरांव ने बताया कि उसकी बेटी लगभग 8 बजे रात में घर से निकली थी। जिसके बाद से वह लौटकर नहीं आयी। उसकी भी रात में खोजबीन किया गया लेकिन उसका भी कहीं पता नहीं चला। प्रतिमा के मोबाइल पर फोन लगाया पर प्रतिमा ने फोन रिसीव नहीं किया। शनिवार की सुबह प्रतिमा के घर से लगभग 100 मीटर की दूरी पर स्थित कुएं में जब एक किसान सिंचाई करने के लिए पानी भरने पहुंचा तो कुएं में दो शव तैरता हुआ देखा। जिसके बाद इसकी सूचना पूरे गांव में फैल गई। शव को बाहर निकाला गया तो पता चला कि उक्त शव मुकेश व प्रतिमा का ही है। घटना की सूचना घाघरा थाना को दी गयी।

प्रेमी जोड़े के शव के समीप खड़े ग्रामीण।

कुडू में एआइएमआइएम कार्यालय का हुआ उद्घाटन

दूसरे दलों की विचारधारा वाले कई कार्यकर्ताओं ने थामा पार्टी का दामन

खबर मन्त्र संवाददाता

कुड़ू, लोहरदगा। जिले के कुडू प्रखण्ड स्थित रहमतनगर कृषि फार्म के पास शुक्रवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन प्रखंड कार्यालय का विधिवत उद्घाटन किया गया। कार्यलय का उद्घाटन जिला अध्यक्ष तौफीक अंसारी, यूथ के प्रदेश महासचिव मो बब्बन, शमशेर खान, तजमुल अंसारी ने किया।

जिलाध्यक्ष तौफीक अंसारी ने कहा कि यह कार्यालय कुडू सहित जिले की तरक्की के लिए एक मंच होगा। क्षेत्र की बड़ी आबादी जिन्हें वर्षों से खासकर मुसलमानों की हितैषी होने का दम भरने वाली राजनीतिक पार्टी लोक लुभावन भाषणों और झूठे आश्वासनों से छले गये छुब्ध लोग एआईएमआईएम से जुड़ना चाह रहे थे। उनके लिए एक स्थाई कार्यालय होने से उन्हें काफी सुविधा होगी। यहां प्रतिदिन कार्यकर्ता नियमित रूप से बैठकर लोगों की छोटी से छोटी और बुनियादी समस्याओं पर मंथन कर उसका समाधान करने का खाका तैयार करेंगे। प्रत्यासी कौन होगा के सवाल पर तौफीक अंसारी ने कहा कि सबसे पहले इसे समझने की जरूरत है कि मजलिस सिर्फ मुसलमानों की पार्टी नहीं सभी वर्गों को साथ लेकर सभी की बात करती है। आने वाले समय मे झारखंड में पार्टी दबे कुचले और वंचित वर्गों की आवाज बनेगी।

कार्यालय का उद्घाटन करते लोग।

महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की बैठक 16 को

गुमला। झारखंड नवनिर्माण दल (झानद) से जुड़ी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति गुमला जिला इकाई की महत्वपूर्ण बैठक 16 जनवरी 2024 को गुमला में होगा। विदित हो कि 8 मार्च महिला दिवस पर रांची में होनेवाली महिला मंडल सहयोग संचालन समिति की केंद्रीय महिला सम्मेलन की तैयारी को लेकर झारखंड के जिलों में बैठक की जा रही है। जिसके तहत गुमला जिला में बैठक कर 8 मार्च 2024 को केंद्रीय महिला सम्मेलन में गुमला जिला से भी हजारों महिला प्रतिनिधियों की भागीदारी के लिए 16 जनवरी 2024 को जिला स्तरीय बैठक बुलायी गयी है। यह जानाकारी जेएनडी के केंद्रीय सदस्य सह प्रभारी महिला मंडल सहयोग संचालन समिति के पुष्पा उरांव ने दी है।

राष्ट्रीय युवा दिवस पर डीएवी स्कूल में लगी विज्ञान प्रदर्शनी

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। राष्ट्रीय युवा दिवस पर डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में शनिवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगायी गयी। प्रधानाचार्य डॉ रमाकांत साहू एवं विज्ञान शिक्षकों ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। प्रधानाचार्य ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता एवं नवीन आविष्कार पैदा करते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित एवं प्रेरित करना तथा जनसाधारण को विज्ञान व वैज्ञानिक उपलब्धियों के प्रति सजग करना था। विद्यार्थियों ने हिमो डायलिसिस, एनीमोमीटर, टेस्ला कोइल, स्मार्ट होम, वॉइस कंट्रोल, लाईफाई, स्मार्ट ब्लाइंड स्टिक जैसे कई विषयों पर एक से बढ़कर एक प्रदर्श बनाये। ग्रुप ए में समृद्धि साबु एवं ख्याति मंत्री ने प्रथम, शिव शंकर सारंगी एवं आशुतोष कुमार आर्या ने द्वितीय तथा अथर्व, वारिस एवं अभिषेक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

एक माता ही बच्चों के अंदर संस्कार सृजन की क्षमता रखती है : सुमन राय

- शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर में मातृ सम्मेलन आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में विद्या भारती की योजना अनुसार मातृ सम्मेलन का कार्यक्रम अत्यंत उत्साह पूर्ण वातावरण में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ आगत अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पार्चन करके किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अतिथि परिचय एवं सम्मान का कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए कहा कि बच्चों में संस्कार माताएं ही भरती हैं।

चलंत दूरभाष के दुरुपयोग पर भी उन्होंने प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में अभिभावक प्रतिनिधि लाल मुनी देवी, सुमन राय, रेनू अग्रवाल, कनक लता अग्रवाल, रीता अग्रवाल, रश्मि अग्रवाल एवं प्रियंका अग्रवाल विशेष रूप से उपस्थित थी। इस अवसर पर बहन कशिश एवं सहेलियों ने माता के संबंध में एक भावपूर्ण गीत प्रस्तुत किया। समृद्धि एवं उनकी सहेलियों द्वारा नृत्य की प्रस्तुति हुई एवं बहन अन्वेषा मुखर्जी ने माता के कर्तव्यों को दशार्ती एक कविता प्रस्तुत की।

मातृशक्ति ने दिया प्राण प्रतिष्ठा का आमंत्रण

लोहरदगा। शहर के पतरा टोली बस्ती के महिलाओं ने वार्ड संख्या 6 में घर-घर जाकर अयोध्या से आये पूजित अक्षत एवं पत्रक एवं चित्र को वितरण किया। मौके पर कहा गया कि 22 जनवरी को अपने-अपने निकटतम मंदिर पर सुबह से ही भजन-कीर्तन, पूजा, भंडारा की बात कही गयी। विहिप मातृशक्ति की अगुवाई में अनुराधा देवी, रामवती देवी, संतोषी देवी, गुंजन देवी, शीला देवी, सुमित्रा देवी, सोनी देवी व इंदु देवी ने घर-घर लोगों को अक्षत और निमंत्रण पत्र दिया।

मां महा मैत्रायणी योगिनी का निर्वाण दिवस मना

घाघरा। सर्वेश्वरी शाखा समूह घाघरा में परम पूज्य अघोरेश्वर की जननी मां महा मैत्रायणी योगिनी का निर्वाण दिवस शनिवार को मनाया गया। इसके पूर्व पूजन पाठ शाखा समूह के सदस्यों ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत श्री सर्वेश्वरी समूह के संस्थापक अध्यक्ष परमपूज्य अघोरेश्वर एवं संस्था के निवर्तमान अध्यक्ष पूज्य गुरुपद बाबा के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। कार्यक्रम के दरम्यान असहाय गरीबों को भोजन कराया गया। साथ ही 70 असहाय महिलाओं के बीच साड़ी का वितरण और पुरुषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। मौके पर बलराम सोनी, नंदलाल साहू, दिलीप श्रीवास्तव, सपु प्रसाद, मोतीलाल साहू, दिलीप दास, लक्ष्मण साहू सहित कई महिला पुरूष शामिल थे।

कई विद्यालयों में मकर संक्रांति के पहले पतंग उत्सव कार्यक्रम

खबर मन्त्र संवाददाता

घाघरा। प्रखंड के कई विद्यालयों में मकर संक्रांति के पूर्व पतंग उत्सव कार्यक्रम शनिवार को किया गया। इस क्रम में भास्कर एजुकेशनल एकेडमी, मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी जग बगीचा, सरस्वती शिशु मंदिर नवडीहा विद्यालयों में हर्ष और उमंग के साथ मकर संक्रांति के पूर्व पतंग उत्सव कार्यक्रम किया गया। विद्यालय के कई बच्चों ने पतंग उत्सव प्रतियोगिता में भाग लिया। इस क्रम में मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी में प्रथम स्थान पर अनिल भगत, द्वितीय स्थान पर अंशु उराव, तृतीय स्थान पर विनम्र उराव रहे। भास्कर एजुकेशनल एकेडमी के निदेशक सह प्राचार्य नितेश रंजन भास्कर ने कहा कि हिंदू धर्म के अनुसार इस दिन सूर्य धनु राशि छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करता है। इसलिए इस दिन को मकर संक्रांति के रूप में मनाया जाता है। वहीं मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी के निदेशक संजय भगत ने कहा कि मकर संक्रांति का पर्व आपस में मिल-जुल कर मनायें।

तीन वर्ष से जमे अफसरों का तत्काल हो स्थानांतरण: हेमावती

गुमला। निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में तबादलों का दौर शुरू होगा। गुमला में भी कई ऐसे अधिकारी हैं जो तीन वर्ष या उससे अधिक समय से जिले में जमे हुए हैं। इस बाबत कांग्रेस की महिला उपाध्यक्ष हेमावती लकड़ा ने वैसे अधिकारियों का तत्काल तबादला करने का अनुरोध किया है। कहा है कि ऐसे अधिकारियों की सूची उपायुक्त से मांगी गयी है। उम्मीद है कि जल्द ही स्थानांतरण सुनिश्चित किया जायेगा।

पतंगबाजी प्रतियोगिता में नितेश उरांव बने विजेता

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर महाविद्यालय में समरसता खिचड़ी और पतंग उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा भारत माता के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता में नितेश उरांव ने प्रथम स्थान, अंकित उरांव ने द्वितीय स्थान और तृतीय स्थान प्रियांशु उरांव ने प्राप्त किया। पतंग उत्सव प्रतियोगिता में मोहित कुजूर, अंकित तिग्गा, अंशु साहू की सहभागिता रही।

शिक्षा के बगैर एक स्वस्थ समाज की कल्पना निरर्थक: बिपिन सिन्हा

- सर्वेश्वरी समूह गुमला ने फटकपुर व वृद्धा आश्रम में किया कंबल का वितरण
- बच्चों के बीच किया गया गर्म वस्त्र का वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

गुमला। नर सेवा के मूलमंत्र से संकल्पित श्री सर्वेश्वरी समूह के उन्नीस सूत्री कार्यक्रम के तहत समूह के गुमला शाखा और महिला संगठन के संयुक्त तत्वावधान में गुमला प्रखंड के फटकपुर मौजा में एक सौ तथा वृद्धाश्रम में रह रहे इक्कीस जरूरतमंद असहायों के बीच कंबल बांटा गया।

वहीं महिला संगठन के सदस्यों ने 110 स्कूली बच्चे बच्चियों को गर्म कपड़ा के रुप में स्वेटर, टोपी, मोजा आदि दिया। इस बीच ग्रामीणों एवं बच्चे एवं वृद्ध काफी हर्षित नजर आये। वितरण के पूर्व ग्रामीणों के साथ आयोजित संवाद कार्यक्रम के प्रारंभ में स्थानीय प्रार्थना गृह के आचार्य भोला नाथ दास द्वारा समूह के सदस्यों का परिचय कराते हुए श्री सर्वेश्वरी समूह के सेवा कार्यो की जानकारी दी।

शाखा के उपाध्यक्ष अजय प्रसाद ने ग्रामीणों को नशाखोरी से होने वाली हानि का उल्लेख करते हुए इससे बचने की नसीहत दी। उन्होंने लोगों से समय समय पर समूह की ओर से लगाये जाने वाले हेल्थ कैंप में उपस्थित होकर चिकित्सा सेवा प्राप्त करने का भी आह्वान किया।

गुमला शाखा के मंत्री विपिन कुमार सिन्हा ने ग्रामीणों को शिक्षा का अलख जगाते रहने की प्रेरणा देते हुए अपने बच्चों को विद्यालय अवश्य भेजने की अपील की और कहा कि शिक्षा के वगैर एक स्वस्थ समाज की कल्पना निरर्थक है।

गरीबों में कंबल बांटते सर्वेश्वरी समूह के सदस्य।

जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, कई मुद्दों पर जोरदार चर्चा

- अपर बाजार और सोमवार बाजार में सड़क पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों पर कार्रवाई का मिला निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

लोहरदगा। डीडीसी दिलीप प्रताप सिंह शेखावत की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक समाहरणालय स्थित सभागार में हुई। जिसमें सर्वप्रथम सड़क दुर्घटना में मृत व घायल मामलों की समीक्षा हुई। इसमें दिसंबर में कुल 13 सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा हुई, जिसमें 11 मृतक हैं। वहीं 07 गंभीर और 02 हल्के घायल थे। पुलिस विभाग को संबंधित थानों से प्रतिवेदन प्राप्त कर कार्रवाई का निर्देश दिया।

नववर्ष में पिकनिक सीजन को देखते हुए पुलिस विभाग को ओवर स्पीड, ओवर लोडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग मामलों में जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक द्वारा दिसम्बर माह 2023 में 177 मामलों में 3,99,800 रुपये दण्ड स्वरूप वसूल किये जाने की जानकारी दी गयी। पुलिस विभाग को हेलमेट पहनने के लिए सघन वाहन जांच चलाये जाने का निर्देश पुलिस विभाग को दिया। एनएच, रांची को एनएच 143अ और एनएच 143 अऋ में झुकी डालियों को कटवाने हेतु वन प्रमंडल लोहरदगा से समन्वय स्थापित किये जाने के निर्देश पर डीएफओ द्वारा बताया गया कि 50 झुकी हुई पेड़ों को काटा जा सकता है।

बैठक करते लोहरदगा बीडीओ व उपस्थत अन्य।

स्पीड न्यूज

समाजसेवी की पुण्यतिथि पर भोजन का वितरण

वितरण करते अग्रवाल परिवार के सदस्य

गढ़वा। अग्रवाल परिवार के तत्वावधान में समाजसेवी स्व. इंद्र चन्द्र अग्रवाल (चौरी बाबू सर्राफ) की पुण्यतिथि पर शनिवार को शहर के रंका मोड़ स्थित संकट मोचन मंदिर के समीप जरूरतमंदों के बीच भोजन का वितरण किया गया। मौके पर हर्ष अग्रवाल ने कहा कि स्व.चौरी बाबू सर्राफ की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। समाजसेवा में जो छाप उन्होंने छोड़ी है काबिले तारीफ और याद्गार है। उन्ही की प्रेरणा से प्रेरित होकर हम सभी परिवार के लोग भी सेवा का कार्य कर रहे है।

एबी निगेटिव रक्त दिलाकर विक्षिप्त का लौटाया जीवन

रक्तदान करते श्रवण रजक

गढ़वा। पिछले दिनों दुर्घटना में घायल जिला मुख्यालय के गढ़देवी मोहल्ला निवासी अशोक राम चन्द्रवंशी नामक युवक का पैर बुरी तरह से टूट गया था। अपरेशन के लिए रक्त की अति आवश्यकता थी। वह विक्षिप्त हैं और उन्हें एबी निगेटिव रक्त की जरूरत थी। इस कारण उनका जीवन बचना मुश्किल लग रहा था लेकिन युवा समाजसेवी चन्दन जायसवाल, वार्ड पार्षद विनोद प्रसाद, मनीष कमलापुरी, बिट्टू केशरी ने कड़ी मेहनत कर उस ग्रुप के रक्तदाता फल विक्रेता श्रवण रजक को ढूंढ़ निकाला और उन्हें रक्त देकर एक जीवन को बचाने के लिए प्रेरित किया। श्रवण ने एक यूनिट रक्तदान करने का न सिर्फ वचन दिया बल्कि अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। इससे अशोक चन्द्रवंशी की जान बच गयी।

सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ ने किया नौ बूथों का निरीक्षण

निरीक्षण करते बीडीओ

बरडीहा। निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राम ने बरडीहा प्रखंड क्षेत्र में बूथ संख्या 70 से 78 कुल नौ बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान थाना प्रभारी पवन कुमार भी मौजूद थे। इस दौरान बीडीओ ने सभी बूथों पर मतदान से संबंधित रैंप, पानी की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, रहने की व्यवस्था, रूम की व्यवस्था आदि मतदान से संबंति मूलभूत सुविधाओं का भौतिक सत्यापन किया। साथ ही उन्होंने मतदान से संबंधित अव्यवस्थित एवं टूटे-फूटे को मरम्मती करवाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सलगा पूरब टोला बूथ का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शौचालय की गंदगी एवं अव्यवस्था देख विद्यालय के प्राानायापक विनोद कुमार प्रजापति को जमकर फटकार लगाई।

अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा पर चतुर्भुजी मंदिर में किया जाएगा 11 हजार दीप प्रज्वलित

जानकारी देते मंदिर विकास समिति के सदस्य

केतार। सुप्रसिद्ध मंदिर केतार चतुर्भुजी शक्तिपीठ धाम में 22 जनवरी को अयोध्या में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर मंदिर विकास समिति के द्वारा मंदिर परिसर में लाइव प्रसारण, भव्य भंडारा एवं ग्यारह हजार दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। वहीं रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के दिन सरयुदास रामलीला मैदान में भोजपुरी के प्रसिद्ध गायक और भोजपुरी गायिका के द्वारा भव्य भक्ति जागरण का आयोजन मंदिर विकास समिति के द्वारा किया जाएगा। केतार मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष सह मुखिया प्रमोद कुमार ने कहा कि 22 जनवरी को पूरे पंचायत में भक्तिमय माहौल रहेगा। हर घर दीप जलेगा। सचिव हेमंत पाठक ने बताया कि रामलला का प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर केतार मंदिर को वृहद तरीके से सजाया जाएगा। मौके पर संरक्षक रामविचार साहू, कोषाध्यक्ष विनोद प्रसाद भगत, उप कोषाध्यक्ष अमरनाथ जायसवाल, उप सचिव प्रमोद मेहता, उपायक्ष निशांत निश्रम, उप मुखिया संजय पाल, सुरेश प्रसाद, पंकज कमलापुरी, जयशंकर प्रसाद, मदन पटेल सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

खड़ी थार में लगी आग, मची अफरा-तफरी

कोडरमा। जिले के बांझेडीह पावर प्लांट गेट के समीप शुक्रवार की देर शाम एक खड़ी थार गाड़ी में अचानक से आग लग गयी, जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। किसी को कुछ समझ में आता, तब तक आग पूरी तरह से फैल चुकी थी। वहीं मौजूद लोगों ने आग बुझाने का काफी प्रयास किया, मगर तबतक थार पूरी तरह से जल गयी।

बीडीओ को धमकी देने वाला डीलर पुत्र आया पुलिस की गिरफ्त में, आरोपी गया जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

गिद्धौर। प्रखंड विकास पदाधिकारी को धमकाने और बर्बाद कर देने की धमकी देने वाला डीलर पुत्र पुलिस की गिरफ्त में आ गया है। थाना में मामला दर्ज करने के कुछ ही घंटे के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। विकास योजनाओं में जांच के दौरान प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो को धमकी दी गई थी।

विकास पदाधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार करने और धमकी देने के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। गिद्धौर प्रखंड विकास पदाधिकारी हरिनाथ महतो के द्वारा गिद्धौर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी दर्ज करने के कुछ ही घंटे में आरोपी डीलर के बेटे को गिरफ्तार कर लिया गया है। थाना प्रभारी गुलाम सरवर ने बताया कि गिद्धौर में जन वितरण प्रणाली दुकान की संचालिका नागेश्वरी देवी के पुत्र विकास कुमार पिता जगेश्वर महतो गिद्धौर बीडीओ को बर्बाद कर देने की धमकी दी थी। साथ ही खरीद लेने व तबादला कराने का भी धमकी दिया गया था। बीडीओ नागेश्वरी देवी के जन वितरण प्रणाली के दुकान की जांच कर रहे थे। बेटे ने बीडीओ को धमकी दी थी। उसके बाद उन्होंने मामला दर्ज करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और आज उसे न्यायिक रियासत में जेल भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सरकारी कार्य में बाधा व अन्य अन्य धाराओं में थाना कांड संख्या 4/2024 में मामला दर्ज किया गया था।

सामाजिक परिवर्तन का बड़ा केंद्र बन गया करिवाडीह का बजरंगबली मंदिर : विपिन सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

सूर्य मंदिर की प्रण प्रतिष्ठा 17 को

प्रेस कन्फ्रेंस करते बिपिन कुमार सिंह

गढ़वा। जिले के खरौंधी प्रखंड के करिवाडीह गांव में स्थापित किये गए बजरंगबली मंदिर से प्रेरणा लेकर नशा एवं मांस के आदी 90 प्रतिशत से अधिक लोग अपना जीवन बदल चुके हैं। उक्त बातें करिवाडीह निवासी सह देश की राजाानी दिल्ली के पूर्व डिप्टी मेयर एवं पूर्वांचल दिल्ली के भाजपा अयक्ष विपिन कुमार सिंह ने कही है। उन्होंने गढ़वा जिला मुख्यसली स्थित अपने आवास पर आयोजित प्रेस कन्फ्रेंस में कहा कि उन्होंने खुद के सहयोग से गांव में पंडा नदी के तट पर बजरंगबली मंदिर का निर्माण कराया गया है। मंदिर में हर सप्ताह भजन कीर्तन और पूजा पाठ होने से गांव में नशा करने वाले 90 प्रतिशत लोगों की भावना बदल गयी। वे मीट-मदिरा छोड़ चुके हैं और वे भगवान के भजन कीर्तन के मायम से अपने आप को पवित्र बना लिए हैं। अन्य लोग भी इसी मार्ग पर आगे बढ़ रहे हैं। ग्रामीणों की इच्छा पर पंडा नदी के तट पर ही सभी के सहयोग से एक भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण कराया गया है। जिसकी प्राण प्रतिष्ठा 17 जनवरी 2024 को निर्ाारित है। काशी विश्वनाथ मंदिर की पुजारी टीम भगवान की प्राण प्रतिष्ठा करेगी। उन्होंने कहा कि सूर्य देव की मूर्ति का निर्माण मकराना के पवित्र पत्थर से कराया गया है।

अन्नपूर्णा देवी गलत बयान देकर जनता को बरगलाती हैं : मनोज

कोडरमा। कांग्रेस के प्रदेश सचिव मनोज सहाय पिंकू ने सांसद सह केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी पर ढिबरा और बालू के मुद्दे पर गलत बयानी कर जनता को बरगलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि नये कानून के तहत ढिबरा का उठाव सरकार के साथ पंजीकृत सहकारी समितियां ही कर सकती हैं। सहकारी समितियां झारखंड राज्य खनिज विकास निगम को ढिबरा देंगी। खनिज निगम ढिबरा की बिक्री नीलामी प्रक्रिया के मायम से करेगा। इस नियम से परे हटकर ढिबरा का काम गैर कानूनी है। गैर कानूनी ो को रोकना प्रशासन का दायित्व है। इसीलिए अवै ढिबरा से लदे वाहन जब्त किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सांसद केंद्र में अभ्रक क्षेत्र का प्रतिनित्व करतीं हैं। क्या वे जनता को बताएंगी कि उन्होंने मृतप्राय अभ्रक उद्योग को पुनर्जीवित करने के लिए क्या किया है। सांसद को अभ्रक क्षेत्र की चिंता है तो वे परमाणु ऊर्जा विभाग की रोक हटवाने का प्रयास करें।

पुस्तक मेला को लेकर उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। प्रखंड मुख्यालय में जिला प्रशासन द्वारा 20 व 21 जनवरी को आयोजित दो दिवसीय पुस्तक मेला जिले के छात्र छात्राओं, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं और आमजनों के लिए काफी लाभदायक सिद्ध होगा। उक्त बातें शनिवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कही। उन्होंने मेला की जानकारी देते हुए कही कि पुस्तक मेले में दो दर्जन से अधिक प्रकाशकों के द्वारा प्रतियोगिता परीक्षाओं से सम्बंधित पुस्तकों के अलावे पाठ्यक्रमों से सम्बंधित पुस्तकें, कहानी, उपन्यास, साहित्य आदि से सम्बंधित पुस्तक लाये जाएंगे। इस पुस्तक मेला में जिला सीएम एसओई प्रखंड स्तरीय आदर्श विद्यालय, मॉडल विद्यालय, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय आदि के लिए भी पुस्तकों की खरीदारी की जानी है। उपायुक्त ने बताया कि पुस्तक मेले को ऐतिहासिक बनाने के लिए मेले में जिले के छात्र छात्राओं के द्वारा विविध गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त ने की समीक्ष बैठक

कोडरमा। गणतंत्र दिवस की तैयारी को लेकर उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में बैठक हुई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी आदि शामिल हुए। वहीं गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह बागीटांड़ स्टेडियम में मनाने का निर्णय लिया गया। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए मुख्य समारोह स्थल की साफ सफाई, साज सज्जा के अलावे जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं को विशेष रूप से साफ सफाई करने का निर्देश दिया। इसके अलावे मुख्य समारोह स्थल जाने वाले सभी मार्गों व शहर की साफ सफाई सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय त्यौहार के दिन ट्रैफिक व्यवस्था चाक चौबंद रखने आदि का निर्देश दिया। बैठक में गणतंत्र दिवस के मौके पर विभिन्न विभागों के द्वारा आकर्षक झांकी निकालने, विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने, गणतंत्र दिवस की पूर्व संया पर स्थानीय श्रम कल्याण केंद्र में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने आदि का निर्णय लिया गया।

हिन्दू जागरण मंच के द्वारा निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

जय श्री राम के जय घोष से गूंजायमान हुआ पूरा क्षेत्र

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। जिले के प्रतापपुर में श्री राम जन्मभूमि का पूजित अक्षत वितरण एवं आमंत्रण को लेकर शनिवार को शोभा यात्रा हिंदू जागरण मंच के तत्वाधान में निकाली गई। इस शोभायात्रा में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी, पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ,चतरा जिला परिषद सदस्य एवम महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष निशा कुमारी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। शोभा यात्रा का नेतृत्व हिन्दू जागरण मंच के ऋषि कुमार के द्वारा किया गया। शोभा यात्रा मे सैंकड़ों की संख्या मे रामभक्त , महिला, युवक व युवतियां शामिल हुई। शोभा यात्रा के भ्रमण के क्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी पूर्व विधायक जनार्दन पासवान ,जिला परिषद सदस्य ग्रामीण से निशा कुमारी, आरती कुमारी ,रेखा देवी सहित कई राम भक्तों ने श्री रामजन्मभूमि का पूजित अक्षत का वितरण करते हुए अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को किए जाने के अवसर पर वहां पहुंचने आमंत्रण भी दिया। जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी एवं पूर्व विधायक जनार्दन पासवान कहा कि सभी सनातनियों के लिए 22 जनवरी 2024 एक ऐसा सुनहरा अवसर आया है कि उस दिन हम सबों के आराध्य भगवान श्री राम प्रभु अपने घर को पधारने, उनके आने की खुशी में हम सभी लोग अपने-अपने घरों पर दीपक जलाकर लाइटिंग की व्यवस्था करके बड़े ही भव्य तरीके से दीपावली मनाएं। भव्य जुलूस में सनातनी युवाओं के द्वारा हर हर महादेव जय श्री राम के जय घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो रहा था। श्री रामजन्मभूमि का पूजित अक्षत व आमंत्रण पत्र वितरण हेतू भव्य शोभा कसमार गांव से प्रारंभ कर प्रतापपुर महावीर मंदिर,रामपुर,लाला टोली, बरवाटोला, प्रतापपुर शिवमंदिर ,बभने, सोनबर्षा होते देवी मंडप रोड, ब्लौक रोथ व थाना रोड होते हुये पंडित दीनदयाल पथ होकर राजागढ पहुंच कर समापन किया गया। तत्पश्चात सैकड़ो श्रद्धालुओ ने महाभंडारे का प्रसाद ग्रहण किया । इस भव्य शोभा यात्रा में इंद्रजीत कुमार ऋषि कुमार अतुल आनंद मनीष कुमार, कुमार गुप्ता, पवन कुमार रिशु कुमार सुनील प्रसाद, सावन कुमार, सहित कई युवा एवं महिलाएं सक्रिय भागीदारी निभा रही थी।

26 जनवरी को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न

पूर्व के तरह हीं निर्धारित समय पर झंडोतोलन किया जाएगा : एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

सिमरिया। प्रखण्ड मुख्यालय के सभागार कक्ष में 26 जनवरी को लेकर अनुमण्डल पदाधिकारी सन्नी राज के अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन प्रखण्ड विकास पदाधिकारी नीतू सिंह ने की। बैठक में जनप्रतिनिधि से लेकर सभी विभागों के पदाधिकारी मौजूद थे।

उक्त बैठक में 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर पूर्व का समय सारणी को यथावत रखते हुए झंडोतोलन का समय सारणी निर्धारित की गई। जिसमें शहीद स्मारक पर मालार्पण सुबह 8 बज कर 30 मिनट पर,सुभाष चन्द्र बोष के प्रतिमा पर 8:45, अनुमण्डल कार्यालय में 9:15, प्रखण्ड कार्यालय सह अंचल कार्यालय में 9:25, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:35, थाना कार्यालय में 9:45, हॉस्पिटल 9:55, शिक्षण प्रशिक्षण प्रांगण में 10:5 बजे झंडोतोलन करने की समय निर्धारित की गई है। मौके पर प्रमुख रोहन साव,अंचलाधिकारी धर्मेंद्र कुमार दुब्बे,उप प्रमुख दामोदर गोप, बिस सूत्री अध्यक्ष वीरेंद्र यादव,जीप सदस्य देवनन्दन साहू, चिकित्सा प्रभारी अशोक करमाली,बीइओ संतोष सिंह, विधायक प्रतिनिधि अक्षवट सिंह, मुखिया नरेश साहू, सुमिता कुमारी, संकुन्तला देवी, सुनीता कुमारी, मुखिया प्रतिनिधि गोपाल प्रसाद मेहता, करम साहू, जागेश्वर कुशवाहा, रामप्रवेश केवट,एसी आवासीय प्राचार्य, पंचायत समिति सदस्य परमेश्वर यादव,मिथुन कुमार रज्जक, जवाहर यादव, बालेश्वर ठाकुर, दशरथ ठाकुर के अलावे दर्जनों लोग शामिल थे।

एक नजर में

पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र का वितरण

जुलूस में शामिल लोग

खबर मन्त्र संवाददाता

डंडई। प्रखंड क्षेत्र में अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर सनातन धर्म प्रेमियों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। शनिवार को श्री राम सेवा समिति डंडई के द्वारा अयोध्या से आये पूजित अक्षत एवं आमंत्रण पत्र भव्य तरीके से जुलूस निकालकर गांव के विभिन्न टोलो में घर-घर जाकर दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हरिहर मंदिर में कार्यकर्ताओं ने पूजा अर्चना कर किया। कार्यकर्ताओं ने भव्य जुलूस के साथ विभिन्न टोला में घूम-घूम कर पूजित अक्षत व राम मंदिर का तस्वीर का वितरण किया। मौके पर श्री राम सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश प्रसाद गुप्ता ने कहा कि लगभग 500 वर्षों के बाद अयोया में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रहा है। यह दिन सनातन धर्म प्रेमी से जुड़े लोगों के लिए ऐतिहासिक का पल होगा। इस दिन गांव के सभी घरों में 5-5 दीपक जलाने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 21 तारीख की रात्रि में अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया है। साथ ही 22 को श्री राम जानकी विग्रह पूजन, शोभा यात्रा, भंडारा सह महाप्रसाद वितरण, हनुमान चालीसा पाठ, आरती दीपोत्सव किया जाएगा एवं रात में सांस्तिक कार्यक्रम का आयोजन कर श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन को भव्य तरीके से मनाने का कार्य किया जाएगा। मौके पर जिला परिषद मोहन पासवान, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष श्रवण चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि दिनेश राम, भाजयुमो अध्यक्ष अलख निरंजन प्रसाद, समाजसेवी अशोक प्रसाद, डा. पुष्पेंद्र कुमार, आशीष राणा, विवेक कुमार गुप्ता, विवेकानंद कुशवाहा, राजेश कुमार, पीयूष पटेल, प्रवीण कुमार सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

एकदिवसीय इन सर्विस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का हुआ आयोजन

खबर मन्त्र संवाददाता

चतरा। डीएवी पब्लिक स्कूल चतरा में एकदिवसीय इन सर्विस कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन कर किया गया। दीप प्रज्वलन में डी ए वी पब्लिक स्कूल चतरा के प्राचार्य सैयद एजाज अहमद, रिसोर्स पर्सन अमन कुमार निराला, प्राचार्य जेवियर इंग्लिश हाई स्कूल जमशेदपुर, शुश्री स्वाति श्रीवास्तव, लेक्चरर अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। प्राचार्य डी ए वी चतरा सह वेन्यू डायरेक्टर एजाज अहमद ने बताया कि सी बी एस ई विद्यालय के सभी शिक्षकों को 25 घंटे का इन हाउस ट्रेनिंग करना अनिवार्य है। इस ट्रेनिंग में बिहार एवम झारखंड से सी ओ ई पटना द्वारा भेजे गए शिक्षक एवम शिक्षिकाओं ने भाग लिया। प्रोग्राम का टॉपिक स्ट्रेस मैनेजमेंट था। उन्होंने आगे बताया कि इस प्रकार के आयोजन से शिक्षकों को नई ऊर्जा मिलती है एवम नवाचार आता है। जिससे उनके पठन पाठन में नई तकनिक का समावेश होता है। बच्चों के विभिन्न सवालों, विद्यालय के अतिरिक्त कार्यों से स्ट्रेस में न आकर खुशी खुशी उनका निवारण ही हमारी सफलता है। पूरा प्रोग्राम दो सेशन में था।

पहला सेशन अमन कुमार निराला तथा दूसरा सेशन शूश्री स्वाति श्रीवास्तव के द्वारा लिया गया। दोनो ही सत्र काफी ज्ञानवर्धक रहा। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रकार के गतिविधियों में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में एस टी एन सी संजय कुमार पूरी, प्रोग्राम मैनेजर प्रदीप कुमार साव के साथ साथ विद्यालय के सभी शिक्षक एवम शिक्षिकाओं का भरपूर सहयोग रहा।

एसपी ने किया मासिक क्राइम बैठक, दिए कई निर्देश

खबर मन्त्र संवाददाता

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह की अयक्षता में मासिक क्राइम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक के दौरान एसपी ने थानावार विभिन्न प्रकार के लम्बित कांडों के प्रगति की समीक्षा किया और सभी थाना प्रभारियों को अनुसंधान में तेजी लाते हुए लम्बित कांडों को जल्द से जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया। इसके अलावे वारंट और कुर्की जप्ती के कार्रवाई में तेजी लाने, नियमित रुप से गश्ती करने आदि का निर्देश दिया। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने अपने थाना क्षेत्रों में अपराा पर अंकुश रखने, असामाजिक तत्वों पर कड़ी निगाह रखने, आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर विधि व्यवस्था चुस्त दुरुस्त रखने, सड़क सुरक्षा को लेकर नियमित रूप से अभियान चलाने आदि का निर्देश दिया। इसके अलावे पुलिस निरीक्षक सावना लकड़ा को डीएसपी पद पर प्रोन्नत होने पर एसपी ने उन्हें पुलिस उपाीक्षक का बैच लगाकर सम्मानित किया। मौके पर एसपी के अलावे एसडीपीओ प्रवीण पुष्कर, प्रशिक्षु डीएसपी दिवाकर कुमार, तिलैया थाना प्रभारी विनोद कुमार, कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम के अलावे सभी थानों के थाना प्रभारी आदि मौजुद थे।

मवेशी लदा वाहन जप्त

कोडरमा। पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह को मिली गुप्त सूचना के आधार पर पुनि विनोद कुमार तिलैया थाना प्रभारी के नेतृत्व में शुक्रवार के बीती रात करीब 8:15 बजे तिलैया बीएसएनएल कार्यालय के समीप से मवेशी लदा वाहन को जप्त किया गया। बताते चलें कि वाहन में लदे कुल 5 मवेशी लदे थे, जिसे अग्रिम कार्रवाई व जांच के लिए थाना लाया गया।

स्पीड न्यूज

कर्पुरी ठाकुर की जयंती को लेकर नाई समाज की बैठक संपन्न

बैठक में मौजूद नाई सामज के लोग।

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के सेरेगड़ा पंचायत अंतर्गत बुकरु ग्राम स्थित पहाड़ी मंदिर में नाई समाज की बैठक हुई। बैठक में बालूमाथ बरियातू और हेरहंज प्रखंड से नाई समाज के लोग शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दसरथ ठाकुर ने किया ।बैठक में समाज में फैले कुरीतियों तिलक दहेज प्रथा, नशापान पर चर्चा हुआ और इन सभी कुरीतियों को दूर भगाने का संकल्प लिया गया। मौके पर मुकेश ठाकुर को शेरेगड़ा पंचायत अध्यक्ष सर्वसम्मति से चुना गया। वही आगामी 24 जनवरी को पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। जयंती समारोह बालूमाथ में ही मनाया जाएगा। जिसकी रूपरेखा जल्द ही तैयार कर ली जाएगी। मौके पर बालूमाथ नाई समाज अध्यक्ष जयंत ठाकुर, कपिलदेव ठाकुर, अशोक ठाकुर, कैलाश कुमार, बिसेश्वर ठाकुर, मुकेश ठाकुर रामचंद्र ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर, मनु ठाकुर, राजेन्द्र ठाकुर, बिजेन्द्र ठाकुर, रामनरायन ठाकुर, प्रभु ठाकुर, कुलदीप ठाकुर, सुरेश ठाकुर समेत कई लोग उपस्थित थे।

अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार को मारी टक्कर, दो घायल

बालूमाथ। बालूमाथ-लातेहार मुख्य पथ पर दिरीदाग ग्राम के समीप शनिवार को एक अनियंत्रित ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल सवार दो युवको टक्कर मार दिया। जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में विक्रम सिंह पिता दिनेश सिंह एवं जयंत सिंह पिता दिनेश सिंह दोनों ग्राम कजरी पड़वा मोड़ निवासी शामिल है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए विक्रम सिंह ने बताया कि वे लोग हीरो फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन का काम करते हैं। कलेक्शन करने के लिए वे लोग बालूमाथ से हेरहंज जा रहे थे। इसी दौरान दीदीदाग ग्राम के समीप एक ईट लदे अनियंत्रित ट्रैक्टर ने सामने से टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर प्रकाश बड़ाईक के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों के गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

आज शिव मंदिर बाजारताड़ में रखी गई है महत्वपूर्ण बैठक

- 22 जनवरी के कार्यक्रम की तैयारी को लेकर

लातेहार। श्री रामनवमी पूजा महासमिति मुख्य अखाड़ा थाना चौक लातेहार ने भक्तों से आग्रह किया है कि आपार हर्ष के साथ आप सभी राम भक्तों को सूचित करना है की 14 जनवरी दिन रविवार को समय 11:00 बजे बाजारताड़ स्तिथ शिव मंदिर में बैठक बुलाई गई है। जिसका मुख्य उद्देश्य 22 जनवरी को अयोध्या में श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम व राम लला जी 500 वर्षो के खूनी संघर्ष के पश्चात न जाने कितने कार्यसेवकों ने अपना बलिदान दिया न जाने कितने राम भक्त ने अपनी जान की आहुति कुर्बान की अंततः अब जाकर हमलोग को न्याय मिला है। यह क्षण हम सभी राम भक्तों के लिए गौरव का क्षण है हमलोग बहुत ही सौभाग्यशाली है की प्रभु श्रीराम जी के जन्मस्थली में रामलाला को विराजमान होते देख रहे यह क्षण हम सब हिंदू भाइयों के लिए गर्व का पल है। तो आइए इस पल को यादगार बनाने के लिए 14 जनवरी दिन रविवार को शिव मंदिर बाजारताड़ में एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। जिसमे 22 जनवरी को लेकर कार्यक्रम क्या क्या होना चाहिए क्या रूप रेखा होनी चाहिए इसके अनुरूप बैठक बुलाई गई है। अतः आप सभी रामभक्तो से आग्रह है की असमय कार्यक्रम स्थल में पहुंचे ०कार्यक्रम को वृहद रूप से कैसे मनाए अपना अपना सुविचार बैठक के माध्यम से रखे ताकि 22 जनवरी को लातेहार नगर में एक ऐतिहासिक कार्यक्रम हो।

चेटर पंचायत सचिवालय में हमारा संकल्प विकसित भारत कार्यक्रम के तहत लगा शिविर

गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है मोदी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ : राजन भगत

खबर मन्त्र संवाददाता

शिविर में मौजूद लोग।

चंदवा। हमारा संकल्प विकसित भाररत कार्यक्रम के तहत शनिवार को प्रखण्ड के चेटर पंचायत सचिवालय प्रांगण में शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि भाजपा किसान मोर्चा के मंडल महामंत्री सह पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन भगत, बीडीओ विजय कुमार, मुखिया मालो देवी, मुखिया प्रतिनिधि सरदार सिंह ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम के दौरान बीडीओ विजय कुमार ने शिविर में मौजूद महिलाओं व ग्रामीणों के बीच केन्द्र सरकार द्वारा संचालित उज्जवला योजना, उजाला योजना, पीएम किसान योजना, प्रधानमंत्री गरीब कल्याण योजना, आयुष्मान भारत योजना, जल जीवन मिशन योजना के तहत हर घर जल नल योजना, पीएम आवास योजना जैसी कई संचालित योजनाओं की जानकारी दिया व मौजूद लोगो से संचालित विकास योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।

शिविर के संबोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि राजन भगत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश आज तीव्र गति से उन्नति के राह बढ़ रहा है। देश-विदेश में भारत का मान बड़ा है और फिर से भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। केंद्र की मोदी सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचा है।

2047 तक देश को आत्मनिर्भर बनाने का दिलाया गया संकल्प

इस मौके पर मौजूद महिलाओं और ग्रामीणों को वर्ष 2047 तक देश को आत्मनिर्भर बनाने, देश की रक्षा करने वाले वीरों का सम्मान करने, गुलामी की मानसिकता को त्यागने का संकल्प दिलाया गया। इसके उपरांत आंगनबाड़ी सेविकाओं ने द्वारा बच्चो को अन्नप्राशन भी कराया गया। मौके पर सीआई ऋषिदेव कमल, जेएसएलपीएस के मुजबुल आरफीन, सुरेंद्र कुमार, प्रखण्ड कर्मी समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

सरकार की उदासीनता का खामियाजा भुगत रहें है पारा शिक्षक : शकील खान

बैठक में उपस्थित पारा शिक्षक।

बरवाडीह। शनिवार को आकलन सफल एवं प्रशिक्षित सहायक अध्यापक संघ के बरवाडीह प्रखण्ड इकाई की बैठक यूपीएस गढ़वाटांड़ विद्यालय परिसर में आहूत की गई। जहां शिक्षकों ने बताया कि इस बैठक का मुख्य उद्देश्य 17 जनवरी को जैक कार्यालय घेराव कार्यक्रम रांची में शामिल होना, प्रखंड के सहायक अध्यापकों को मानदेय में अक्टूबर माह 2023 से 10% बढ़ोतरी, एवं जनवरी 2024 से 4% मानदेय में बढ़ोतरी हेतु चर्चा विस्तार पूर्वक से किया गया। इस बैठक में सभी साथियों ने एक स्वर में 17 जनवरी को होने वाले जैक कार्यालय घेराव में चलने की सहमति दी। साथ ही झारखंड के तमाम प्रखंड एवं सभी जिला आकलन सफल और प्रशिक्षण सहायक अध्यापको से कार्यक्रम में शामिल होने का अनुरोध किया गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष मोहम्मद शकील खान, प्रखंड सचिव बबलू सिंह, महबूब आलम, डिलेस यादव, अनिल सिंह, राकेश कुमार, आलोक कुमार, मोहम्मद सरफराज, मोहम्मद नौशाद, राजू कुमार, सिद्धेश्वर सिंह, मैनेजर सिंह, सुषमा कुमारी, गीता कुमारी, पारसनाथ, अनिल कुमार, दिलीप तिवारी, प्रशांत कुमार, राजकुमार सिंह, विनोद राम आदि सहायक अध्यापक एवं अध्यापिका शामिल हुए।

कांग्रेस पार्टी का विकास परामर्श यात्रा में शामिल हुए पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी

खबर मन्त्र संवाददाता

विकास परामर्श यात्रा के मौके पर मौजूद केएन त्रिपाठी व अन्य।

बालूमाथ। कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो आमिर हयात की अध्यक्षता में विकास परामर्श यात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड सरकार के पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी शामिल हुए। कार्यक्रम के तहत प्रखंड के भगिया, मुरपा, मरंगलोया, बसिया, गणेशपुर, सेरेगड़ा पंचायत का दौरा किया गया। मौके पर बोलते हुए पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने कहा की वह चतरा लोकसभा अंतर्गत लातेहार, पलामू, चतरा जिलों के वैसे गांवों मे जा रहे है। जहां विकास का कार्य नहीं है। जो गांव पिछड गए हैं उन्हें अधिकार दिलाना है। गांव में सिंचाई की उत्तम व्यवस्था कारखाना लगाकर यहां के लोगों को रोजगार सृजन करवाना मेरी पहली प्राथमिकता है। अगर उन्हें चतरा लोकसभा से एक बार मौका मिलता है तो चतरा लोकसभा में संपूर्ण विकास होगा। वहीं कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मो आमिर हयात ने कहा बाहर से आए हुए सांसद जितने के बाद मुंह दिखाने तक भी नहीं आये। यहां तक की बहुत लोग उन्हें पहचानते भी नहीं हैं। ऐसे सांसद को भगाने का संकल्प हम सब लेंगे। केएन त्रिपाठी जैसा कर्मठ योग्य कुशल नेता को चतरा लोकसभा में विजय बनाना है। मौके पर मुरपा पंचायत के ग्रामीणों द्वारा पूर्व मंत्री के पास मुरपा को ब्लॉक बनाने की मांग रखी गई। जिसमे के एन त्रिपाठी ने भरोसा दिलाया की अगर उन्हें चतरा लोकसभा में काम करने का मौका मिला तो मुरपा को ब्लॉक बनाने की लड़ाई लड़ेंगे। मौके पर पूर्वी मंडल अध्यक्ष मो अबरार, ऐजाज, प्रिंस, डॉ रोहन, गोविंद, सतीश यादव, मनोज पाठक, जयपाल उरांव, रामकुमार यादव उपस्थित थे।

एक नजर में

चंदवा के चटुआग में आदिवासी परिवार के दो अनाथ बच्चों की दर्द भरी दास्तां

- अनाथ बच्चों और परिवार से पंसस अयुब खान ने की मुलाकात, कंबल उपलब्ध कराया

अनाथ बच्चों को कंबल देते पंसस।

चंदवा। पंसस अयुब खान व पूर्व पंसस फहमीदा बीवी ने चटुआग गांव के आदिवासी परिवार की अनाथ हुए दो बच्चों से मुलाकात कर उनका हाल जाना, प्रखंड कार्यालय से प्राप्त हुए कंबल उन्हें उपलब्ध कराया। वृद्ध मसोमात फुलो 66 वर्ष जो अनाथ हुए बच्चों की दादी है, अनाथ पोता-पोती की दर्द भरी दास्तां सुनाते हुए उनकी आंखे भर आई, फूलो ने बताया कि करीब तीन चार वर्ष पहले बरसात के मौसम में मेरे एकलौता पुत्र शुक्रवारीय बजार हाट से अपने परिवार बच्चों के लिए खरीदारी कर अपने घर लौट रहा था इसी क्रम मे कामता स्कूल के पास अचानक बज्रपात हो गया इसके चपेट में आकर पुत्र राजकुमार गंझु 20 वर्ष की मौत हो गई, इस विपति को अभी भुलाया भी नहीं था कि एक वर्ष बाद मेरे पुत्रवधु कुलसी देवी की कमर दर्द के बिमारी से जूझ रही थी, ईलाज के दौरान अपने नैहर डेमुआ (खलारी) में ईलाज के दौरान उनका निधन हो गया, माता-पिता और मां के असमय मौत होने से बच्चे अनाथ हो गए। अनाथ और बेसहारा अरबिंद कुमार उम्र 13, निशा कुमारी उम्र 11 है कि देखभाल की जिम्मेदारी उनकी वृद्ध दादी के कंधो पर आ गई है। दादी फूलो ने बताया कि अब इन बेसहारा बच्चों के ऊपर माता-पिता का साया नहीं रहा और ना ही आजीविका का कोई सहारा ही है, ऐसे में इनके लिए जीवन यापन करना काफी कठिन और संघर्षमय हो गया है। वृद्ध मसोमात दादी फुलो ही अपने विधवा पेंशन की राशि और थोड़ी बहुत खेती से हुए अन्न से अनाथ बेसहारा बच्चों जीवन यापन कर रही है। पंसस अयुब खान ने अनाथ बच्चों को सरकारी सहायता उपलब्ध कराने की आग्रह उपायुक्त हिमांशु मोहन से किया है।

सोमवार को मनेगा मकर संक्रांति, चंदवा बाजार में सजी तिलकुट की दुकानें

- 140 से लेकर 400 रुपये किलो तक बाजार में बिक रही है तिलकुट

तिलकुट तैयार करते कारिगर।

चंदवा। प्रखंड समेत ग्रामीण इलाकों में मकर संक्रांति का त्योहार इस वर्ष भी 15 जनवरी को मनाया जाएगा। त्यौहार को लेकर चंदवा बाजार में चहल-पहल बढ़ गई है। पंडित रामकृष्ण मिश्रा ने बताया कि 15 जनवरी को सूर्य मकर रेखा में सोमवार की सुबह 9.13 बजे संक्रमण काल मे प्रवेश कर रहा है, संक्रमण काल को पुण्यकाल भी कहा जाता है। तब से संक्रांति काल शुरू हो जाएगा और उदया तिथि के हिसाब से त्यौहार सोमवार को ही मनाना ही बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि संक्रांति काल बहुत विशेष होता है। मकर राशि मे प्रवेश के साथ ही भगवान सूर्य उत्तरायण होंगे, उत्तरायण को देवताओ का दिन कहा जाता है। उन्होंने बताया कि महाभारत कथा में भी इच्छा मृत्यु का वरदान पाने वाले भीष्म पितामह ने अपने प्राण त्यागने के लिए सूर्य के उत्तरायण होने का इंतजार किया था। शास्त्रों के अनुसार मकर संक्रांति के दिन साधारण नदी में भी गंगा समान होती है, इस दिन स्नान करने से कर कंबल अच्छा तिल लड्डू वस्त्र आदि दान करने का विशेष महत्व है। इससे मोक्ष और अक्षत फल की प्राप्ति होती है साथ ही जाने अनजाने में हुए पाप का विनाश हो जाता है।

जिला अध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने कहा राजद लातेहार जिला में पूर्व से मजबुत था और मजबुत रहेगा

- लातेहार में युवा राजद की बैठक संपन्न
- नई युवा कमेटी का गठन करने का लिया गया निर्णय

खबर मंत्र संवाददाता

बैठक में उपस्थित राजद नेता और कार्यकर्ता।

लातेहार। शनिवार को युवा राष्ट्रीय जनता दल की बैठक लातेहार युवा जिला कार्यालय में बैठक किया गया। जहां युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर यादव ने बताया कि झारखण्ड के युवा प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार यादव के निर्देश पर लातेहार जिला में युवा का सभी प्रखण्ड अध्यक्ष का पद निरस्त करके नया प्रखण्ड अध्यक्ष का चुनाव कर 20 दिनो के अंदर नए युवा प्रखण्ड अध्यक्ष की सुची प्रदेश कार्यालय में सौपने का निर्देश दिया गया है। पूर्व के सभी युवा प्रखण्ड अध्यक्ष के कार्यकाल को आकलन करते हुए जिला कमिटी में पद से सम्मानित किया जाएगा। जिला प्रधान महासचिव सुर्यदेव कुमार गुप्ता, लातेहार युवा जिला अध्यक्ष दिलेश्वर कुमार यादव के द्वारा बताया गया कि राजद लातेहार जिला में पूर्व से मजबुत था और मजबुत रहेगा। युवा कमिटी का परिणाम आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव में देखने को मिलेगा और सभी युवा पदाधिकारियों को अपने पद को समझते हुए बुथ स्तर तक कमिटी बनाने का काम करें। बैठक में राजद वरिष्ट नेता मोहर सिंह यादव, प्रधान महासचिव सूर्यदेव कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मंदीप कुमार, लतिहार विधानसभा प्रभारी वकैस मियाँ, नगर अध्यक्ष हीरा यादव, जिला सचिव संजीत कुमार यादव, उपेंद्र शर्मा, योगेंद्र यादव और शिवनंदन यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

फर्जी डिग्री के आधार पर सेविका का चयन किये जाने का आरोप, जांच की मांग

बालूमाथ। बालूमाथ प्रखंड के टमटमटोला ग्राम में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 105 में एमए का फर्जी डिग्री लगाकर सेविका का चयन कर दिए जाने का मामला सामने आया है। इस संबंध में श्वेता कुमारी, जितेंद्र कुमार गुप्ता समेत कई ग्रामीणों ने लातेहार उपायुक्त को आवेदन देकर कहा है कि आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 105 में बीते 9 जनवरी को चंचला देवी पति संजीव प्रसाद का चयन हुआ है। चंचला देवी ने चयन में एमए हिस्ट्री ऑनर्स रोल नंबर 2000879722 का डिग्री जमा किया है। जो इग्नू 2022 से सेक्शन है। इंटरनेट पर इग्नू का रिजल्ट चेक किया गया तो वहां पर चंचला देवी का रिजल्ट शो नहीं कर रहा है। ऐसा लगता है कि इनका एमए का डिग्री फर्जी है। ग्रामीणों ने सर्टिफिकेट की फिर से जांच करते हुए निष्पक्ष चुनाव कराने की मांग की है। वहीं फिलहाल हुए चयन को तत्काल प्रभाव से रद्द करने की मांग किया है। आवेदन की प्रति लातेहार एसडीओ को भी दिया गया है।

आरडीडीएच ने किया सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण

लातेहार। आरडीडीएच पलामू संतोष श्रीवास्तव शनिवार को लातेहार सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल में ओपीडी, आयुष्मान सेंटर, डायलिसिस समेत अन्य स्वास्थ्य सुविधाओं का निरीक्षण कर चिकित्सकों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। इस दौरान उन्हें स्पष्ट कहा कि चिकित्सक एवं कर्मी अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी से करें। उन्हें कहा कि स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीएस कार्यालय का भी निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मौके पर सिविल सर्जन डॉक्टर अवधेश सिंह, वेद प्रकाश मुख्य रूप से मौजूद थे।

क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना पहली प्राथमिकता : प्रदीप कुमार साव

- मनिका थाना प्रभारी के रूप में प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार साव ने किया पदभार ग्रहण

नए थाना प्रभारी प्रदीप कुमार साव।

मनिका। मनिका थाना प्रभारी के पद पर प्रशिक्षु डीएसपी प्रदीप कुमार साव ने दिन शनिवार को पदभार ग्रहण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाना ही मेरा पहला प्राथमिकता होगा। थाना क्षेत्र के लोग किसी भी समस्या होने पर बेझिझक थाना में आकर शिकायत करें लोगों की हर समस्या का समाधान जल्द से जल्द करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि मनिका पुलिस थाना क्षेत्र वासियों के सेवा के लिए 24 घंटा तत्पर है। किसी भी तरह की घटना की आशंका होने पर तुरंत मनिका थाना को सूचित करें। मौके पर मनिका थाना के पूर्व थाना प्रभारी राणा भानु प्रताप सिंह,एसआई प्रदीप कुमार राय,उपस्थित थे।

सरईडीह 10 प्लस टू विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने किया शैक्षणिक भ्रमण

शैक्षणिक भ्रमण में शामिल विद्यार्थी व अन्य।

बरवाडीह। प्रखंड के सरईडीह 10 प्लस 2 एवं मिडिल स्कूल के छात्र-छात्राएं शैक्षणिक भ्रमण आज शनिवार को किया। प्राचार्य उमेश टोपो के द्वारा छात्र-छात्राओं को बेतला नेशनल पार्क, पलामू किला केचकी औरंगा कोयल संगम तट, समेत प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों क भरमन कराकर विस्तृत जानकारी दिया, इस दौरान छात्र-छात्राएं भरपूर पर्यटन स्थलों का आनंद लिया। वही विद्यालय के सभी शिक्षक के शिक्षिकाएं बच्चों को विशेष रूप से पर्यटन स्थल के बारे में जानकारी दिया, वही केचकी औरंगा संगम तट पर सभी को भोजन का प्रबंध किया गया था, इस शैक्षणिक भरमन से छात्र-छात्राओं ने विद्यालय के सभी शिक्षक और शिक्षकों को धन्यवाद दिया, यह प्राध्यापक उमेश टोप्पो सर के द्वारा जो प्रयास किया गया है। शैक्षणिक भ्रमण से छात्र-छात्राओं में काफी खुशी देखी जा रही है, उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष इसी तरह नव वर्ष के आगमन पर एक दिवसीय शैक्षणिक छुट्टी आवश्यक है ऐसे में मानसिक और बौद्धिक विकास के साथ-साथ पर्यटन क्षेत्र को विशेष रूप से जानने और समझने का मौका मिलता है, फुल मनी टूटी,मुक्त मिंज, श्वेता मिंज,सोनी नुसरत,अभय शुक्ला,अंगद कुमार सिंह, गुलाम गोस अंसारी,काशिफ कमर,राजकुमार राम, जय किशोर कुमार, अनिल कुमार, उपेंद्र मिश्रा, रिंकू कुमारी समेत सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थी।

बिजली की चरमराई व्यवस्था के कारण छोटे बच्चों को पढ़ने में हो रही ज्यादा परेशानी

महुआडांड। लातेहार जिले के महुआडांड़ प्रखंड में कड़ाके की पड़ रही ठंड के बीच लचर विद्युत व्यवस्था से आम जनता परेशान है। एक महिनो से बिजली की आंख मिचौली से बिजली उपभोक्ता परेशान और त्रस्त है। पांच घंटा बिजली रहती है और जाने के बाद 24 से 36 घंटे तक गायब हो जाती है। ऐसी स्थिति एक महिने से प्रखंड क्षेत्र में लगातार बनी हुई है।अगर बिजली रहती है तो प्रतिदिन कई बार लोगो को अघोषित कटौती का सामना करना पड़ता हैं।और जब जाती है तो दो से तीन दिन तक गायब रहती है। लोगों का कहना है कि कड़ाके की पड़ रही ठंड ने सभी को परेशान करके रखा है।रात हो या दिन किसी भी वक्त बिजली गुल हो जाती है एक दिन में आठ से दस बार बिजली गुल होना तो आम बात हो गई है।

इटके आंगनबाड़ी केंद्र में पिछले चार माह से नहीं हो रहा है टीकाकरण, बच्चे व गर्भवती महिला टीका से हो रहे हैं वंचित

खबर मन्त्र संवाददाता

बंद पड़ा आंगनबाड़ी केन्द्र।

बारियातू। प्रखंड अंतर्गत टोंटी पंचायत के इटके ग्राम स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र संख्या दो व करबला टोला आंगनबाड़ी केंद्र में पिछले चार माह से एएनएम नहीं आने के कारण गर्भवती व धात्री महिलाओं व 0 से 5 वर्ष के बच्चों का टीकाकरण नहीं किया जा रहा है। जिसके कारण केन्द्र में टीका लगवाने वाली गर्भवती महिलाएं व बच्चे बिना टीका लगवाए बीते चार माह से लगातार वापस लौट रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा महत्वाकांक्षी योजना चला कर गर्भवती महिलाओं व नवजात शिशुओं को कई गंभीर व लाइलाज बीमारियों से बचाव के लिए टीकाकरण किया जाता है। ताकि जच्चा बच्चा स्वस्थ्य रहे। आश्चर्य जनक की बात तो यह है की दो केन्द्रों में विभाग व एएनएम की लापरवाही के कारण दर्जनों बच्चे और महिलाएं टिकाकरण से वंचित है। उक्त सम्बन्ध मे स्वास्थ्य विभाग बेखबर है। वहीं जानकारी देते हुए आंगनबाड़ी केन्द्र की सेविका शक्लमणी देवी ने बताया कि बीते 30 सितम्बर के बाद से मेरे आंगनबाड़ी केन्द्र में एएनएम नहीं आने के कारण टीकाकरण का कार्य पुरी तरह बंद है। मेरे पोषक क्षेत्र में 09 गर्भवती, 08 धात्री, छ माह से तीन वर्ष के 68, व तीन वर्ष से छ वर्ष के 69 बच्चे का टीकाकरण के लिए पंजीकरण है। इसके अलावा बीते चार माह से एएनएम नहीं आने के कारण नये लाभुकों का पंजीकरण नहीं किया गया है। वहीं करबला टोला आंगनबाड़ी केन्द्र के सेविका बबीता कुमारी ने बताया कि मेरे आंगनबाड़ी सेन्टर में बीते 18 सितम्बर 2023 के बाद से एएनएम नहीं आने के कारण अब तक टीकाकरण कार्य नहीं किया गया है। जिससे मेरे पोषक क्षेत्र में सात गर्भवती, सात धात्री, छ माह से तीन वर्ष के 59 व तीन वर्ष से छ वर्ष के 50 बच्चे कुल 123 लाभुक टीकाकरण से वंचित है। इसके अलावा बीते चार माह से एएनएम नहीं आने के कारण नये लाभुकों का पंजीकरण भी नहीं किया गया है। इटके ग्राम में दोनों सेन्टर मिलाकर लगभग तीन सौ से अधिक लाभुक टीकाकरण के लिए भटक रहे हैं। पोषक क्षेत्र के लाभुकों ने उपायुक्त व संबंधित विभाग से नियमित एएनएम को भेजकर टीकाकरण कराने की मांग किया है।

क्या कहते है बालूमाथ सीएचसी प्रभारी

इस संबंध में बालूमाथ चिकित्सा प्रभारी डॉ प्रकाश बड़ाईक से पुछे जाने पर बताया कि मेरे जानकारी में नहीं है। कैंप लगाकर टीकाकरण किया जायेगा। और नियुक्त एएनएम के प्रति जांच कर कारवाई की जायेगी।

आइएनडीआइए गठबंधन में सीएम नीतीश का सपना टूटा : सम्राट

खबर मन्त्र संवाददाता

पटना। इंडिया गठबंधन की वर्चुअल बैठक में शनिवार (13 जनवरी) को यह साफ हो गया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार संयोजक नहीं बनेंगे। खुद नीतीश कुमार ने ही इनकार कर दिया है। अब कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को संयोजक बनाने की बात आ रही है। नीतीश कुमार के इनकार पर अब इसको लेकर बिहार में राजनीति पूरी तरह तेज हो गई है। बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने कहा कि आइएनडीआइए गठबंधन में नीतीश कुमार का सपना तोड़ने का काम किया गया है।

सम्राट चौधरी ने कहा, नीतीश कुमार जी को तो हम लोगों से अलग इसीलिए किया गया था कि देश के प्रधानमंत्री का उम्मीदवार

बनाया जाएगा, लेकिन इंडिया गठबंधन के लोगों ने नीतीश कुमार जी का सपना तोड़ने का काम। इतने लंबे समय तक सवा साल से इसलिए लगे थे कि इन्हें प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित किया जाएगा, लेकिन लोगों ने उन्हें प्रधानमंत्री का उम्मीदवार घोषित नहीं किया। बीजेपी नेता सम्राट चौधरी ने आगे कहा, यह स्पष्ट है कि कांग्रेस सिर्फ अपनी ही पार्टी की चिंता करती है। देश के गठबंधन से उनका कोई लेना देना नहीं है।

पहले भी कई सरकारें बनीं थीं, चाहे चौधरी चरण सिंह की सरकार हो या चंद्रशेखर सिंह की या यूनाइटेड फ्रंट की, सभी सरकारों में कांग्रेस ने पैर खींचने का काम किया था। आज भी चाहे नीतीश कुमार जी हों, ममता बनर्जी हों या उद्धव ठाकरे हों सभी में कांग्रेस पैर खींचने का काम कर रही है। बता दें कि लोकसभा चुनाव को लेकर इंडिया गठबंधन के नेताओं की बैठकें लगातार हो रही हैं।

सीटों के बंटवारे पर भी सबकी नजरें टिकी हैं कि कैसे यह हो पाता है। फॉर्मूला क्या होगा। हालांकि समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, कांग्रेस नेता मल्लिकार्जुन खरगे इंडिया गठबंधन के अध्यक्ष चुने गए हैं।

एक नजर में

नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में 307 मरीजों की जांच

भवनाथपुर। बीएसएल सेल, बोकारो इस्पात संयंत्र के भवनाथपुर-तुलसीदामर खदान के तत्वावधान में शनिवार को सीएसआर के तहत मकरी पंचायत के बगही टोला कुंवरठीका प्राथमिक विद्यालय में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन कर 307 मरीजों की जांच व दवा वितरण किया गया। शिविर का उद्घाटन माइंस अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी ड विजय कुमार राम एवं उपप्रबांक (कार्मिक व प्रशासन) बुलु ह्रिल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर सहायक प्रबांक (कार्मिक) बुलु ह्रिल ने कहा कि नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य इस हरिजन और आदिवासी बहुल गांव के लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना और इस क्षेत्र के गरीबों और वंचित लोगों को मुक्त दावों का वितरण करना था। सेल हमेशा से अपने कर्मचारियों के साथ-साथ आसपास की जनता की स्वास्थ्य सुरक्षा हेतु कटिबद्व रहा है। आगे भी इस तरह से क्षेत्र में नि:शुल्क मेडिकल केंप लगाकर इलाज और दवा मुफ्त में जाएगी। सेल भवनाथपुर खदान अस्पताल के अपर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विजय कुमार राम के द्वारा सभी मरीजों की जांच कर दवा दी गई। नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सेल भवनाथपुर के महाप्रबांक (खदान) मनोज कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। मौके पर मुकेश दुबे, अनिला मिंज, संपूर्णा नंद मिश्रा सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

पांच वर्षों से बिना पढ़ाये अंगूठा लगाकर हाजरी बनाने के बाद चले जाते हैं सहयोगी शिक्षक

मझिआंव। बरडीहा प्रखंड क्षेत्र के नव प्राथमिक विद्यालय सलगा पष्चिम में कार्यरत सहयोगी शिक्षक वेद प्रकाश द्वारा पिछले पांच वर्षों से विद्यालय में छात्रों को बिना पढ़ाये ही शिक्षा विभाग के आकिारियों की मिलीभगत से नियमित रूप से मानदेय लेते रहने का मामला प्रकाश में आया है। इस संबा में विद्यालय के छात्रों एवं अरबिन्द यादव, रामाशीष यादव, बिजय यादव दिनेश यादव एवं ार्मेंद्र यादव सहित कई अभिभावकों ने आक्रोशित होकर कहा कि विद्यालय में शिक्षक की कमी के कारण पिछले पांच वर्षों से बच्चों की पढ़ाई नहीं हो रही है। कक्षा एक से पांच तक के छात्रों को पढ़ाने के लिए मात्र दो शिक्षक नियुक्त किये गए हैं। जिनमें एक सहायक शिक्षक जो बरडीहा जिला परिषद सदस्य के पति वेद प्रकाश हैं, जो ठीक नौ बजे विद्यालय आ जाते हैं और अंगूठा लगाकर हाजरी बनाने के बाद कुछ देर तक ठहरते हैं। इसके बाद तुरन्त चले जाते हैं और यह काम एक दो दिन का नहीं हमेशा का है। छात्रों ने कहा कि वेद सर आज तक कभी नहीं पढ़ाये हैं। वे आने के बाद हाजरी लगाकर चले जाते हैं।

बाइक सवार अज्ञात लुटेरे महिला से 49 हजार रुपए सहित अन्य सामान लूटकर फरार

कांडी। थाना क्षेत्र के पीपरडीह गांव स्थित वीर कुंवर स्थान के समीप शुक्रवार की शाम अपाची मोटरसाइकिल पर सवार अज्ञात लुटेरों ने एक महिला से झोला में रखे 49 हजार रुपए नगद सहित अन्य कई सामान लूटकर फरार हो गए। घटना शुक्रवार शाम की है। भुक्तभोगी पीपरडीह गांव निवासी सरिता देवी पति नंदू साव ने बताया कि वे अपनी गोतनी सविता देवी पति सतेंद्र साव के साथ एसबीआई कांडी से 49 हजार रुपए निकालकर टेम्पो से घर जा रही थी। टेम्पो से लमारी कला गांव स्थित पीपरडीह मोड़ पर उतरने के बाद पैदल घर जाने के क्रम में वीर कुंवर स्थान के समीप पहुंचते ही चटनियां गांव की ओर से आ रहे एक अपाची पर सवार दो लोगों ने जबरदस्ती झोला छीनकर फरार हो गए। भुक्तभोगी ने बताया कि झोला में 49 हजार रुपए नकद के साथ आाा किलो चुड़ा, एक किलो गुड, एसबीआई बैंक का पासबुक, मोबाइल फोन व दो पासपोर्ट साइज फोटो था। घटना की सूचना मिलते ही कांडी पुलिस ने लुटेरों के विरुद्ध छापामारी अभियान शुरू कर दी है।

सवा छह वर्ष बाद मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति का वनवास समाप्त

कांडी। मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति का सवा छह साल के बाद वनवास समाप्त हो गया। शुक्रवार की देर शाम कांडी अंचलाधिकारी ने नवगठित समिति के अयक्ष नरेश प्रसाद सिंह को अपना प्रभार सौंप दिया। इस मौके पर समिति के सदस्यों के साथ कांडी प्रखंड प्रमुख सह झारखंड प्रमुख संघ के अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, 20 सूत्री समिति के प्रखंड अध्यक्ष विकास उपाधाय व करीब एक हजार की संख्या में समिति के लोग उपस्थित थे। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के आलोक में झारखंड हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड रांची ने 12 दिसंबर 2023 को 17 वर्षों तक जन सहयोग से सतबहिनी को शून्य से शिखर तक ले जानेवाली मां सतबहिनी झरना तीर्थ एवं पर्यटन स्थल विकास समिति का पुनर्गठन करते हुए इसे प्रभार सौंपने का कांडी सीओ को निर्देश देते हुए अधिसूचना संख्या 1375/23 जारी कर दी थी। इससे पहले बोर्ड द्वारा अति पदाधिकारी ने सतबहिनी झरना तीर्थ में दो बार आम सभा के मायम से क्रमशः वस्तुस्थिति की जांच व सर्वसम्मति से पुरानी समिति को ही कार्यभार सौंपने का जनमत प्राप्त कर लिया था।

वृद्ध और असहायों के बीच नए वस्त्र का वितरण व भोजन कराया

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। मकर परब के अवसर पर शनिवार को मधुसूदन मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी एवं सरस्वती देवी मेमोरियल एजुकेशनल ट्रस्ट के सौजन्य से आसनतलिया पंचायत के वृद्ध एवं असहाय 180 महिलाओं और 60 पुरुषों के बीच नए वस्त्र का वितरण किया गया। इस मौके पर सभी ग्रामीणों को भोजन कराया गया और आनंद कुमार साह उर्फ हनुमानजी द्वारा गुड़-चूड़ा का वितरण किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष श्याम सुंदर महतो ने बताया कि मकर परब इस क्षेत्र का सबसे बड़ा परब है। जिसमें सभी जाति एवं वर्ग के लोग मकर स्नान कर नए वस्त्र पहनते है एवं नए साल के आगमन की खुशी मनाते हैं। इसी उद्देश्य से नए वस्त्र का वितरण प्रतिवर्ष किया जाता है, ताकि इस पंचायत के सभी लोग

हर्षोल्लास के साथ पर्व मना सके। उन्होंने कहा कि संस्था खास मौकों पर अपने सामाजिक कर्तव्य का निर्वहन करता रहा है। उपस्थित लोगों को मकर परब की शुभकामनाएं दी। मौके पर पूर्व मुखिया एवं पंचायत समिति सदस्य नरसिंह बोदरा, आसनतालिया ग्राम के मुंडा जगदीश महतो, मधुसूदन मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के अध्यक्ष डाक्टर सच्चिदानंद राम, उपाध्यक्ष शिवचरण महतो, सचिव श्यामसुंदर महतो, सह सचिव गणेश्वर महतो, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश महतो, ट्रस्टी लक्ष्मण महतो, प्रभात कुमार महतो, कमलेश कुमार महतो, विद्यालय के निदेशक बलराज हिंदवार, प्राचार्य के नागाराजू, दिनेश चक्रवर्ती, यूनिक कोचिंग सेंटर के निदेशक प्रदीप कुमार महतो, नीलकमल महतो, समाजसेवी रोमित केटिआर, दुर्योधन महतो, मुकुंद महतो, नृपेन्द्र महतो, कौशल हिंदवार, जीवेश हिंदवार समेत लोग उपस्थित रहे।

15वीं आदिवासी युवा सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों ने लहराया परचम

चतरा। 190 वाहिनी केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, चतरा तथा नेहरू युवा केन्द्र चतरा द्वारा 15वी आदिवासी युवा सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम 2023-2024 के अन्तर्गत 04 जनवरी से 10 जनवरी तक सुरत, गुजरात में आयोजित कार्यक्रम में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों से 10 युवा एवम् 10 युवतियों जो चतरा के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के स्थायी निवासी को भाग लेने के लिए भेजा गया था। मनोज कुमार, कमाण्डेट-190 वाहिनी, केरिपु बल, द्वितीय कमान अधिकारी एम.डी. यासिर अब्बासी एवम् नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक श्रीमति ललिता कुमारी की उपस्थिति में उक्त प्रतिभागियों को 190 वाहिनी केरिपु बल चतरा से सुरत, गुजरात के लिए हरी झंडी दिखाकर 01 जनवरी को रवाना किया गया था। यह कार्यक्रम नेहरू युवा केन्द्र संगठन सुरत, गुजरात द्वारा तथा गृह मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया।

बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त करने पर अंकिता चौधरी को बधाई दी गयी

खबर मन्त्र संवाददाता

कुमारधुबी। उत्क्रमित मध्य विद्यालय खैरकियारी,निरसा-3 तीन के प्रभारी प्रधानाध्यापक विनोद कुमार चौधरी के इकलौती पुत्री अंकिता चौधरी 67वां बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में तृतीय स्थान प्राप्त कर अनुमंडल दंडाधिकारी के पद पर सफलता प्राप्त की। इस सफलता के अवसर पर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ शैक्षणिक अंचल निरसा 3 के अध्यक्ष प्रमोद कुमार झां की अध्यक्षता में पंचेत स्थित आवास पर शनिवार को बुके एवं मिठाई खिलाकर अंकिता को शुभकामना एवं बधाई दी गयी। श्री झा ने कहा कि अंकिता की मेहनत और समर्पण से सफलता को हासिल किया है इस सफलता से दिखाया है कि सही दिशा में कदम बढ़ाने पर हर कठिनाइयों को पार किया जा सकता है अंकिता की कामयाबी मेहनत का फल और संघर्षों का परिणाम इन दुगनी रात चौगुनी तरक्की गए करें।

अच्छा भला आदमी को कईसा बना दिया है सब : मांझी

पटना। आइएनडीआइए गठबंधन का संयोजक बनने से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इनकार कर दिया है। संयोजक बनाने की बात दूसरी बैठक से हो रही थी, लेकिन चार मीटिंग के बाद भी कुछ नहीं हुआ। अब जब शनिवार (13 जनवरी) को वर्चुअल मीटिंग हुई तो नीतीश कुमार ने साफ इनकार ही कर दिया कि उन्हें यह पद नहीं चाहिए। नीतीश कुमार के संयोजक नहीं बनने पर अब बयानबाजी भी शुरू हो गई है। अलग-अलग दल के नेताओं की प्रतिक्रिया आने लगी है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और हम के नेता जीतन राम मांझी ने बड़ा बयान दिया है एनडीए में शामिल पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के संयोजक जीतन राम मांझी में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, 'अब किसी को राजा बनाने का सपना दिखाकर सेनापति बना दीजिएगा तो सीएक्स काहे सेनापति बनेगा?

वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता व विवेकानंद जयंती का आयोजन सम्पन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

टंडवा (चतरा)। मां सुनैना देवी फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित दयानंद पब्लिक स्कूल गाडीलौंग में पांच दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता व विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापिका रजनी कुमारी व निर्देशक पवन कुमार चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम में वर्ग 6 एवं 7 की छात्र-छात्राओं ने स्वागत गीत एवं अभिभाषण के माध्यम से कहा कि स्वास्थ्य शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है और मन यदि स्वस्थ हो तभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर सकते हैं। वही प्रधानाध्यापिका महोदय ने कहा कि जीवन में शिक्षा जितना जरूरी है, उतना ही जरुरी खेल भी है। क्योंकि जिस प्रकार मानसिक विकास में शिक्षा का योगदान है उसी प्रकार शारीरिक विकास में खेल का योगदान है ।खेलकूद प्रतियोगिता व विवेकानंद जयंती समारोह में लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया।

जिसमें 50 मीटर रेस में कक्षा नर्सरी, एलकेजी, और यूकेजी से ध्वज, परी कुमारी, अनुराग कश्यप, अर्सलान अंसार, आरती कुमारी व कक्षा 1 से लेकर 8 तक से शशिकांत मेहता, शहजादी परवीन, प्रियांशु कुमार, उर्ज फातिमा, मोहम्मद अकमल आदि ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम समाप्ति के पश्चात सभी बच्चों को प्रशस्ति पत्र व क्रम अनुसार पुरस्कार दिया गया।

बिरसा तिर्की का निधन पार्टी और परिवार के लिए अपूरणीय क्षति : जोबा

पोस्टमार्टम हाउस पहुंच मंत्री जोबा माझी ने बिरसा तिर्की के निधन पर जताया दुख

खबर मन्त्र संवाददाता

चक्रधरपुर। मनोहरपुर निवासी झामुमो के वरिष्ठ नेता 60 वर्षीय बिरसा तिर्की के निधन पर सूबे की महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री जोबा माझी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। शनिवार को बिरसा तिर्की के शव का अनुमंडल अस्पताल चक्रधरपुर में पोस्टमार्टम किया गया। सूचना पाकर मंत्री जोबा माझी पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और बिरसा के अंतिम दर्शन किये। इस दौरान उन्होंने बिरसा के स्वजनों से घटना के संबंध में जानकारी ली। बिरसा तिर्की के आकस्मिक निधन पर उन्होंने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के ही नहीं बल्कि पारिवारिक सदस्य जैसे थे। मंत्री ने बताया कि उनके दिवंगत पति पूर्व विधायक देवेंद्र माझी के समय से संबंध थे। कहा

कि बिरसा तिर्की के निधन से पार्टी और परिवार ने एक ऐसे सदस्य को खोया जिसका भरपाई संभव नहीं है। मालूम हो कि शुक्रवार की रात मनोहरपुर-आनंदपुर मुख्य मार्ग के कुड़ना गांव के समीप सड़क दुर्घटना में बिरसा तिर्की की मौत हो गई थी। मंत्री के साथ उनके पुत्र जगत माझी, उदय माझी भी पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे थे। इस दौरान सभी ने बिरसा के पार्थिव शरीर पर फूल चढ़ाकर श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशुमन शर्मा, थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार समेत काफी संख्या में पार्टी के नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साइबर अपराधियों के विरुद्ध चला अभियान छह गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। जिले में साइबर अपराध के बढ़ते मामलों को लेकर पुलिस अधीक्षक गोड्डा नाथू सिंह मीना के द्वारा एक जांच कमिटी की गठन की गई। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर साक्ष्य सूत्रों और जांच के आधार पर 12/1/24 को भोजू मंडल को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर पूछताछ प्रारंभ की जिसमे उसने अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए और भी कई अपने सहयोगियों के नाम बताए । भोजू मंडल के पास से एक संदिग्ध मोबाइल भी बरामद की गई। भोजु मंडल ने अपने सहयोगियों के नाम बताए जो इस प्रकार हैं क्रमशः अशोक मंडल पिता सोमेश्वर मंडल ग्राम लखनपुर ,रामगढ़ जिला दुमका ,मन कुमार मंडल पिता कांग्रेस मंडल, घर दामोडीह थाना रामगढ़ जिला दुमका ,ज्ञानदीप मंडल पिता अरुण कुमार मंडल घर घोरमारा थाना मोहनपुर जिला देवघर ,उमेश मंडल पिता सत्यनारायण मंडल, घर परमोडीह थाना देवदांड जिला

गोड्डा ,सुमन मंडल पिता टूना मंडल ग्राम कसबा थाना मुफ्फसिल गोड्डा जिला गोड्डा को हिरासत में लिया गया। इनलोगो के द्वारा दिए गए बयान से पता चला कि इनके द्वारा किस तरह आम जनता को लूटे जाते हैं।

फर्जी सीम से ये कॉल करते हैं व्हाट्सएप के द्वारा फिर कोई लिंक भेज कर उसे डाउनलोड करने कहते हैं उसके बाद का काम उनका होता है। ओटीपी भी ले लेते हैं और बैंक से रुपया निकाल लेते हैं। इस संबंध में गोड्डा मुफ्फसिल थाना में कांड संख्या 13/24 दिनांक 13/1/24 को विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर उन्हे न्यायिक प्रक्रिया के तहत जेल भेज दिया गया है।

इस जांच टीम को पुलिस उपाधीक्षक सह थाना प्रभारी कुमार गौरव के नेतृत्व में पुअनि गजेश कुमार मुफ्फसिल थाना, पुअनि अमित अभिषेक मुफ्फसिल थाना, राजू स्वासी,मनोरंजन कुमार नगर थाना गोड्डा, मुकेश उपाध्याय मुफ्फसिल थाना के साथ तकनीकी टीम की सहायता ली गई थी।

आपदा मित्रों की तत्परता से कार दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को अस्पताल पहुंचाया गया

खबर मन्त्र संवाददाता

गोड्डा। ठाकुर गंगटी प्रखंड क्षेत्र के आपदा मित्र काफी सक्रिय हो चुके हैं। अपने कार्यों के प्रति बिल्कुल सजकता दिखा रहे हैं। हमेशा वे अपने विभागीय कार्यों को करने के लिए तत्पर रहते हैं। बीती रात पकड़िया गांव में दो वाहन में टक्कर हुई। वाहन क्षतिग्रस्त के साथ-साथ चार व्यक्ति भी घायल हो गए।तो आनन फानन में चपरी पंचायत के आपदा मित्र संजय कुमार महतो और मोरडीहा पंचायत की आपदा मित्र रंभा देवी घटना की सूचना मिलने के बाद सक्रिय हो गए। संजय कुमार महतो के लगाए जाने पर एंबुलेंस को कॉल नहीं लग पाने पर उन्होंने इसकी सूचना मोरडीहा पंचायत की आपदा मित्र रंभा देवी को दिया। रंभा देवी द्वारा 108 एम्बुलेंस को फोन कर बुलवाया गया और सभी घायलों को हरि देवी रेफरेल अस्पताल में ले जाकर प्राथमिक उपचार कराया गया। इस प्रकार आपदा मित्रों को सक्रिय देख ग्रामीणों में खुशी देखी जा रही है। साथ ही साथ प्रशासनिक अधिकारियों कर्मियों द्वारा भी यह बताया जा रहा है कि प्रखंड क्षेत्र के आपदा मित्र सक्रियता के साथ काम कर रहे हैं। रंभा देवी द्वारा कोरोना महामारी के समय भी कोरोना वॉरियर के रूप में काम करते हुए ग्रामीणों का काफी सहयोग किया गया था।

गत विजेता को हराकर शांति निवास बालिका वर्ग का बना चैंपियन

खबर मन्त्र संवाददाता

गढ़वा। 22वीं गढ़वा जिला अंतर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में शांति निवास हाई स्कूल ने पिछले वर्ष की विजेता टीम ज्ञान निकेतन स्कूल बेलचंपा को छह विकेट से हराकर चैंपियन बना। शांति निवास स्कूल की टीम ने टस जीतकर ज्ञान निकेतन को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया।

ज्ञान निकेतन बेलचंपा की टीम निर्धारित ओवर में सिमरन के 22 रन के सहारे सात विकेट खोकर 65 रन बनाए। जवाबी पारी खेलने उतरी शांति निवास की टीम ने दो ओवर शेष रहते अनन्या के नाबाद 27 रन की बदौलत चार विकेट

चैंपियन टीम के साथ पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह व अन्य

खोकर विजय लक्ष्य को पा लिया। मैन अफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के अनन्या को पूर्व विधायक गिरिनाथ सिंह ने प्रदान किया। मौके पर गिरिनाथ सिंह ने कहा कि गढ़वा की बेटी जिस तरह से खेली है।

वह कहीं से भी बेटे से कम नहीं है। आयोजक ने बेटी को क्रिकेट खेलने के लिए अच्छा प्लेटफर्म दिया है। इस प्रतियोगिता से निकलकर खिलाड़ी अपने गांव व देश का नाम रौशन करे। अब बेटियों को घर की दहलीज तक रखने की बजाय उन्हें खुलकर सहयोग करने से ही वे अपना भविष्य बनाने के साथ आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

मौके पर अध्यक्ष मदन प्रसाद केशरी, उपाध्यक्ष धनंजय सिंह, सचिव आनंद सिन्हा, कोषाध्यक्ष कमलेश दुबे, सह सचिव प्रिंस सोनी, अजीत सिन्हा, अभिषेक द्विवेदी, अभय कुमार, नवनीत कुमार, दिव्य रंजन चौबे, मनीष उपाध्याय, रणजीत तिवारी, मनीष, अनिल कुमार, ीरज, मनोज तिवारी, प्रवीन मिश्रा, प्रिंस दुबे, संजू सिंह आदि लोग उपस्थित थे।

पेज 1 का शेष

पिता ही तुम्हारा भगवान...

उन्होंने लिखा- महाभारत में यक्ष ने युधिष्ठिर से पूछा, पृथ्वी से भी अधिक वजनदार क्या है? स्वर्ग से भी ऊंचा क्या है? हवा से भी क्षणभंगुर क्या है? और घास से भी अधिक असंख्य क्या है? इस पर युधिष्ठिर ने उत्तर दिया- मां धरती से भी भारी है, पिता स्वर्ग से भी ऊंचा है, मन हवा से भी क्षणभंगुर है और हमारे विचार घास से भी अधिक असंख्य हैं। इसकी व्याख्या करते हुए जस्टिस सुभाष चांद ने बेटे को अपना पवित्र कर्तव्य निभाने का आदेश दिया है। **क्या है मामला :** दरअसल, कोडरमा की परिवार अदालत ने एक व्यक्ति को उसके पिता को 3000 रुपये का मासिक गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था। फैसले के खिलाफ मनोज नाम के व्यक्ति ने हाइकोर्ट में अपील दाखिल की थी। सुनवाई में अदालत को यह बताया गया कि पिता के पास कुछ कृषि योग्य भूमि है, फिर भी वह उस पर खेती करने में सक्षम नहीं हैं। वह अपने बड़े बेटे प्रदीप कुमार साव पर ही निर्भर है, जिसके साथ वह रहता है। पिता ने पूरी संपत्ति में अपने छोटे बेटे मनोज साव को बराबर-बराबर हिस्सा दिया है, लेकिन 15 साल से अधिक समय से उनका भरण-पोषण उनके छोटे बेटे ने नहीं किया है। पिता ने अदालत को बताया कि मनोज कुमार गांव में एक दुकान चलाता है, जिससे उसे प्रति माह 50,000 रुपए की कमाई होती है। इसके अलावा कृषि भूमि से उसे प्रति वर्ष 2,00,000 रुपये की अतिरिक्त आय होती है। इस पर परिवार अदालत ने छोटे बेटे को अपने पिता को 3000 रुपए हर महीने देने का आदेश दिया। इसके खिलाफ छोटे बेटे मनोज ने हाइकोर्ट की शरण ली थी।

प्रसाद में मिलेंगे रामरज...

इसमें मंदिर की एक तस्वीर भी होगी। साथ ही उन्हें प्रसाद के रूप में देसी घी से बने विशेष मोतीचूर के लड्डू भी दिये जायेगी। ट्रस्ट की ओर से देश भर से 11,000 से अधिक मेहमानों को आमंत्रित किया गया है। आमंत्रित लोग जो किसी कारणवश प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में यहां नहीं आ सके हैं, वो जब भी यहां आयेंगे तो उन्हें यह उपहार दिया जायेगा। **रामनगरी बनी उत्सव का केंद्र :** राम नगरी अयोध्या इन दोनों उत्सव का केंद्र बनी हुई है। मुख्य कार्यक्रम स्थल राम जन्मभूमि परिसर है, लेकिन अयोध्या की हर गली हर सड़क पर एक अलग ही नजारा देखने को मिल रहा है। ढोल नगाड़े की धुन पर थिरकते हुए राम भक्त अपने आराध्य के आगमन को लेकर बेहद उत्सुक हैं। शनिवार की दोपहर ऐसा ही नजारा अयोध्या के जन्म भूमि पथ पर देखने को मिला, जब गुजरात से आये 500 श्रद्धालुओं का जत्था भगवान श्री राम के अस्त्र धनुष बाण के साथ अयोध्या पहुंचा। अपने आराध्य को धनुष बाण समर्पित किया।

22 जनवरी को हर घर में जलायें श्रीराम ज्योति

प्रधानमंत्री मोदी ने सोनल मां की जन्म शताब्दी पर दी श्रद्धांजलि

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी को श्रीराम जन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह के शुभ अवसर पर समस्त देशवासियों से हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह किया है। प्रधानमंत्री ने शनिवार को सोनल माता के जन्म शताब्दी कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित किया। सोनल मां गुजरात में गढ़वी चारण समाज की एक प्रसिद्ध समाज सुधारक थीं। उन्होंने कहा कि हम सब कल्पना कर सकते हैं कि आज जब अयोध्या में 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम होने जा रहा है, तो सोनल मां कितनी प्रसन्न होंगी। प्रधानमंत्री ने सभी से 22 जनवरी के शुभ अवसर पर श्रीराम ज्योति जलाने का आग्रह करते हुए कहा कि आज इस अवसर पर मैं

कहा-आधुनिक युग के लिए प्रकाशपुंज की तरह थीं सोनल

आप सभी से 22 जनवरी को हर घर में श्रीराम ज्योति प्रज्ज्वलित करने का आग्रह भी करूंगा। प्रधानमंत्री ने देश में मंदिरों के लिए कल शुरू हुए स्वच्छता अभियान का भी जिक्र किया और कहा कि हमें इस दिशा में भी मिलकर काम करना होगा। मुझे विश्वास है कि हमारे ऐसे प्रयासों से श्री सोनल मां की खुशी अनेक गुणा बढ़ जाएगी। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पूरे चारण समाज और सभी व्यवस्थापकों को बधाई दी और कहा कि मढड़ा धाम चारण समाज के लिए श्रद्धा, शक्ति, संस्कार और परंपराओं का केंद्र है। मैं आई के चरणों में सिर झुकाकर प्रणाम करता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि

भगवती स्वरूपा सोनल मां इस बात का जीवंत उदाहरण थीं कि भारत किसी भी युग में अवतारी आत्माओं से खाली नहीं होती है। उन्होंने उल्लेख किया कि पवित्र गिरनार भगवान दत्तात्रेय और अनगिनत संतों का स्थान रहा है। सौराष्ट्र की इस सनातन संत परंपरा में प्रधानमंत्री ने कहा कि 'श्री सोनल माता आधुनिक युग के लिए प्रकाशपुंज की तरह थीं। उनकी आध्यात्मिक ऊर्जा, मानवीय शिक्षाओं और तपस्या ने उनके व्यक्तित्व में एक अद्भुत दिव्य आकर्षण पैदा किया जिसे आज भी जूनागढ़ और मढड़ा के सोनल धाम में महसूस किया जा सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि सोनल मां का पूरा जीवन जन कल्याण, देश और धर्म की सेवा के लिए समर्पित था। उन्होंने भगत बापू, विनोबा भावे, रविशंकर महाराज, कानभाई लहेरी, कल्याण शेठ जैसे महान लोगों के साथ काम किया। मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि वह चारण समाज के विद्वानों के बीच एक विशेष स्थान रखती थीं और उन्होंने कई युवाओं को दिशा देकर उनके जीवन को भी बदल दिया। समाज में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री ने समाज में शिक्षा और नशामुक्ति की दिशा में उनके अद्भुत कार्यों का उल्लेख किया। मोदी ने कहा कि सोनल माता ने समाज को कुरीतियों से बचाने के लिए काम किया और कच्छ के वोवार गांव से एक विशाल प्रतिज्ञा अभियान शुरू किया था जिसमें कड़ी मेहनत करके आत्मनिर्भर बनने और पशुधन की रक्षा पर जोर दिया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सोनल मां आध्यात्मिक और सामाजिक कार्यों के साथ-साथ देश की एकता और अखंडता की भी मजबूत प्रहरी थीं। भारत विभाजन के समय जब जूनागढ़ को तोड़ने की साजिशें चल रही थीं, तब उसके खिलाफ सोनल मां चंडी की तरह उठ खड़ी हुई थीं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आई श्री सोनल मां देश में चारण समाज के योगदान का एक महान प्रतीक हैं।

'नमो नवमतदाता' अभियान हुआ शुरू

एजेंसी

25 जनवरी तक एक करोड़ नए मतदाता बनाने का लक्ष्य : नड्डा

नयी दिल्ली। भाजपा मुख्यालय में शनिवार को नमो नवमतदाता अभियान की हुई शुरूआत। नमो नव मतदाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि 25 जनवरी तक नमो नवमतदाता अभियान के तहत एक करोड़ से अधिक नए मतदाताओं को जोड़ा जाएगा। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर 25 जनवरी को प्रधानमंत्री इन सभी नए मतदाताओं को संबोधित करेंगे। इसके लिए देश भर में 5000 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। नड्डा ने कहा कि आज का युवा भाग्यशाली है कि वे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत के परिवर्तन की इस शानदार यात्रा को देख रहे हैं। विश्व स्तरीय शैक्षणिक सुविधाएं प्रदान करने से लेकर एक मजबूत स्वास्थ्य सेवा प्रणाली तक मोदी के सत्ता में आने के बाद से भारत हर क्षेत्र में अत्यधिक प्रगति कर रहा है।

इडी ने केजरीवाल को भेजा चौथा समन

नयी दिल्ली। शराब घोटाले की जांच कर रहे इडी ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को चौथी बार समन भेजा है। अब तक किसी भी समन में केजरीवाल पेश नहीं हुए हैं। उन्होंने अपनी लीगल टीम से समन का जवाब भेजा था। अब ईडी ने नया समन भेजकर 18 जनवरी को पूछताछ के लिए बुलाया है। मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार, केजरीवाल 18, 19 और 20 जनवरी को गोवा दौरे पर रहेंगे। कहा जा रहा है कि मुख्यमंत्री संभवतः इस बार भी ईडी मुख्यालय नहीं जाएंगे। इससे पहले 11 और 12 जनवरी को केजरीवाल का गोवा दौरा प्रस्तावित था।

पुरुलिया में साधुओं पर हमला

मारपीट करने वाले 12 संदिग्ध गिरफ्तार

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में तीन साधुओं को पीटने के मामले में विवाद बढ़ने के बाद पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस का दावा है कि स्थानीय लोगों ने उन्हें अपहरण करने वाला समझ कर हमला कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर साधुओं को भीड़ से बचा कर नजदीकी पुलिस स्टेशन पहुंचाया। पुरुलिया के पुलिस अधीक्षक अभिजीत बनर्जी ने घटना के संबंध में बताया कि साधुओं से मारपीट करने वाले 12 संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभी मामले की जांच की जा रही है। घटना में शामिल अन्य लोगों की तलाश में छापेमारी भी की जा रही है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को पुरुलिया जिले के रघुनाथपुर सब डिविजनल कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस ने यह भी कहा कि कुछ लड़कियों के साधुओं से डर कर भागने से स्थानीय लोगों को उन पर शक हुआ, जिसके बाद भीड़ ने उन पर हमला कर दिया। बाद में पुलिस ने साधुओं को गंगासागर मेला पहुंचाने के लिए वाहन की व्यवस्था की। सोशल मीडिया पर इस घटना का वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें गुस्साई भीड़ साधुओं के वाहन में भी तोड़फोड़ करती दिख रही है। उल्लेखनीय है कि यह घटना गुरुवार को हुई थी। घटना को लेकर पश्चिम बंगाल भाजपा ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए घटना की आलोचना की है।

भाजपा आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्विटर पर लिखा, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में पालघर जैसी लिंचिंग की घटना हुई है। मकर संक्रांति के लिए गंगासागर जा रहे साधुओं को सत्तारूढ़ टीएमसी से जुड़े.लोगों ने निर्वस्त्र कर पीटा। ममता बनर्जी के शासन में शाहजहां शेख को सरकारी संरक्षण मिलता है और साधुओं की हत्या की जा रही है। पश्चिम बंगाल में हिंदू होना क्राइम बन गया है।

बंगाल में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है : भाजपा

केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की राजनीति का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि ममता सरकार कुछ नहीं कर रही है। तुष्टिकरण की राजनीति पश्चिम बंगाल को कहां ले जा रही है? यह हिंदू विरोधी विचार प्रक्रिया क्यों बनाई जा रही है? ठाकुर ने यह भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के शासन में राज्य में कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गयी है। प्रदेश भाजपा नेतृत्व ने पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस सरकार पर भी निशाना साधा और दावा किया कि साधुओं पर हमले के पीछे रहे लोग सत्तारूढ़ दल से जुड़े थे।

उप-डाकपाल की 3.46 करोड़ की संपत्ति जब्त

कोलकाता। प्रवर्तन निदेशालय (इडी) ने पश्चिम बंगाल में एक सरकारी कर्मचारी की 3.46 करोड़ रुपए मूल्य की चल-अचल संपत्ति कुर्क की है। ईडी के सूत्रों ने शनिवार यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत डाक विभाग के उप-डाकपाल लक्ष्मण हेंब्रम से संबंधित भूमि बैंक शेष के रूप में 3.46 करोड़ रुपये जब्त किये गये हैं। जांच से पता चला कि आरोपी खाताधारकों के जाली हस्ताक्षर करके सावधि जमा खातों को समय से पहले या अंतिम रूप से बंद करने का काम करता था और उन टीडी खातों की समय से पहले राशि या परिपक्वता आय को उसी खाता धारकों के बचत खातों में स्थानांतरित कर देता था। इसके बाद वह धोखाधड़ी से निकासी के माध्यम से खाताधारकों के जाली हस्ताक्षर करके उनके बचत खातों से उक्त राशि निकाल लेता था। ईडी ने आरोपी के आवास पर तलाशी अभियान में धोखाधड़ी में उसकी संलिप्तता से संबंधित आपत्तिजनक दस्तावेज जब्त किये हैं।

राहुल गांधी आज मणिपुर से शुरू करेंगे भारत जोड़ो न्याय यात्रा

इंफाल। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा रविवार 14 जनवरी को मणिपुर की राजधानी इंफाल की बजाय राज्य के थौबल जिले के ऐतिहासिक खोंगजोंग से शुरू होगी। कांग्रेस ने श्री गांधी के नेतृत्व में यहां हप्ता कांगजेइबुंग पैलेस मैदान से यात्रा शुरू करने की अनुमति मांगी थी लेकिन प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था का हवाला देते हुए सीमित लोगों के साथ यात्रा शुरू करने की अनुमति

दी तो कांग्रेस ने इंफाल की बजाय राज्य के थौबल जिले से यात्रा शुरू करने का निर्णय लिया।

शास्त्रीय गायिका प्रभा अत्रे का निधन

पुणे। दिग्गज शास्त्रीय गायिका स्वरयोगिनी प्रभा अत्रे का निधन हो गया है। उन्होंने शनिवार सुबह पुणे स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। वह 90 साल की थीं। शनिवार सुबह प्रभाताई को दिल का दौरा पड़ा। उन्हें तत्काल दीनानाथ मंगेशकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। हालांकि, डॉक्टर ने बताया कि वहां पहुंचने से पहले ही उनका निधन हो गया। कई लोग सोशल मीडिया के जरिए प्रभाताई को श्रद्धांजलि देते नजर आ रहे हैं। संगीत के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

SARASWATI SHISHU VIDYA MANDIR
DHURWA, RANCHI-4, Ph. (0651) 2445071, 7903061070
(CBSE Affiliated, Sr. Secondary Co-Ed. School)
E-mail : ssvmdhurwa14@gmail.com, Website : ssvmdhurwaranchi.in

VACANCIES

Post	Subjects	Post	Subjects
PGT	Hindi, Economics, Accountancy	NTT	
TGT	Maths,	Others	Counselor
PRT	Science		

1.Educational Qualifications as per CBSE norms. 2.Application Forms available at school office on all working days from 9.00 am to 12.30 pm at the cost of Rs 500/-. Application form available at our School website. Fee may be paid in form of DD in favour of Saraswati Shishu Vidya Mandir payable at Ranchi 3.Apply on or before 03.02.2024. 4. Reporting time and Written Exam on 11.02.2024 (9.30 AM)

Admission open for Class Pre-Nursery to Class 8th

Principal

OXFORD
PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO CBSE DELHI | AFFILIATION NO: 3430121
OLD H.B. ROAD, PRAGATI PATH, RANCHI- 834011
CONTACT NO: 74850967331/33

ADMISSION NOTICE: SESSION 2024-25
CLASSES PRE-NURSERY - IX

Admission forms for Classes Pre-Nursery to IX are available at the School Office Counter on all working days between 9:00 AM - 2:00 PM and can also be downloaded from our website. Parents must carry a copy of Aadhar and/or a proof of Date of Birth of their ward to procure the admission form.

FOR MORE DETAILS, VISIT : OXFORDPUBLICSCHOOL.NET.IN

एक नजर में

डब्ल्यूएचओ ने कोविड को लेकर दी चेतावनी

जिनेवा। स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक वरिष्ठ विशेषज्ञ ने कहा है कि कोविड-19 वायरस सभी देशों में फैल रहा है, जो चिंता का विषय है। कोविड-19 से रोकथाम के लिए डब्ल्यूएचओ की अंतरिम निदेशक मारिया वैन केरखोव ने जेनेवा में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कोविड -19 का वास्तविक प्रसार रिपोर्ट किए गए मामलों की संख्या से दो से 19 गुना अधिक है। उन्होंने कई अंगों को प्रभावित करने वाली कोविड बाद की स्थितियों पर चिंता व्यक्त जतायी है। उन्होंने कहा कि कोविड संक्रमण से पहले से अब मृतकों की संख्या में भारी कमी आई है, फिर भी 50 देशों से प्रति माह लगभग 10 हजार मौतें होती हैं। उन्होंने कोविड-19 जेएन1 संस्करण को लेकर चिंता व्यक्त की है। सुश्री केरखोव ने कहा कि जेएन-1 संस्करण का अभी तक इसका कोई इलाज उपलब्ध नहीं है क्योंकि यह अभी भी नया हैतथा इस क्षेत्र पर अपर्याप्त ध्यान दिया गया है और पर्याप्त फंडिंग नहीं की गई है।

कोलंबिया में भूस्खलन से 18 मरे, 35 घायल

बोगोटा । पश्चिमी कोलंबिया के चोको प्रांत में भूस्खलन के कारण कम से कम 18 लोगों की मौत हो गयी और 35 अन्य घायल हो गये। अल टिएम्पो समाचारपत्र ने स्थानीय आपातकालीन सेवा के हवाले से शनिवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। क्विब्दो और मेडेलिन शहरों के बीच सड़क पर कई भूस्खलन हुए। सड़क के पास एक घर भूस्खलन की चपेट में आ गया , जिससे वहां मौजूद 50 लोग मलबे में फंस गये। हादसे में दुर्घटना में घायल लोगों को एल कारमेन डी अट्राटो नगर पालिका अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

नेपाल में नदी में गिरी बस, 12 की मौत

काठमांडू। पश्चिमी नेपाल के डांग जिले में शुक्रवार की रात एक बस के पुल से नदी में गिर जाने से 12 लोगों की मौत हो गई। मुख्य जिला अधिकारी रामबंधु सुबेदी ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दुर्घटना कल रात करीब 22:30 बजे उस समय हुई जब काठमांडू आ रही बस रापती नदी पर बने पुल की रेलिंग से टकराकर नदी में गिर गयी। हादसे में 12 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 22 अन्य घायल हुए हैं। उन्होंने बताया कि बचावकर्मियों को बस को नदी से बाहर निकालने में लगभग चार घंटे लग गये। घायलों को अस्पतालों में भर्ती कराया गया है।

चीन के कोयला खदान में विस्फोट, आठ की मौत

बीजिंग। चीन में हेनान प्रांत के पिंगडिंगशान की एक कोयला खदान में शुक्रवार अपराह्न करीब तीन बजे हुए विस्फोट में आठ लोगों की मौत हो गई। इस दौरान आठ अन्य व्यक्ति लापता हो गए। स्थानीय समाचार पत्र चाइना डेली की रिपोर्ट के अनुसार स्थानीय अधिकारियों ने हादसे की पुष्टि की है। चाइना डेली की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के वक्त कोयला खदान में 425 लोग मौजूद थे। इनमें से आठ की मौत हो गई और आठ लापता हो गए। बाकी सभी लोग सुरक्षित हैं। यह विस्फोट तियानान कोल माइनिंग कंपनी लिमिटेड की कोयला खदान में हुआ है। खदान के कुछ कर्मचारियों को सार्वजनिक सुरक्षा अधिकारियों ने हिरासत में लिया है।

RDBA RANCHI ELECTION FOR THE SESSION -2024-26
Please cast your valuable
VOTE
for the post of
GENRAL SECRETARY
In favour of
ANIL KUMAR KANTH

Sl. No. 1

Chamber :- NEW BAR BHAWAN
Chamber No. S13 Third floor,
Civil Court, Ranchi, Jharkhand
Phone No. 9852219763,9304401200

वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची
VERMA PRESS

Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
Hindi	₹ 140	Hindi	₹ 140
English	₹ 140	English	₹ 140
Mathematics	₹ 140	Mathematics	₹ 140
Science	₹ 140	Science	₹ 140
Social Science	₹ 140	Social Science	₹ 140
Sanskrit	₹ 120	Sanskrit	₹ 120
Hindi - B	₹ 140	Hindi - B	₹ 80
Hindi Vyakaran- II	₹ 120	Hindi Vyakaran- II	₹ 120
English Grammar - II	₹ 120	English Grammar - II	₹ 120
Sanskrit Vyakaran-II	₹ 100	Sanskrit Vyakaran-II	₹ 100
Hindi Practical	₹ 55	Hindi Practical	₹ 55
English Practical	₹ 55	English Practical	₹ 55
Maths. Practical	₹ 65	Maths. Practical	₹ 55
Science Practical	₹ 65	Science Practical	₹ 70
S. Science Practical	₹ 65	S. Science Practical	₹ 65
Sanskrit Practical	₹ 55	Sanskrit Practical	₹ 55
Maths. Practical (Combined)	₹ 90	Maths. Practical (Combined)	₹ 75
Science Practical (Combined)	₹ 90	Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
Mathematics	₹ 200	Mathematics	₹ 130
Science	₹ 200	Science	₹ 200
Social Science	₹ 200	Social Science	₹ 130
Maths. Practical	₹ 80	Maths. Practical	₹ 80
Science Practical	₹ 80	Science Practical	₹ 80
S. Science Practical	₹ 80	S. Science Practical	₹ 80

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

हम आगे बढ़ रहे हैं
और कैंसर को मात दे रहे हैं।

पेश है
झारखंड का सबसे उन्नत एलेक्टा वर्सा एचडी रेडियोथेरेपी प्लेटफॉर्म

HCG – अब्दुर रज्जाक अंसारी कैंसर अस्पताल, रांची जो हमेशा से अपने उच्च कुशल विशेषज्ञों और उन्नत तकनीक के साथ कैंसर का इलाज़ करने में सबसे आगे रहा है। सबसे बेहतर तकनीक एलेक्टा वर्सा एचडी रेडिएशन थेरेपी का उपयोग करके हम पहले से भी बेहतर, कारगर, जल्दी और कुशलतापूर्वक इलाज़ कर रहे हैं।

सेवाएं
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी | मेडिकल ऑन्कोलॉजी | सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
हेमेटो ऑन्कोलॉजी | बाल चिकित्सा ऑन्कोलॉजी | पेट-सीटी

HCG-ABDUR RAZZAQUE ANSARI CANCER HOSPITAL, NH-33, IRBA, RANCHI
06358888823 | www.hcgoncology.com

मकर संक्रांति के आस-पास झारखंड और बंगाल के विभिन्न क्षेत्रों में टुसू पर्व मनाया जाता है। टुसू पर्व झारखंडी संस्कृति की धरोहर है। यह पर्व झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, मिदनापुर व बांकुड़ा जिलों के साथ-साथ ओड़िसा के क्योंझर, मयूरभंज, बारीपदा जिलों में भी मनाया जाता है। टुसू को लेकर गांव-कस्बों में उत्सव का माहौल है। अगहन संक्रांति के दिन गांव की कुंवारी कन्याएं टुसू की मूर्ति बनाती हैं। इसी मूर्ति के चारों ओर सजावट करती हैं और फिर धूप, दीप के साथ टुसू की पूजा करती हैं।टुसू पर्व को नारी सम्मान के रूप में भी मनाया जाता है। लगभग एक माह तक चलने वाले इस पर्व के दौरान कुंवारी कन्याओं की भूमिका सबसे अधिक होती है। कुंवारी कन्याएं टुसू की मूर्ति बनाती हैं और उसकी सेवा-भावना, प्रेम-भावना, शालीनता के साथ पूजा करती हैं। पूजा के दौरान लड़कियां विभिन्न प्रकार के टुसू गीत भी गाती हैं। इसमें कुंवारी लड़कियों की मां, चाची, फुआ, मौसी आदि सहयोग करती हैं। मकर संक्रांति के दिन कोल्हान के विभिन्न क्षेत्रों में टुसू पर्व मनाया जाता है. टुसू पर्व झारखंडी संस्कृति की धरोहर है. यह पर्व झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल के पुरुलिया, मिदनापुर व बांकुड़ा जिलों के साथ-साथ ओडिसा के क्योंझर, मयूरभंज, बारीपदा जिलों में भी मनाया जाता है। टुसू को लेकर गांव-कस्बों में उत्सव का माहौल है। गांवों में मकर संक्रांति से एक माह पहले अग्रहन संक्रांति से ही टुसू पर्व की तैयारियां शुरू हो जाती हैं। करीब एक माह पहले पौष माह से ही टुसू मनी की मिट्टी की मूर्ति बनाकर उसकी पूजा शुरू हो जाती है। इस दौरान टुसू और चौड़ल (एक पारंपरिक मंडप) सजाने का काम भी होता है। इसे सिर्फ कुंवारी लड़कियां ही सजाती हैं।

हामदेर टुसु एकला चोले,बिन बातासे गाछे डोले

प्रो कोरनेलियुस मिंज

यह त्यौहार झारखंड के दक्षिण पूर्व रांची,खूंटी, सरायकेला-खरसावां,पूर्वी सिंहभूम,पश्चिम सिंहभूम, रामगढ, बोकारो, धनबाद जिलों ,तथा पंचपरना क्षेत्र की प्रमुख पर्व है,टुसू पर्व पंचपरगना की सबसे महत्वपूर्ण त्यौहार है जिसकी शुरुआत 15 दिसंबर यानी अघन संक्रांति से शुरू होती है।अघन संक्रांति को कुंवारी कन्याओं द्वारा टुसु(चौड़ल) की स्थापना (थापने) की जाती है टुसू को लक्ष्मी/सरस्वती के प्रतीक के रूप में एक कन्या है जिसकी कुंवारी कन्या पूरे एक महीना सेवा (पूजा प्रार्थना) करती है जिसके अवसर पर निम्न प्रकार से प्रार्थना एवं आराधना की जाती है-

1.आमरा जे मां टुसु थापी,अघन सक्राइते गो।
अबला बाछुरेर गबर,लबन चाउरेर गुड़ी गो।।
तेल दिलाम सलिता दिलाम,दिलाम सरगेर बाती गो। सकल देवता संइया लेव मां,लखी सरस्वती गो।।
गाइ आइल' बाछुर आइल',आइल' भगवती गो। संइया लिएं बाहिराइ टुसु, घरेर कुल' बाती गो।।
2.आगहनअ सांकराईते टुसु,हाँसे हाँसे आबे गो। पूसअ साँकराईते टुसु,काँदे काँदे जाबेगो ।।

इस तरह शाम को सूर्यास्त के बाद प्रतिदिन थापना जगह बैठकर पौष सक्रान्ति तक टुसु आराधना गीत कुंवारी कन्याओं के समूहों द्वारा टुसू गीत गाया जाता है। उसके बाद मकर संक्रांति के एक सप्ताह पहले टुसू के प्रतीक रुप में चौड़ल को बांस,चमकीले कागज,कपड़े आदि के सहयोग से नींव आयताकार या वर्गाकार और ऊपर नुकिला यानी मंदिर के आकार का बनाया जाता है। उसके बाद मकर संक्रांति तक प्रति दिन शाम 7 बजे से लेकर 10 बजे रात्रि तक चौड़ल को पूरे गांव में गांजे बाजे के साथ घुमाया जाता है जिस अवसर निम्न प्रकार के गीत गाये जाते हैं :--

1.उपोरे पाटा तअले पाटा,ताई बसेछे दारअगा ।
छाड़ दारअगा रास्ता छाड़अ,टुसु जाछे कईलकाता।।
2.एक सड़अपे दूई सड़अपे,तीन सड़अपे लक चोले।
हामदेर टुसु एकला चोले,बिन बातासे गा डोले।।

इस प्रकार टुसू घुमाने के दिन से यह टुसू में नाचने गाने का शुरुआत होता है जो बसंत पंचमी तक चलता है मकर संक्रांति एवं पौस संक्रांति पर लगने टुसु मेलालों में गाजा बाजा के साथ आस पास के गांवों के लोग समूहों में टुसु गीत गाते नाचते हुए मेला में आते हैं मेलाओं में टुसू को घुमाया जाता है। कुछ मेला को छोड़कर प्राय? सभी मेला मकर संक्रांति के बाद अलग-अलग तिथि को लगता है।

इस प्रकार अघन संक्रांति से पौस/मकर संक्रान्ति (14 जनवरी) तक टुसू कन्या की सेवा की जाती है। 15/16 जनवरी को टुसू कन्या की प्रतीक रूप में चौड़ल बनाकर नदी में पारंपरिक गाजे बाजे के साथ टुसू गीत गाते हुए, नाचते डेगते विसर्जित की जाती है।

घर से नदी तक रास्ते पर जुलूस के रूप में अलग अलग टोली टुसू धून में नदी तक नाचते डेगते जातें है जिसको देखने के लोग नदी के ऊपरी स्थल(मैदान) में रास्ते के दोनों छोर पर खड़े होकर नृत्य मंडली को देखते हैं नृत्य मंडली अलग अलग गांवों से आती है जिसमें टूसू कन्या के प्रतीक रूप में चौड़ल एवं पारंपरिक वाद्य-ढोल,नगाड़ा,शहनाई, बांसुरी,मांदर आदि अनेक वाद्ययंत्रों के टुसू धून में स्त्री पुरुष नाचते डेगते आते हैं। ऐसे तो यह नाच डेग पूरे रास्ते भर चलती है पर नदी के तट पर लगने वाली मेले में टुसू नृत्य अपने चरम स्थीति पर होती है। जिसको देख देखने के लिए लोगों भीड़ उमड़ पड़ती है यह दृशय को देखकर मन,मस्तिष्क और खुशियों से मचल उठता है दृशय देखकर दर्शक भी झूमने लगता है। ऐसा अदभुत दृशय मकर संक्रांति के दूसरे दिन लगने वाले प्रमुख मेलों में देखने को मिलती है।

इस अवसर पर बंगाल - झारखंड की सीमा स्थीत स्वर्णरेखा नदी तट पर लगने वाला सतीकहाट मेला बहुत प्रसिद्ध है यह प्राचील मेला आदि युग से लगती आ रही है। इस मेले के थोड़े ऊपर स्वर्णरेखा,कांची,राढू तीनों नदीयों का संगम होता है इस लिहाज से यह स्थान बहुत परित्र होता है। आस पास के लोगों में गया गंगा के रुप में इस स्थान को मान्यता है। मेरा देखने वालें सभी श्रद्वालु नदी में उतर कर सबरनी माता की प्रार्थना करते हैं। नदी में हाथ धोकर बैठकर गुड़पीठा मुड़ी खाने का रिवाज है,कुछ श्रद्वालु नहा-धोकर सबरनीमाता का प्रार्थना भी करते हैं।

इस प्रकार पूरे पौस मास तक टूसू मेला का आयोजन पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इस तरह के मेलों का आयोजन किसी अन्य पर्व - त्यौहारों में कभी नहीं होती। भारत की प्रसिद्ध कुंभ मेला के अलावे टूसू पर्व ही एक ऐसा पर्व है जो पूरे दो महीने तक लगातार अलग-अलग जगहों पर विशेष कर नदी के किनारों,टुंगरी,पहाड़ो,धार्मिक स्थलों पर विशेष रुप से टूसू पर्व का आयोजन होता है इससे प्रतीत होता है कि टुसू मेला का कितना महत्व है। आज यह पर्व संपूर्ण पंचपरगना ही नही समूचा झारखंड का प्रमुख त्यौहार है जिसको मानने वाले झारखंडी के सभी जातियों विशेषकर-कुर्मी,महतो,साहु, बनिया,

तेली,गोवार, कुम्हार,अहिर,मुंडा,संस्थाल,उरांव,हो,कोइरी,गोसाईं, सूढी,मानकि,मांझी आदि अनेक जातियों के समुदायों सभी आपस में मिल जुलकर पुरे हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।यह पर्व झारखंड की संस्कृति के पोषक स्वरूप है जिसमें पुस गीत,नृत्य,वाद्य यंत्रों की मधुर संगीत है। इसमें एक विशेष प्रकार की रस्म है,एक विशेष प्रकार की मान्यता है। इसमें ही नये वस्त्र पहने का विशेष महत्व है। परिवार के सभी लोगों के लिए नये कपड़े लेने का रिवाज है। इस प्रकार यह पर्व धार्मिक विश्वास,पारंपरिक मान्यता,नये वर्ष के आगमन,अच्छे फसल की प्राप्ति और खुशहाली के प्रतीक के रूप में मनाया जाता है। (लेखक गोस्नर कॉलेज रांची के व्याख्याता हैं।)

मकर संक्रांति के दिन सतीकहाट पर पंचपरगना,बंगाल,झारखंड के लाखों श्रद्धालु स्नान करने आते हैं। यह मेला दो दिन तक रहती है मकर संक्रांति को प्रारंभ होकर दूसरे दिन करोड़ों श्रद्धालु टूसूकन्या को विसर्जित करने आते जिस अवसर पर नदी के दोनों किनारों बहुत बड़े भूभाग में मेला का आयोजन होता है शाम को टुसू विर्सजन के साथ सतीकहाट मेला खत्म हो जाती है इस प्रकार सतीकहाट टुसू मेला के साथ पंचपरगना के अन्य क्षेत्रों,नदी तटों पर अलग-अलग दिन अलग-अलग मेलों का लगना प्रारंभ हो जाता है जो बसंत पंचमी तक यानी सरस्वती पुजा तक चलता है। अर्थात पूरे पौस महिना टूसू मेला का आयोजन होता है।

जिनमें प्रमुख मेला - 1.हाराडी बुडाढ्ढी टूसू मेला-सतीक हाट मेला के दिन। 2.हरिहर टुसू मेला-सतीक हाट मेला के दूसरे दिन। 3.हुडरू टुसू मेला-सतीक हाट मेला के दिन। 4.राजरप्पा टुसु मेला -सतीक हाट मेला के दिन। 5.हाथिया पत्थर मेला, फूसरो- 4 जनवी। 6.छाता पोखईर मेला। 7.माठा मेला। 8.जयदा मेला। 9.पड़सा मेला। 10.हिड़कि मेला। 11.बुटगोड़ा मेला। 12.सालघाट मेला। 14.बूढहा बाबा जारगोडीह मेला। 15.राम मेला। 16.भूवन मेला (कुईडीह) 17.कारकिडीह मेला। 18.पुरनापानी मेला (हाड़ात) 19.सीता पाईस्ज मेला। 20.पानला मेला। 21.सुभाष मेला।(सुईसा)। 22.बूढहाडीह मेला। 23.बानसिह मेला। 24.सिरगिटी मेला। 25.बेनियातुंगरी मेला। 26.कुलकुली मेला। 27.जोबला मेला। 28.इंचाडीह मेला। 29.दिवड़ी मेला। 30.सूर्य मन्दिर मेला 31.नामकोम टुसू मेला,रांची। 32.मोरावादी टुसू मेला- 3 जनवरी। 34.लादुपडीह टुसू मेला । 35.डिरसीर-मुरूरडीह मेला। 37.बांकू टूसू मेला। 38.टायमारा टुसु मेला। 39.आड़िया नदी टुसू मेला। 40.घुरती सतीक हाट मेला।

टुसू पर्व बलिदान और त्याग का पर्व

सूर्य के उत्तरायण यानी सूर्य का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश शुभ माना जाता है। इसी दौरान दिन बड़े होने लगते हैं और प्रमुख पर्व के रुप में मकर संक्रांति का त्यौहार मनाया जाता है। मकर संक्रांति का पर्व पूरे देश में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है। इसी क्रम में झारखंड में मकर संक्रांति को टुसू पर्व या मकर पर्व के नाम से मनाया जाता है। खेतों में तैयार हुई नई फसल के स्वागत में जब भारतवर्ष के अधिकांश लोग मकर सक्रांति का त्यौहार मनाते है तब जंगलों और पहाड़ों के राज्य झारखण्ड के ग्रामीण, आदिवासी अपनी बेटी टुसू मनी के बलिदान की याद में राज्य का पारंपरिक त्यौहार टुसू मनाते हैं। यह मुख्य रूप से झारखंड का त्यौहार है, लेकिन उड़ीसा और बंगाल में भी इसकी धूम होती है।

दीनी टुसू मनी की कहानी

झारखंड में प्रचलित लोक कथा के मुताबिक टुसू मनी का जन्म पूर्वी भारत के एक कुर्मी किसान परिवार में हुआ था। झारखंड की सीमा के नजदीक उड़ीसा के मयूरभंज की रहने वाली दीनी टुसू मनी की खूबसूरती के चर्चे हर तरफ थे। 18वीं सदी में बंगाल के नवाब सिराजुद्दौला के कुछ सैनिक भी उसकी खूबसूरती के दीवाने थे। एक दिन उन्होंने गलत नियत से टुसू मनी का अपहरण कर लिया। जैसे ही यह खबर नवाब सिराजुद्दौला को मिली, तो उन्होंने इस घटना के प्रति अपनी नाराजगी जाहिर की और सैनिकों को सजा देने के साथ ही टुसू मनी को सम्मान के साथ वापस घर भेज दिया। घर वापस जाने पर तात्कालीन रूढीवादी समाज ने टुसू मनी की पवित्रता पर प्रश्नचिन्ह लगाकर उसे स्वीकारने से मना कर दिया। इस घटना से दुखी टुसू मनी ने स्थानीय दामोदर नदी में जान देकर अपनी पवित्रता का प्रमाण दिया। जिस दिन टुसू मनी ने अपनी जान

दी, उस दिन मकर संक्राति थी। इस घटना ने पूरे कुर्मी समाज खासकर महिलाओं और लड़कियों को उद्वेलित कर दिया। तभी से कुर्मी समाज अपनी बेटी के बलिदान की याद में टुसू पर्व मनाता आ रहा है। आज झारखंड के आदिवासियों के साथ ही अन्य जनजाति के अलावा क्षेत्र के अन्य लोग भी मना रहे हैं।

ऐसे मनाते हैं टुसू पर्व

झारखंड खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में मकर संक्रांति से करीब एक माह पहले पौष माह से ही टुसू मनी की मिट्टी की मूर्ति बना कर उसकी पूजा शुरू हो जाती है। मकर संक्रांति के दिन इस पर्व का समापन मूर्ति को स्थानीय नदी में प्रवाहित कर किया जाता है। इस दौरान टुसू और चौड़ल (एक पारंपरिक मंडप) सजाने का काम भी होता है। इस काम को केवल कुंवारी लड़कियां ही करती हैं। विसर्जन के लिए नदी पर ले जाने के दौरान स्थानीय लोग टुसू के पारंपरिक गीत गाते और नाचते हुए चलते हैं।

बनता है खास व्यंजन

इस मौके पर स्थानीय लोग अपने घरों में गुड़, पीठा और चावल आदि बनाया जाता है। व्यंजन में नारियल का भी प्रयोग होता है। टुसू पर्व के दौरान जगह-जगह पर मुर्गा लड़ाई की प्रतियोगिता भी होती है। कई स्थानों पर टुसू मेला का आयोजन भी किया जाता है।

देश में अलग-अलग नाम से मनायी जाती है मकर संक्रांति

यह पर्व भारत के साथ ही नेपाल व अन्य क्षेत्रों में विभिन्न नाम और परंपरा के साथ मनाया जाता है।

मकर संक्रांति : छत्तीसगढ, गोआ, ओड़ीसा, हरियाणा, बिहार, झारखंड, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, राजस्थान, सिक्किम, उत्तर प्रदेश, उत्तराखण्ड, बिहार, पश्चिम बंगाल, और जम्मू

टुसू पर्व : झारखंड, बंगाल, ओड़सिा
ताइ पोंगल, उझवर तिरुनल : तमिलनाडु
उत्तरायण : गुजरात, उत्तराखंड
माघी : हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब
भोगाली बिहु : असम
शिशुर सेंक्रात : कश्मीर घाटी
खिचड़ी : उत्तर प्रदेश और पश्चिमी बिहार
पौष संक्रांति : पश्चिम बंगाल
मकर संक्रमण : कर्नाटक
नेपाल : माघे संक्रांति या 'माघी संक्रांति'
'खिचड़ी संक्रांति'

फसल कटने की खुशी में मनाते हैं टुसू

टुसू पर्व झारखंड के कुड़मी और आदिवासियों का सबसे महत्वपूर्ण पर्व है। यह जाड़ों में फसल कटने के बाद पौष के महीने में मनाया जाता है। टूसू का शाब्दिक अर्थ कुँवारी है। इस पर्व के इतिहास का कुछ खास लिखित स्त्रोत नहीं है लेकिन इस पर्व में बहुत से कर्मकांड होते हैं और यह अत्यंत ही रंगीन और जीवन से परिपूर्ण त्यौहार है।[मकर संक्राति] के अवसर पर मनाये जाने वाले इस त्यौहार के दिन पूरे [कूड़मी,आदिवासी] समुदाय द्वारा अपने नाच-गानों एवं मकरसंक्रांति पर सुबह नदी में स्नान कर उगते सूरज की अर्ग/प्रार्थना करके टुसू(लक्ष्मी/सरस्वती) की पूजा की जाती है तथा नववर्ष की समृद्धि और खुशहाली की कामना की जाती है इस प्रकार यह आस्था का पर्व श्रद्धा,भक्ति और आनंद से परिपूर्ण कर देती हैं।

यह परब मुख्यत? तीन नामों से जाना जाता है।:- 1. टुसु परब 2. मकर परब 3. पूस परब ।

उपरोक्त तीन नामों के अलावा बांउड़ी एवं आखाईन जातरा का एक विशेष महत्त्व है। बांऊड़ी के दूसरा दिन या मकर सक्रान्ति के दूसरे दिन ₹आखाईन जातरा₹ मनाया जाता है। कृषि कार्य समापन के साथ साथ कृषि कार्य प्रारंभ का भी आगाज किया जाता है। कहने का तात्पर्य यह है कि बांउड़ी तक प्रायः खलिहान का कार्य समाप्त कर आखाईन जातरा के दिन कृषि कार्य का प्रारंभ मकर संक्रांति के दिन होता है नये वर्ष में अच्छे राशि गुण (पांजी अनुसार) वाले घर के सदस्य के द्वारा सुबह नहा धोकर नये कपड़े पहनकर उगते सूर्य की पहली किरण पर हारघुरा (जोतना) यानी (बोहनी)हाईल पून्हा नेग संपन्न करता है खेत में हार तीन या पांच या सात बार घुमाकर बैलों को हार जुआईट के साथ घर लाकर आंगन में दोनों बैलों के पैरों को धोकर उनके पैरों पर तेल मखाया जाता है उसके बाद हार जोतने गये कृषक गोबरडिग(बहूत सारा गोबर रखने की जगह) में गोबर काटकर कृषि काम की शुरूआत करता है। कृषक के घर घुसने के पहले उसके पैर को धोकर तेल लगाया जाता है उसके उपरांत घर के सभी पुरुष सदस्यों का पैर धोकर तेल लगाया जाता है। यह काम घर की मां या बड़ी बहु करती है। इस प्रकार यह दिन कुड़मी एवं आदिवासी जनजातीय समुदायों, किसानों के लिए विशेष महत्व रखता है। आखाईन जातरा के दिन हर तरह के काम के लिए शुभ माना जाता है।

बड़े बुजुर्ग के कथानुसार इस दिन नया घर बनाने के लिए बुनियादी खोदना या शुरू करना अति उत्तम दिन माना जाता है। इसमें कोई पांजी पोथी का जरूरत नहीं पड़ती है इस दिन को नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। इस टुसू पर्व में किसी किसी गाँव में मकर सक्रान्ति के दिन फअदिखेल एवं आखाईन जातरा के दिन भेजा बिन्धाका भी नेगाचरि(रिवाज)है।

इस टुसू परब में पीठा का भी एक महत्वपूर्ण स्थान माना जाता है। आखाईन जातरा के बाद से ही फाल्गुन महीना तक सगे समबन्धि,रिश्तेदारों के घरगुड़ पीठापहुँचाया जाता है। गुड़ पीठा पहुँचाने की इस नेग (रिवाज,प्रथा)को कुटुमारी कहा जाता है। सगे समबन्धि,रिश्तेदार को कुटुम्ब कहा जाता है।गुड़ पीठा प्राय? तीन तरह का छाँका जाता है।: 1.थापा पीठा(आबगा गुड़ पीठा) 2.गरहोवआ पीठा (जल दिया पीठा/गुला पीठा) 3.मसला पीठा ।